य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 20 | अंक 09 | पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 | **नई दिल्ली, गुरुवार, 01 अगस्त, 2024** | श्रावण कृष्ण पक्ष द्वादशी, संवत् 2081

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# www.राजस्थान पत्रिका.com

## वर्ल्ड वाइड वेब (www) दिवस आज

दुनियाभर की महत्वपूर्ण जानकारी हमारे छोटे से स्मार्टफोन तक समेट देने वाला **डब्लूडब्लूडब्लू यानी वर्ल्ड वाइड वेब आज 35 वर्ष का** हो गया।

1 अगस्त, 1989 को कंप्यूटर **वैज्ञानिक टिम बर्नर्स ली ने डब्लूडब्लूडब्लू की शुरुआत की**। इसके बाद इंटरनेट की दुनिया ही बदल गई।

**क्या है www**

इंटरनेट पर ब्राउजर से आप जो भी डाटा एक्सेस करते हैं वह सभी वर्ल्ड वाइड वेब के अंदर आता है। कंप्यूटर की भाषा में कहें तो वर्ल्ड वाइड वेब ऑनलाइन कंटेंट या इंटरनेट कंटेंट का हाइपर टेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज (HTML) नेटवर्क है, जिसे हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल (HTTP) के जरिए एक्सेस किया जाता है।

इंटरनेट की शुरुआत 1969 में हुई। वहीं ***वर्ल्ड वाइड वेब का आविष्कार ली ने 1989 में*** किया।

**कैसे जरूरत महसूस हुई**

एक प्रोजेक्ट पर काम करने वक्त ली को अलग-अलग कंप्यूटर पर डेटा स्टोर करने में परेशानी होती थी। तब उन्होंने सोचा क्यों न सभी सिस्टम को आपस में कनेक्ट कर दिया जाए।

**सरल शब्दों में...**

**www** एक ऐसा विशाल डिजिटल पुस्तकालय है जहां आप दुनिया की किसी भी जानकारी को खोज सकते हैं और एक जगह से दूसरी जगह आसानी से ले जा सकते हैं।

## दुनिया की व्यथा

**गुलाब कोठारी**

फ्रांस में ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से एक दिन पहले आतंककारियों ने रेल को निशाना बनाया। पेरिस चाक-चौबंद व्यवस्था में छावनी बना हुआ है। फिर भी सुरक्षित कहां हुआ! हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की ईरान की राजधानी तेहरान में हत्या हो गई। कहा जा रहा है कि इजरायल ने हमास से बदला लिया है। समझा जा सकता है कि अलग-अलग स्थानों-देशों में आतंकवाद के नाम-रूप भिन्न हैं। क्या हमास-हिजबुल्ला-हूती आतंकवादी संगठन नहीं हैं? तीनों को ही ईरान का प्रश्रय प्राप्त है, यह भी जगजाहिर है। सबकी हथियार-प्रशिक्षण व्यवस्था भी ईरान करता है। तीनों संगठनों ने प्रमाणित भी कर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। युद्ध में पुरुषों के मारे जाने पर उनके परिवार (स्त्रियों एवं बच्चों) पर किसी को रहम नहीं आता। अफगानिस्तान का तालिबानी संगठन किस प्रकार अपने ही देशवासियों के साथ बन्दूक की नोंक पर बात करता है। पाकिस्तान में तो ऐसे कई संगठन काम कर रहे हैं।

दूसरी ओर यूरोप पर दृष्टिपात करें। जिन लोगों पर दया कर कभी शरण दी थी, जीने का अवसर दिया था, वे ही विद्रोही बनकर आतंक फैला रहे हैं। सत्ता हथियाने की मुहिम कई देशों में चरम तक पहुंचने लगी हैं। सोशल मीडिया आग में घी डाल रहा है। मध्य-पूर्व का काला सोना (तेल) अपनी हुकूमत फैलाने को उतावला हो रहा है। इजराइल जैसे छोटे देश को केन्द्र में रखकर आज कितने देश इस युद्ध में भाग ले रहे हैं।

मध्य-पूर्व का धन ही एशिया में भी आतंक को उकसा रहा है। एक ओर जिहादी भेजे जा रहे हैं, दूसरी ओर धन और हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जानवर और आदमी के मरने में उनको कोई अंतर नजर नहीं आता। गाजापट्टी से बड़ा उदाहरण क्या होगा! वहां सब हाथियों की लड़ाई है। लोग कहते हैं कि अब यह ईसाई-इस्लाम का युद्ध है। होगा। शेष विश्व के लिए तो आतंकवाद ही है। आज उधर से निकलने वाले प्रत्येक मालवाहक जहाज पर आक्रमण कर उसे जलमग्न किया जा रहा है। चाहे वह किसी भी देश का हो। यह तो वहशीपन है। पिछले साल अक्टूबर से चल रहा यह युद्ध आज अनियंत्रित हो गया है।

तब भारत जैसे अहिंसा प्रधान देश की क्या बिसात है? पेरिस में हमला हो या फिर हमास प्रमुख के मारे जाने की घटना-चारों ओर आतंक बरस रहा है। बरसों से बरस रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव चाहे मित्र हों या शत्रु आतंक में सहायक तो हैं ही । नेपाल के रास्ते -बर्मा के रास्ते भी खुले हैं। आज भारत में कितने लोग अवैध तरीके से आए, कितने अवैध हथियार, कितना अवैध धन और मादक पदार्थ नियमित आ रहा है, कौन नहीं जानता।

भविष्य का प्रश्न@पेज10

gulabkothari@epatrika.com

**आपदा:** वायनाड में मृतकों की संख्या 200 पार, 250 से ज्यादा अब भी लापता

# केदारनाथ से केरल तक बादलों का क्रोध

## दिल्ली में भारी बारिश से 10 उड़ानें डॉयवर्ट, कई इमारतें गिरी

### अरब सागर पर छाए बादलों से केरल पर फिर खतरा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** उत्तराखंड के केदारनाथ से केरल के वायनाड तक बादलों ने बुधवार को अपना रौद्र रूप दिखाया। केदारनाथ में बादल फटने के बाद मंदाकिनी का जलस्तर अचानक बढ़ने से तीर्थयात्रियों में खलबली मच गई। गौरीकुंड में करण मंदिर खाली करवा लिया गया। चार धाम की यात्रा रोक दी गई है। इधर, राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में 'बादल फटने' जैसी बारिश होने के बाद रेड अलर्ट जारी किया गया। दस से ज्यादा उड़ानें डॉयवर्ट की गई। देर रात तक सड़कों पर वाहन फंसे रहे।

भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) की इस चेतावनी ने चिंता और बढ़ा दी है कि अरब सागर के ऊपर जमा बादलों के समूह के कारण अगले दो दिन केरल के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ तूफानी हवाएं चलने की आशंका है। इनमें वायनाड जिला शामिल है, जहां बुधवार को भी बारिश के बीच राहत कार्य जारी रहे। वायनाड में भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 200 के पार चली गई। 250 से ज्यादा लापता है। देश के कई अन्य इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।



केदारनाथ में मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद भीमबली में श्रद्धालुओं के बीच मची अफरा-तफरी।

**आपदा** चारधाम यात्रा मार्ग क्षतिग्रस्त, एसडीआरएफ को भेजा

### मंदाकिनी खतरे से ऊपर, गौरीकुंड खाली कराया

**देहरादून.** उत्तराखंड के केदारनाथ यात्रा मार्ग पर जंगलचट्टी और भीमबली के बीच लिंचोली के पास बुधवार रात बादल फटने के बाद हुई बारिश ने जमकर कहर बरपाया। बारिश से मंदाकिनी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और खतरे से निशान के ऊपर बहने लगी। मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ने से गौरीकुंड को भी नुकसान हुआ है। सुरक्षा के देखते हुए गौरीकुंड और सोनप्रयाग बाजार को खाली करा लिया गया है। शेष@पेज10

***अस्पताल खाली कराए***

*मंदाकिनी के किनारे एसडीआरएफ ने मोर्चा संभाल लिया है। लोगों को हटा दिया है। अस्पतालों को खाली कर दिया है। लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है।*

### रेड अलर्ट...एक घंटे में 112.5 मिमी बारिश

**नई दिल्ली.** राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाके में बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश ने आफत खड़ी हो गई। बारिश से दिल्ली आने वाली 10 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। दिल्ली के कुछ इलाकों में एक घंटे के भीतर 112.5 मिमी. बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग की परिभाषा में एक घंटे में 100 मिमी. बारिश होना बादल फटना माना जाता है। बारिश के दौरान कई इलाकों में पानी भर गया। शेष@पेज10

***आज स्कूलों में छुट्टी***

*आइएमडी ने दिल्ली और एनसीआर में 12 घंटे में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए रेल अलर्ट जारी किया गया है। स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं।*

## वायनाड में 1592 लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया




वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद घरों में फंसे बच्चों को निकालते जवान।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**तिरुवनंपुरम.** केरल के वायनाड के चार गांवों में तबाही के मंजर के बीच सेना और दूसरी एजेंसियों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वायनाड में भूस्खलन प्रभावित चार गांवों से अब तक डेढ़ हजार लोगों को बचाया जा चुका है। केरल के सीएम पिनरई विजयन ने वायनाड के हालात की समीक्षा के लिए कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि प्रभावित लोगों को विस्थापित किया जा रहा है। अब तक 1,592 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। वायनाड जिले में 82 राहत शिविर बनाए गए हैं। इनमें 2,017 लोगों ने शरण ले रखी है। राहत और बचाव कार्यों में सहयोग के लिए सेना के 132 जवान पहुंच गए हैं। वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर पहले से काम कर रहे हैं। शेष@पेज10

### पहाड़ियों ने रोका तो फट पड़े बादल...

**मौसम** विभाग की सैटेलाइट तस्वीर में केरल के पास बादलों का जमावड़ा नजर आ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि हो सकता है कि केरल के पश्चिमी घाट की पहाड़ियों ने बादलों को आगे बढ़ने से रोक दिया हो। इससे ये वायनाड में फट पड़े। केरल के पास अरब सागर में डीप क्लाउड सिस्टम विकसित हो रहा है। यह सिस्टम कई बार जमीन की ओर बढ़ जाता है।

## न्यूज विंडो

### गायकवाड़ का कैंसर से निधन




**नई दिल्ली@ पत्रिका.** भारत के पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ का ब्लड कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 71 साल की उम्र में निधन हो गया। भारत के लिए दो वर्ल्ड कप खेलने वाले गायकवाड़ 1997 से 1999 और फिर 2000 में टीम के हेड कोच भी रहे। गायकवाड़ ने 1974 में भारत के लिए डेब्यू किया, उन्होंने 40 टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले। वह 1975 और 1979 वर्ल्ड कप में भी टीम इंडिया का हिस्सा थे। उन्होंने अपने करियर में दो शतकों के साथ 1154 रन बनाए।

### भारतीय बैंकों पर बड़ा साइबर हमला

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** भारतीय बैंकों पर बड़ा साइबर अटैक हुआ है। इसके बाद लगभग 300 छोटे बैंकों को देश के बड़े पेमेंट नेटवर्क से अलग कर दिया गया है, ताकि हमले के बाद किसी भी बड़े खतरे को रोका जा सके। यह हमला 'सी-एज टेक्नोलॉजीज' कंपनी पर हुआ है। यह कंपनी बैंकों को टेक्नोलॉजी सेवाएं देती है। इससे इन बैंकों के पेमेंट सिस्टम अस्थायी रूप से बंद हो गए हैं।

**लोकसभा :** भाजपा सांसद के बयान पर गरमाई सियासत

# पीएम बोले : ठाकुर की स्पीच जरूर सुनें कांग्रेस ने कहा : विशेषाधिकार का हनन

**पत्रिका ब्यूरो**
patrika.com

**नई दिल्ली.** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के जाति को लेकर किए बयान को लेकर संसद के भीतर और बाहर सियासत गरमा गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठाकुर के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, 'लोकसभा में दी गई यह स्पीच जरूर सुनें। इसमें तथ्यों और हास्य का परफेक्ट मिक्स है। यह भाषण इंडिया गठबंधन की गंदी राजनीति को उजागर करता है।' इससे कांग्रेस तिलमिला गई। कांग्रेस सांसद व पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पीएम के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा स्पीकर को नोटिस दिया। चन्नी ने कहा कि मैंने लोकसभा चलाने के नियम 222 के तहत प्रिविलेज मोशन लाने का प्रस्ताव दिया है।

ठाकुर ने बजट बहस में भाग लेते हुए मंगलवार को राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा था कि जिनकी जाति का पता नहीं है, वो जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। शेष@पेज10




### विपक्ष के पास मुद्दा नहीं : बिरला

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विपक्ष सदन में बाधा डालना चाहता है। बीएसी की बैठक में यह तय हुआ था कि सदन में कोई भी तख्तियां नहीं लहराएगा। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

### 'दिन-रात जाति-जाति'

**संसदीय** कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी व कांग्रेस सुबह-शाम-रात जाति-जाति करते रहते हैं। यहां जाति पूछने पर सवाल खड़े करते हैं। कांग्रेस ने देश को तोड़ने के लिए सबसे पहले सेना पर बयानबाजी की।

### 'अपनी सूरत देखें'

**राज्यसभा** में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जानबूझकर अपमानित किया जा रहा है। भाजपा के बड़े नेताओं ने इंटरकास्ट, इंटररिलीजन विवाह किया है। क्या सबकी जाति ही पूछेंगे। अपनी सूरत आईने में देखें।

**बस्ते में पिस्टल**

## स्कूल में नर्सरी के बच्चे ने चलाई कक्षा 3 के छात्र पर गोली

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**पटना.** बिहार से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। राज्य के सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज के बोर्डिंग स्कूल में बुधवार को नर्सरी के पांच साल के बच्चे ने तीसरी कक्षा के छात्र (10) पर गोली चला दी। गोली उसके हाथ में लगी। अस्पताल में उसकी हालत खतरे से बाहर है। नर्सरी में पढ़ने वाला बच्चा बैग में पिस्टल लेकर स्कूल पहुंचा था।

प्रार्थना सभा से पहले छात्र पर गोली चलाने से हड़कंप मच गया। उसने गोली क्यों चलाई? पता नहीं चला है। पीड़ित छात्र का कहना है कि उसकी बच्चे से कोई दुश्मनी नहीं थी। प्राचार्य ने आरोपी बच्चे के पिता को स्कूल बुलाया तो वह पिस्टल और बेटे को लेकर स्कूल से चला गया। घायल छात्र के परिजनों ने पहले स्कूल में हंगामा किया और बाद में हाईवे जाम कर दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। पुलिस ने मामले में एफआइआर दर्ज कर स्कूल के मालिक संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

**कड़ा फैसला :** यूपीएससी ने रद्द किया चयन

# पूजा खेडकर की नौकरी खत्म, भविष्य में नहीं दे पाएंगी कोई भी परीक्षा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने विवादों में फंसी प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी पूजा खेडकर का चयन रद्द कर दिया है। उनके भविष्य में आयोग की किसी भी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा दी गई है। यूपीएससी ने खेडकर को पहचान बदलकर तय सीमा से अधिक बार परीक्षा देने का दोषी पाया है।

यूपीएससी ने एक बयान में कहा है कि खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा के नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया। उन्होंने फर्जी पहचान दिखाकर परीक्षा नियमों में दी गई स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास किए। सिविल सेवा परीक्षा-2022 (सीएसई-2022) की अनुशंसित उम्मीदवार पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर को धोखाधड़ी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उन्हें 25 जुलाई तक नोटिस का जवाब देना था, लेकिन उन्होंने चार अगस्त तक का समय मांगा। यूपीएससी ने उन्हें 30 जुलाई तक का समय दिया और स्पष्ट किया कि यह अंतिम अवसर है। वह निर्धारित समय के भीतर स्पष्टीकरण देने में विफल रहीं। आयोग ने कहा कि इस मामले में मानक संचालन प्रक्रिया को और मजबूत किया जाएगा।



पूजा खेड़कर

### पूजा की याचिका पर फैसला आज

**दिल्ली** की एक कोर्ट ने बुधवार को पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। फैसला गुरुवार को सुनाया जाएगा। उनके वकील ने आरोप लगाया कि पूजा के खिलाफ मामला पुणे कलक्टर के इशारे पर दर्ज किया गया, जिनके खिलाफ उन्होंने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी।

### 15,000 से अधिक के डेटा की जांच

**आयोग** ने कहा कि पूजा प्रकरण के मद्देनजर 2009 और 2023 के बीच आइएएस स्क्रीनिंग प्रक्रिया को मंजूरी देने वाले 15,000 से अधिक उम्मीदवारों के डेटा की जांच की गई। पूजा खेडकर के मामले को छोड़कर किसी अन्य अभ्यर्थी को तय नियमों के तहत अनुमति से अधिक संख्या में प्रयासों का लाभ उठाते नहीं पाया गया। आयोग ने कहा कि खेडकर ने अपने नाम के साथ माता-पिता का नाम भी बदल दिया था। इस कारण नियमों से अधिक बार परीक्षा देने का खुलासा नहीं हो सका।

### यह है पूरा विवाद

**पूजा खेडकर** की पुणे में ट्रेनिंग चल रही थी। आरोप लगे कि उन्होंने उन सुविधाओं की मांग की, जिनकी वह हकदार नहीं थीं। एक वरिष्ठ अधिकारी के चैंबर पर कब्जा करने की शिकायत भी सामने आई। निजी ऑडी कार पर उन्होंने लाल बत्ती और महाराष्ट्र सरकार की प्लेट लगवाई। शेष@पेज10

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**उत्तर प्रदेश**

### आजम खान डूंगरपुर मामले से बरी

**रामपुर@पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के रामपुर कोर्ट ने बुधवार को सपा महासचिव आजम खान को 8 साल पुराने डूंगरपुर केस से दोषमुक्त कर दिया। उन पर जमीन हड़पने के लिए 2016 में रामपुर की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने का आरोप था। अन्य आरोपियों भी बरी कर दिए गए।



**नियुक्ति**

### प्रीति सूदन यूपीएससी की चेयरमैन

**नई दिल्ली@पत्रिका.** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव रह चुकीं प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की नई चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह एक अगस्त को पद संभालेंगी। प्रीति 1983 बैच की आइएएस अधिकारी हैं। मनोज सोनी ने व्यक्तिगत कारणों से चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था।

**तमिलनाडु**

### महिलाओं का अपमान, यूट्यूबर गिरफ्तार

**चेन्नई@पत्रिका.** 'बिरयानी मैन' नाम से पहचाने जाने वाले यूट्यूबर अभिषेक रबी को चेन्नई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उसने वीडियो में महिलाओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। इसके अलावा उस पर चेन्नई के एक पार्क के अपमान का भी आरोप है।

**बहुत कुछ रखा है** | इंसानों में चेहरे के आधार पर नाम का अनुमान लगाने की अद्भुत क्षमता

# नाम के हिसाब से बदलता है उम्र के साथ इंसान का रंग-रूप

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**तेल अवीव.** शेक्सपीयर ने नाटक 'रोमियो एंड जूलिएट' में कहा था, 'नाम में क्या रखा है।' एक नए शोध में कहा गया है कि नाम में बहुत कुछ रखा है। नाम का न सिर्फ व्यक्ति के हुलिए व व्यक्तित्व पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि उम्र के साथ उसका रंग-रूप भी बदलता है। ये बदलाव हेयर स्टाइल, मेकअप, चश्मा, पियर्सिंग या चेहरे के हाव-भाव के रूप में हो सकते हैं।

इजरायल की रीचमैन यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों के 'द प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस' जर्नल में छपे शोध के मुताबिक इंसान के पास किसी व्यक्ति के चेहरे के आधार पर उसके नाम का अनुमान लगाने की अद्भुत क्षमता होती है। शोध के दौरान लोगों को एक वयस्क की तस्वीर दिखाई और चार नामों के विकल्प दिए तो उन्होंने सही नाम चुनने में तेजी दिखाई। हालांकि यही प्रक्रिया बच्चों की तस्वीरों के साथ दोहराई तो वे अंदाज लगाने में गड़बड़ी करने लगे।

इजरायल की रीचमैन यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों के शोध में रोचक ब्योरा



### लिंग और जातीयता नाम से भी अहम

**रीचमैन** यूनिवर्सिटी के मार्केटिंग विशेषज्ञ योनात ज्वेबनर का कहना है कि जन्म के समय दिए गए नाम एक तरह से 'सामाजिक टैग' हैं। जैसे-जैसे साल गुजरते हैं, लोग अपने नाम से जुड़ी विशेषताओं और अपेक्षाओं को व्यक्तित्व में समाहित करते जाते हैं। लिंग और जातीयता जैसे व्यक्तिगत कारक नाम से ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। ये एक हद तक निर्धारित कर सकते हैं कि व्यक्ति बड़ा होकर कैसा बनेगा।

### सामाजिक ढांचे का भी होता है प्रभाव

**शोधकर्ताओं** के मुताबिक किसी व्यक्ति के चेहरे की बनावट उसके नाम का संकेत देती है। ज्यादातर शिशुओं के नाम उनके चेहरे की विशेषताओं के आधार पर रखे जाते हैं। जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, उनका व्यक्तित्व नाम के अनुरूप ढलता जाता है। सामाजिक ढांचा भी बढ़ती उम्र के साथ लोगों के रंग-रूप को प्रभावित कर सकता है।

**पूर्वजों की देन :** अमरीकी शोध में दावा, बिगाड़ सकते हैं जीन की सीक्वेंस

# इंसान में पीढ़ी-दर-पीढ़ी पहुंचते रहे तीन करोड़ साल प्राचीन जोंबी वायरस, कैंसर का खतरा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**वाशिंगटन.** अमरीकी वैज्ञानिकों ने शोध में दावा किया है कि इंसान के जीनोम (डीएनए सेट) में जोंबी वायरस छिपे होते हैं। ये जीन की सीक्वेंस में गड़बड़ी कर सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। शोध के मुताबिक हमारे प्राइमेट पूर्वज करीब तीन करोड़ साल पहले इस वायरस से संक्रमित हुए थे। पीढ़ी-दर-पीढ़ी ये इंसानों में पहुंचते रहे।

कोलोराडो यूनिवर्सिटी के जैव सूचना विज्ञानी आत्मा इवानसेविक की अगुवाई में हुए शोध में पाया गया कि कैंसर अपने विकास के लिए जोंबी वायरस के कुछ हिस्सों का इस्तेमाल कर सकता है। शोध के लेखकों में शामिल एडवर्ड चुओंग ने कहा, कई और बीमारियों के पीछे भी यह प्राचीन वायरस हो सकता है।

### इन्हीं से मिले स्विच

**चुओंग** का कहना है कि कैंसर कोशिकाएं बहुत सारे जीन को सक्रिय करती हैं, लेकिन कोई स्पष्ट तौर पर नहीं जानता था कि उन्हें कौन सक्रिय करता है। शोध में पता चला है कि उन्हें सक्रिय करने वाले कई स्विच इन प्राचीन वायरस से मिले।

### ईआरवी के अवशेष

**कोलोरेक्टल** कैंसर ऊतकों की कोशिका रेखा के अध्ययन में पाया कि लॉन्ग टर्मिनल रिपीट-10 नाम का एंडोजेनस रेट्रोवायरस (ईआरवी) जीन के पैटर्न को नियंत्रित करता है। ट्यूमर की उत्पत्ति ईआरवी की गड़बड़ी से होती है। जोंबी वायरस क्षतिग्रस्त ईआरवी के अवशेष हैं।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

राजस्थान के सांसदों ने उठाए रेल से जुड़े मुद्दे

# निशुल्क जमीन नहीं मिलने से अटकी अजमेर-टोंक-सवाई माधोपुर रेल लाइन

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** लोकसभा में राजस्थान के कई सांसदों ने राज्य से जुड़ी रेल समस्याओं को उठाया। अजमेर-टोंक-सवाई माधोपुर रेल लाइन का मामला एक बार फिर उठा। इसके अलावा वंदे भारत ट्रेन, अंडरपास, बंद पड़ी ट्रेनों के साथ नई ट्रेनों के चलाने की मांग भी गई।

दरअसल, टोंक-सवाई माधोपुर से सांसद हरीश मीणा ने सरकार से अजमेर-टोंक-सवाई माधोपुर रेल लाइन को पूरा करने को लेकर सवाल किया। इस पर रेल मंत्रालय ने लिखित जवाब में बताया कि 165 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की लागत को लेकर रेल मंत्रालय व राजस्थान सरकार के बीच 50:50 लागत साझाकरण हुआ था। इसके तहत राजस्थान सरकार को निशुल्क जमीन उपलब्ध करानी थी। यह जमीन अब तक नहीं मिली है। रेल परियोजनाओं के पूरा होने में राज्य सरकार की विभिन्न गतिविधियों पर निर्भर होता है।

### बाड़मेर-जैसलमेर में ट्रेनों व स्टेशन के विस्तार की मांग

बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने रेलवे की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा में जैसलमेर-बाड़मेर-भाभर (गुजरात) रेल लाइन की स्वीकृति की मांग की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए बजट सत्र 2016-17 में 5 हजार करोड़ की घोषणा की गई, लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने से कार्य एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा।

### डूंगरपुर होकर वंदे भारत ट्रेन चलाने का पूछा सवाल

बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत ने अहमदाबाद-डूंगरपुर-उदयपुर-जयपुर मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन चलाने का सवाल किया। इस पर रेल मंत्रालय ने लिखित जवाब दिया कि वंदे भारत ट्रेन सहित अन्य ट्रेन सेवा शुरू करना सत्त प्रक्रिया है। यातायात औचित्य, संसाधन की उपलब्धता समेत अन्य कारण देखे जाते हैं।

### रेलवे के रिक्त 3 लाख पदों को जल्द भरा जाए

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा में कहा कि जोधपुर मंडल में रेलवे क्षेत्र के विकास से जुड़ा कोई काम स्वीकृत होता है तो उसकी जानकारी संबंधित सांसद को तो मिलनी चाहिए। उन्होंने जनरल कोच में 200 से 300 से अधिक यात्रियों के सवार होने, टॉयलेट्स में गंदगी का मुद्दा भी उठाया। इसके अलावा रेलवे के करीब 3 लाख पदों को जल्द भरने की मांग की। नागौर, डीडवाना,मेड़ता रोड, मुंडवा, मकराना, कुचामन सिटी, नावां, लाडनू में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास हो रहा है। इनकी गुणवता की जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग की।

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में पूछे एक प्रश्न के उत्तर में दी जानकारी

# त्योहारों-छुट्टियों में चलाई 11 हजार से अधिक स्पेशल ट्रेनें

### 527 होली स्पेशल, 6369 ग्रीष्मकालीन स्पेशल और 4480 छठ/दिवाली स्पेशल ट्रेनें चलाई

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में त्योहारों-छुट्टियों में यात्री भार बढ़ने से रेलवे पर दबाव आ जाता है। इसके चलते हर साल स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों को राहत दी जाती है। रेलवे ने 2023 में त्योहारों व छुट्टियों में करीब 11 हजार 376 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई है।

केन्द्रीय रेल, सूचना व प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2023 के दौरान, 527 होली स्पेशल, 6369 ग्रीष्मकालीन स्पेशल और 4480 छठ/दिवाली स्पेशल चलाई गई। इसके अलावा अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए, स्थायी और अस्थायी दोनों आधार पर ट्रेनों की संख्या में वृद्धि की जाती है। ये भारतीय रेलवे की लगातार आगे बढ़ने की प्रक्रिया है। इसके अलावा, बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे ने जनरल क्लास और स्लीपर क्लास कोच सहित 10,000 नॉन-एसी कोच बनाने की योजना बनाई है।

**मुंबई-अहमदाबाद बुलेट रेल परियोजना के लिए 1389.5 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित:** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना का निर्माण कार्य चल रहा है और यह गुजरात, महाराष्ट्र और केंद्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगी। परियोजना की लंबाई 508 किलोमीटर है और इसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती में 12 स्टेशन बनाने की योजना है।

परियोजना की स्वीकृत लागत 1,08,000 करोड़ रुपए है। परियोजना के लिए पूरी भूमि (1389.5 हेक्टेयर) अधिग्रहित की गई है। अब तक 350 किलोमीटर पियर फाउंडेशन, 316 किलोमीटर पियर निर्माण, 221 किलोमीटर गर्डर कास्टिंग और 190 किलोमीटर गर्डर लॉन्चिंग का काम पूरा हो चुका है। समुद्र में जलस्तर से नीचे टनल (लगभग 21 किलोमीटर) का काम भी शुरू हो चुका है।

### तकनीक हासिल होते ही देशभर में चलने लगेगी बुलेट ट्रेन



**रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बुलेट ट्रेन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और इसे स्वदेशी तकनीकी में ढाला जा रहा है। जैसे ही यह काम पूरा हो जाएगा, पूरे देश में वंदे भारत ट्रेन की तर्ज पर बुलेट ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक सवाल पर कहा कि बुलेट ट्रेन का डिजाइन आत्मनिर्भर भारत में बनने लगा है और सरकार का सारा फोकस इस समय बुलेट ट्रेन की तकनीक हासिल करने पर है। तकनीक पर पूरी तरह से पकड़ होते ही देशभर में वंदे भारत ट्रेन की तरह बुलेट ट्रेन की पहुंच बढ़ा दी जाएगी।

कांग्रेस संसदीय दल की बैठक

# चार राज्यों के चुनाव नतीजे से आएगा राष्ट्रीय राजनीति में बड़ा बदलाव: सोनिया

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उपस्थित कांग्रेस के सांसद।

**नई दिल्ली.** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि वह यह कहने का साहस रखती हैं कि लोकसभा चुनाव की तरह अगले महीनों में होने वाले चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करती है तो राष्ट्रीय राजनीति में बड़ा बदलाव आएगा। बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड व दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जीत का फार्मूला भी बता दिया। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव के मूमेंटम को बरकरार रखना है। हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। माहौल हमारे पक्ष में है, लेकिन हमें जीत की भावना के साथ एकजुट होकर काम करना होगा। बैठक में वायनाड भूस्खलन पीड़ितों को सांत्वना भी दी गई।

**किसानों-युवाओं से अन्याय:** सोनिया गांधी ने कहा कि किसानों और युवाओं की मांगों को बजट में नजरअंदाज किया गया है। केंद्र सरकार के शीर्ष नेतृत्व के बीच भ्रम की स्थिति है, क्योंकि देशभर में करोड़ों परिवार बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से तबाह हो गए हैं। पेपर लीक होने से लाखों युवाओं का विश्वास नष्ट हो गया है। एनसीईआरटी, यूजीसी और यूपीएससी जैसे संवैधानिक निकायों का पेशेवर चरित्र और स्वायत्तता पूरी तरह से नष्ट हो गई है।

### नहीं लिया सबक, डराने-बांटने का काम जारी

सोनिया ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव के झटके से मोदी सरकार सबक लेगी, लेकिन वे समुदायों को बांटने, डराने और दुश्मनी का माहौल फैलाने की अपनी नीति पर कायम है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सही समय पर हस्तक्षेप किया है। उन्होंने कहा कि आरएसएस खुद को सांस्कृतिक संगठन कहता है, लेकिन पूरी दुनिया जानती है कि यह भाजपा का राजनीतिक और वैचारिक आधार है।

**पीएम मणिपुर नहीं जा रहे :** सोनिया गांधी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में अकेले जम्मू क्षेत्र में 11 आतंकी हमले हुए हैं। यह घटनाएं सरकार के 'जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक है' के दावे का मजाक उड़ा रही हैं। इसी तरह पीएम पूरी दुनिया की यात्रा कर रहे हैं, लेकिन वह मणिपुर जाने और हालात को सामान्य करने की पहल से इनकार करते नजर आ रहे हैं।

### सरकार का जनगणना का इरादा नहीं

सोनिया ने कहा कि 2021 से पेंडिंग जनगणना को कराने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। इसकी वजह से हमें देश की जनसंख्या, विशेषकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की संख्या के बारे में मालूम नहीं चल रहा है। इसके चलते हमारे करीब 12 करोड़ नागरिक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभ से वंचित हैं।

सांसदों ने दुष्प्रभाव की जताई थी आशंका

# परमाणु संयंत्रों से दुष्प्रभाव नहीं, प्रदेश की परियोजनाएं बंद नहीं होंगी

### कोटा और बांसवाड़ा में हैं संयंत्र

विकास जैन
patrika.com

**नई दिल्ली .** राजस्थान के कोटा स्थित राजस्थान ऊर्जा संयंत्र (आरएपीपी) सहित अन्य परमाणु संयंत्रों के कारण इनके आस-पास की आबादी पर किसी तरह की दीर्घकालिक विकृतियां और अन्य रोग नहीं हैं। केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग ने यह दावा स्थानीय मेडिकल कॉलेजों की ओर से किए गए अध्ययन के आधार पर किया है।

बुधवार को लोकसभा में जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के सांसद राव राजेन्द्र सिंह की ओर से पूछे गए एक सवाल के जवाब में विभाग ने यह जानकारी दी है। नाभिकीय विद्युत संयंत्रों में कार्यरत कर्मचारी और उनके आस-पास के गांवों व कस्बों में रहने वाली आबादी पर किए गए स्थानीय मेडिकल कॉलेजों के अध्ययन का विश्लेषण देश के प्रमुख कैंसर अनुसंधान केन्द्र मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल ने किया है। इनके अनुसार नाभिकीय विद्युत संयंत्रों के संचालन से आस-पास की आबादी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं है।

बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत की ओर से बांसवाड़ा में जनजातीय आबादी के पास स्थापित किए जा रहे परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से दुष्प्रभाव को देखते हुए इस परियोजना को बंद किए जाने के प्रश्न पर भी विभाग ने दुष्प्रभाव से इनकार करते हुए परियोजना बंद करने से मना किया है। उधर रेलवे की अनुदान मागों पर सांसद हरीश मीना ने कोराना काल में बंद ट्रेनों को चालू करने की मांग की।

राजस्थान में वर्ष 2023 तक 14.96 लाख मरीज

# चिंताजनक : कैंसर मरीजों की संख्या में राजस्थान टॉप 10 में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** राजस्थान सहित देश भर में कैंसर मरीजों की संख्या चिंताजनक गति से बढ़ रही है। वर्ष 2019 से अब तक बीते पांच वर्ष के दौरान मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। राजस्थान में इस दौरान मरीजों का आंकड़ा 69 हजार से बढ़कर 76 हजार 665 तक पहुंच गया है।

देश में सर्वाधिक कैंसर मरीज उत्तर प्रदेश और उसके बाद महाराष्ट्र में है। राजस्थान 8वें नंबर पर है। राजस्थान से राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की ओर से राज्यसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रताप राव जाधव ने यह जानकारी दी है। देश में 2019 में 13.58 लाख कैंसर रोगी रिकॉर्ड किए गए थे।

दिसंबर 2023 तक इनकी संख्या 14.96 लाख तक पहुंच गई। अधिकांश तौर पर मुख कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के मामले अधिक देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 2.15 लाख, महाराष्ट्र में 1.24 लाख कैंसर ग्रस्त मरीज हैं। पश्चिम बंगाल और बिहार तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में इसका इलाज उपलब्ध करवाया गया है। जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, एम्स जैसे केंद्रीय मेडिकल संस्थानों में इलाज निःशुल्क है या फिर रियायती दरों पर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### 83 उत्पाद कैंसर के इलाज को उपलब्ध

कैंसर रोगियों को रियायती दरों पर दवा उपलब्ध हो सके इसके लिए 131 कैंसर रोधी अनुसूचित दवा की अधिकतम दर तय की गई है। 43 कैंसर रोधी गैर अनुसूचित दवा के व्यापार मार्जिन को भी सीमित किया गया है। केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर भी 83 उत्पाद कैंसर के इलाज के लिए उपलब्ध करवाए जा रहे है।

# हेमंत सोरेन पर पशु बलि मामले में केस दर्ज करने के निर्देश

**नई दिल्ली@पत्रिका.** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पशु बलि मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया ने दिए हैं। दरअसल, मुंबई के पीयूष ठक्कर नामक एक व्यक्ति ने एनीमल वेलफेयर बोर्ड में शिकायत दर्ज कराई थी, इसमें कहा गया है कि हेमंत सोरेन ने 19 जुलाई को परिजन, पुजारी बबलू हंसदा व अन्य लोगों के साथ जैन समाज के लिए पवित्र एवं आस्था के केंद्र गिरडीह जिले स्थित पारसनाथ पर्वत के मांझीथान में बकरे की बलि दी है। सोरेन का यह कृत्य जैन समाज की भावनाओं को आहत करने वाला तथा भारतीय न्याय संहिता एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इसलिए सोरेन व इस कृत्य में शामिल अन्य पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए बोर्ड के सचिव सुजीत कुमार दत्ता ने गिरडीह के जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वह इस प्रकरण में शामिल सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज करें।

**सावधान :** ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में एक साल में पांच गुना बढ़ोतरी

# रजिस्ट्री के लिए दिए फिंगर प्रिंट और आधार से भी धोखाधड़ी का खतरा

जग्गोसिंह धाकड़
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में इंटरनेट बैंकिंग, डेबिड कार्ड और क्रेडिट कार्ड उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब जमीन या संपत्ति की रजिस्ट्री के समय दी जाने वाली आधार संख्या और फिंगर प्रिंट के दुरुपयोग से भी धोखाधड़ी का खतरा बढ़ गया है। शातिर अपराधी रजिस्ट्री कार्यालयों से आधार संख्या और फिंगर प्रिंट हासिल कर ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे रहे हैं।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से वित्त मंत्रालय को उपलब्ध कराई जानकारी में बताया गया कि आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) में वित्तीय धोखाधड़ी जमीन और संपत्ति पंजीकरण अभिलेखों से प्राप्त आधार संख्या और फिंगरप्रिंट बायोमैट्रिक के दुरुपयोग के कारण होती है। यह जानकारी हाल ही वित्त मंत्रालय ने राज्यसभा में दी। मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग की रिपोर्ट के अनुसार एक ही साल में धोखाधड़ी की राशि पांच गुना बढ़ गई।

### एक लाख और उससे अधिक के मामले



| वित्तीय वर्ष | मामलों की संख्या | धोखाधड़ी की राशि |
|---|---|---|
| 2022-23 | 6,699 | 277करोड़ |
| 2023-24 | 29,082 | 1,457करोड़ |
| **राजस्थान** | | |
| 2022-23 | 143 | 10.43करोड़ |
| 2023-24 | 1,178 | 40.96करोड़ |
| **मध्यप्रदेश** | | |
| 2022-23 | 119 | 4.05करोड़ |
| 2023-24 | 672 | 22.02करोड़ |
| **छत्तीसगढ़** | | |
| 2022-23 | 36 | 4.66करोड़ |
| 2023-24 | 192 | 6.47करोड़ |

**बचाव के तरीके**

- यूआइडीएआइ उपयोगकर्ता के आधार को लॉक करने की सुविधा देता है।
- यूआइडीएआइ ने बैंकों को फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण मोडेलिटी के लिए फिंगर इमेज रिकॉर्ड क्रियान्वित करने का परामर्श दिया है।
- एईपीएस सदस्य बैंकों को विशिष्ट खातों के लिए एईपीएस को डिसेबल करने को कहा है।

**कहां करें शिकायत**

**पुलिस** के अलावा ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत https://www.cybercrime.gov.in और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज करा सकते हैं। दूरसंचार विभाग ने डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफार्म व संचार साथी पोर्टल https://sancharsaathi.gov.in पर 'चक्षु' सुविधा शुरू की है। इस पर धोखाधड़ी के इरादे से कॉल, एसएमएस भेजने और वॉट्सऐप पर धोखाधड़ी से प्राप्त सूचना की रिपोर्ट की जा सकती है।

विश्व धरोहर समिति की बैठक

# वैश्विक पटल पर भारत की संस्कृति को नए सिरे से कराया जा रहा परिचित : शेखावत

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि विश्व धरोहर समिति की 46वीं बैठक में जिस तरह भारत ने अपनी विविध, अनूठी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को दुनिया के सामने पेश किया, उससे जी-20 के बाद हुए इस ऐतिहासिक आयोजन से भारत के प्रति वैश्विक नजरिए को और ऊंचाई मिलेगी।

विश्व धरोहर समिति की दस दिवसीय बैठक के समापन के बाद बुधवार को मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा, पिछले दस वर्षो में भारत की संस्कृति के संरक्षण और भारत की संस्कृति को विश्व पटल पर नए सिरे से परिचित कराने को लेकर अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसके अंतर्गत भारत के बाहर अवैध तरीके से गई कई पुरातात्विक संपदा को भारत वापस लाने के प्रयास भी तेज किए गए हैं। उन्होंने बताया, वर्ष 1972 में इस संबंध में कानून बनने के बाद जहां 2014 तक महज 13 ऐसी प्रॉपर्टी ही भारत वापस लाई गई थीं, वहीं 2014 के बाद पिछले 10 वर्षो में यह आंकड़ा 350 के पार पहुंच चुका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा और व्यक्तिगत प्रयासों से जिस तरह पिछले 10 वर्षो से देश की संस्कृति के संरक्षण को लेकर काम हो रहा है, वह विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वैश्विक पटल पर भारत की संस्कृति को नए सिरे से परिचित कराया जा रहा है।

इस क्रम में जहां एक तरफ नालंदा विश्वविद्यालय, काशी कॉरिडोर का पुर्ननिर्माण हुआ है, वहीं इस श्रृंखला में उज्जैन महाकाल के कॉरिडोर का निर्माण भी हुआ है। उन्होंने कहा, बजट में जिस तरह गया के महाबोधि और विष्णुपद मंदिर के हॉलिस्टिक डेवलपमेंट की रूपरेखा रखी गई है।

शेखावत ने कहा, भारत का फोकस केवल भारत में स्थित ऐतिहासिक संपदाओं का संरक्षण करना ही नहीं है, बल्कि उन पड़ोसी देशों को सहयोग भी करना है, जिनके पास ऐसी संपदाओं के संरक्षण की क्षमता नहीं है।

### अमेरिका से पुरातात्विक संपदा लाने में होंगे सफल

केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे पर गए थे तो उस दौरान वहां के राष्ट्रपति बाइडन के साथ कल्चर प्रॉपर्टी एग्रीमेंट साइन हुआ था, जिसके बाद अमेरिका में अवैध तरीक से गई भारत की पुरातात्विक संपदा को भारत लाना आसान हो गया है। शेखावत ने कहा, इस महत्वपूर्ण एग्रीमेंट के बाद हम जल्द ही अमेरिका से सैकड़ों पुरातात्विक संपदाओं को भारत लाने में सफल होंगे।

# राजस्थान में धर्म परिवर्तन रोकने के लिए सख्त कानून बने : गुरवीर

**जयपुर@पत्रिका.** विधानसभा में बुधवार को शून्यकाल के दौरान भाजपा के गुरवीर सिंह ने प्रदेश में धर्म परिवर्तन की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए इन्हें रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग रखी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में बढ़ रही धर्म परिवर्तन की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून जल्द लाया जाए। पहले भी देश के कई राज्यों में इसके नतीजे भुगत चुके हैं। राजस्थान इसकी भेंट नहीं चढ़े। विदेशी और राष्ट्रविरोधी ताकतें अपने इंटरनेशनल लेवल पर फंड दे रही हैं। मिशनरीज लगातार यह काम कर रही हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज और मराठा साम्राज्य पर लिखी आठ पुस्तकों का विमोचन

# छत्रपति शिवाजी महाराज भारतवर्ष के सर्वश्रेष्ठ शासक थे : कोविंद

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



**नई दिल्ली.** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बुधवार को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में छत्रपति शिवाजी महाराज और मराठा साम्राज्य पर लिखी चार हिंदी तथा चार अंग्रेजी पुस्तकों का विमोचन किया।

मुख्य वक्ता दत्तात्रेत होसबाले ने कहा कि हिंदवी स्वराज और राष्ट्रप्रेम के लिए अपने को समर्पित करने वाले छत्रपति शिवाजी हमेशा भारत वर्ष के हृदय में बसे रहेंगे। शिवाजी महाराज ने अपने कार्यो से राष्ट्र में स्वप्रेम की भावना का विकास किया और अपने काल खंड में मुगलों को पछाड़ कर हिंदवी स्वराज की स्थापना की। अपने जीवित काल खंड में ही शिवाजी लीजेंड बन चुके थे जो उनकी प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास को विकृत करने का काम किया गया मगर भारतीय जनमानस के हृदय में रचे-बसे छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास को कोई नहीं हटा पाया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने कभी मराठा गौरव की बात नहीं कहीं बल्कि हमेशा हिंदवी स्वराज की बात को आगे बढ़ाया।

मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारतवर्ष के सर्वश्रेष्ठ शासक थे। वह भारत के भाग्य विधाता थे। अगर छत्रपति शिवाजी जैसे महायोद्धा का कालखंड भारत में न होता को भारतीय संस्कृति की पताका इतनी प्रगाढ़ न होती।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने हमारे भीतर राष्ट्रीय दायित्वों के बोध को पैदा किया उस दायित्व बोध का हमें हमेशा पालन करना चाहिए। मुगल साम्राज्य को जिस सैन्य कुशलता और रणनीति से मात दी वह हमारे लिए आज भी प्रेरणा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि छत्रपति शिवाजी की कुशल रणनीति और चरित्र पर आज भी शोध हो रहे हैं। उनकी शासन प्रणाली में जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता थी। यह आयोजन हिंदवी स्वराज स्थापना महोत्सव आयोजन समिति, दिल्ली; शिवाजी रायगड़ स्मारक मंडल, पुणे; एवं भारती प्रकाशन, नागपुर ने संयुक्त रूप से किया।

**मिड-डे मील में धांधली :** सहकारी विभाग के 15 अफसर शामिल

# 3 आइएएस समेत 40 पर एफआइआर के लिए राज्य सरकार से मांगी इजाजत

**जयपुर@पत्रिका.** स्कूलों की मिड-डे मील योजना में एसीबी ने धांधली पकड़ी है। टेंडर देने से लेकर वितरण में हुई गड़बड़ी के साक्ष्य पाए जाने के बाद एसीबी ने एफआइआर दर्ज करने के लिए पीसी एक्ट (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) के तहत राज्य सरकार से इजाजत मांगी है। सरकार की इजाजत मिलने पर तीन आइएएस व सहकारी विभाग के 15 अधिकारियों सहित चालीस कार्मिकों के खिलाफ एसीबी एफआइआर दर्ज करेगी। इसमें फूड पैकेट सप्लाई करने करने वाली तीन कम्पनियों के कर्ताधर्ता भी आरोपी बनेंगे। अब आगे की कार्रवाई राज्य सरकार की इजाजत मिलने पर तय होगी।

प्रारम्भिक पड़ताल में सहकारी विभाग, शिक्षा विभाग, मिड-डे मील, लेखा विभाग व कुछ केन्द्रीय सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों की भूमिका सामने आई है। मिड-डे मील योजना में मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका के चलते ईडी ने गत वर्ष कई स्थानों पर छापे मारे थे। छापों में मिले दस्तावेज के आधार पर ईडी ने गड़बड़ियों की आशंका जताई थी।

**इन पर मांगी इजाजत**

**आईएएस : मुक्तानंद अग्रवाल,** तत्कालीन रजिस्ट्रार सहकारी समितियां
**भंवर लाल,** तत्कालीन निदेशक समग्र शिक्षा अभियान
**मोहन लाल यादव,** तत्कालीन निदेशक समग्र शिक्षा अभियान
**सहकारी विभाग:** वी.के.वर्मा, तत्कालीन निदेशक कॉनफेड राजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार सहित पन्द्रह अधिकारी

पोलमपोल भायो

खेप मोबाइल की मिले, सिम का भी भण्डार।
अड्डा ज्यूं अपराध का, हेग्या कारागार!!

बाहर से आए लोगों में उत्सुकता जगाने के लिए शेखावाटी में अलग- अलग डिजाइनों में तैयार हो रहीं पानी की टंकियां, पंजाब और हरियाणा से आई तकनीक

# घर की छत पर हल जोत रहे किसान तो कहीं दिख रहे जीप और हवाई जहाज

सचिन माथुर
patrika.com

**सीकर.** बैलों की जोड़ी से हल जोतते किसान दंपती, ट्रैक्टर, जीप आदि की मूर्तियां इन दिनों शेखावाटी में कई छतों पर दिखाई देने लगी हैं। आकर्षित करने के साथ ये मूर्तियां हर किसी के मन में इनकी छत पर उपयोगिता को लेकर भी उत्सुकता जगाती हैं। वास्तव में ये सब कुछ आवास के सौन्दर्यन या किसी अन्य कारण से नहीं, बल्कि घर की सबसे अहम आवश्यकता पानी के लिए लगाई जा रही हैं। जी हां, दरअसल ये मूर्तियां नहीं बल्कि सीमेंट से बनी पानी की टंकियां हैं, जिन्हें मनचाहा आकार देकर छतों पर लगाया जा रहा है। शेखावाटी में इन दिनों सैकड़ों घरों की छतों पर इन्हें देखा जा सकता है।


हल जोतते हुए किसान

**9 हजार से सवा लाख रुपए तक कीमत:** सीमेंट की इन टंकियों की कीमत इनकी पानी भंडारण की क्षमता और डिजाइन के हिसाब से तय होती है। जो 9 हजार से सवा लाख रुपए तक है। मसलन 600 लीटर की फुटबॉलनुमा टंकी की कीमत 9 हजार, एक हजार लीटर की हवाई जहाजनुमा टंकी 28 हजार तो बैलों की जोड़ी से हल जोतते किसान दंपति के आकार वाली 1600 लीटर की टंकी 65 हजार व ट्रैक्टर के आकार की टंकी सवा लाख रुपए कीमत में उपलब्ध हैं।


छत पर ट्रैक्टर

### बस, ट्रेन, ट्रक और जहाज हर आकार

**पानी** की ये टंकियां किसी भी आकार में बनवाई जा सकती है। इन्हें बनाने वाले कारीगर दावा करते हैं कि वे किसी भी जीप, एसयूवी, ट्रेन, हवाई जहाज, पानी का जहाज, टैंकर, व्यक्ति या पशु-पक्षी के आकार में टंकी बनाकर दे सकते हैं। जिसकी राशि भी पानी की क्षमता और आकार के हिसाब से ही तय होगी।



हवाईजहाज

### पंजाब व बिहार के कारीगर कर रहे काम

डिजाइनर टंकियों की ये तकनीक पंजाब और हरियाणा के जरिए राजस्थान में आई है। पंजाब में ज्यादातर घरों पर विभिन्न आकारों की पानी की टंकियां बाहर से आने वाले लोगों में उत्सुकता जगाती है और आवास का एलिवेशन भी निखर जाता है। फिलहाल पूरे शेखावाटी में आधा दर्जन लोग इन टंकियों के निर्माण से जुड़े हैं, जो पंजाब, हरियाणा या बिहार के कारीगर रखकर ये काम कर रहे हैं।

### सर्दी में गरम और गर्मी में पानी ठंडा

**इन** टंकियों की खास बात इनमें सर्दी में पानी गरम और गर्मी में ठंडा रहने का दावा भी है। दस साल तक पानी लीक नहीं होने की गारंटी के साथ बिकने वाली इन टंकियों में काई नहीं पड़ने का दावा भी किया जाता है।

सीमेंट की पानी की टंकी किसी भी आकार में बनाकर उन्हें छत पर लगाने तक का काम करते हैं। इनकी कीमत टंकी की डिजाइन के हिसाब से 9 हजार से सवा लाख रुपए तक है। पंजाब व हरियाणा से ये तकनीक शेखावाटी में पहुंची है।

**महेंद्र कड़वासरा,** टंकी निर्माता, मोरिंडा चंवरा, झुंझुनूं

## ट्रेंडिंग वीडियो

1. 

बचेंगे नहीं कोचिंग हादसे के जिम्मेदार

2. 

अलर्ट: राजस्थान में यहां होगी भारी बारिश

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### फॉर्म में आज से कर सकेंगे संशोधन

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य संस्कृत शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2024 के फॉर्म में संशोधन का अवसर दिया है। अभ्यर्थी गुरुवार से ऑनलाइन संशोधन कर सकेंगे। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा का आयोजन 8 से 15 सितम्बर तक किया जाएगा। आयोग ने अभ्यर्थियों को नाम, फोटो, पिता का नाम, जन्मतिथि और जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन का अवसर दिया है। अभ्यर्थी 10 अगस्त तक ई-मित्र, ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 500 रुपए शुल्क देकर संशोधन कर सकेंगे। संशोधन विज्ञापन में जारी पात्रता की शर्तों के अनुरूप होंगे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रवेश पत्र अपलोड

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गया है। आयोग ने बुधवार को प्रवेश पत्र वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए। अजमेर जिला मुख्यालय पर 3 से 5 अगस्त तक होने परीक्षा में 7 हजार 041 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि पुरालेखपाल के तीन पदों के लिए प्रतियोगी परीक्षा 3 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे और सहायक पुरालेखपाल के पदों के लिए प्रतियोगी परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5.30 बजे तक होगी। शोध अध्येयता के 1 पद के लिए प्रतियोगी परीक्षा 4 अगस्त को सुबह 10 से 12.30 बजे और शोध अधिकारी के 1 पद के लिए परीक्षा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक होगी। रसायनज्ञ के 1 पद के लिए परीक्षा 5 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक कराई जाएगी।

केन्द्र सरकार की अंगदान को प्रोत्साहन करने की मुहिम एक महीने में 5 हजार लोगों तक पहुंची

# अंगदान में हम फिसड्डी : 116 ट्रांसप्लांट हुए, इनमें से 48 ही प्रदेश के मूल निवासी

पत्रिका स्पॉट लाइट

अविनाश केवलिया
patrika.com

**जोधपुर.** अभी चार दिन पहले ही बाड़मेर की सिणधरी की रहने वाली अनिता के चार ऑर्गन डोनेट किए और वह चार लोगों को नई जिंदगी दे गई। ऐसे उदाहरण बिरले होते हैं। पिछले एक माह से केन्द्र सरकार अंगदान के लिए पूरे देश में जागरूकता की अलख जगा रही है, लेकिन इसका असर राजस्थान में बहुत कम है। आज भी राजस्थान में एक हजार लोग ऐसे हैं, जिनको किसी न किसी ऑर्गन की जरूरत है। चार महीने पहले जोधपुर के पाल गांव के एक युवक का अंगदान हुआ था। यही जोधपुर का पहला और एकमात्र मल्टीपल ऑर्गन डोनेशन का मामला था।

**तमिलनाडु-तेलंगाना सबसे आगे:** पूरे देश में तमिलनाडु और तेलंगाना अंगदान में अव्वल हैं। नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन यानि नोटो की ओर से पिछले साल तमिलनाडु को अंगदान में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए सम्मानित किया गया था। वहां 786 हार्ट, 801 फेफड़े, 1566 लीवर, 3047 किडनी और 37 पैंक्रियाज ट्रांसप्लांट किया गया है।



**राजस्थान की हालत**

| ट्रांसप्लांट वेटिंगलिस्ट | | अब तक ट्रांसप्लांट | |
|---|---|---|---|
| किडनी | 655 | किडनी | 79 |
| लीवर | 256 | लीवर | 26 |
| हार्ट | 98 | हार्ट | 09 |

**116** राजस्थान में अब तक ट्रांसप्लांट हुए

**48** मूल निवासी हैं सिर्फ राजस्थान के

### जोधपुर में एक महीने में 5 हजार लोगों तक पहुंचे

**जोधपुर** में अंगदान के लिए जागरूकता मुहिम पूरे जुलाई महीने में चलाई गई। इस दौरान सरकारी व अन्य संस्थाओं ने मिलकर 12 से 15 जागरूकता कार्यक्रम किए हैं। इनके जरिये 5 हजार लोगों तक पहुंच बनाई गई। लेकिन अब धरातल पर कितना असर होगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### ब्रेन डेड मरीज के अंग दान किए जा सकते हैं

**यदि** कोई ब्रेन डेड मरीज होता है और उसके सर्वाइव होने के आसार न के बराबर होते हैं तो उसके अंगदान किए जा सकते हैं। क्योंकि मृत्यु के कुछ घंटे बाद तक ही दान के लिए अंग उपलब्ध रहते हैं, इसलिए परिवारजनों को यह निर्णय काफी जल्द लेना होता है।

पत्रिका एक्सपर्ट व्यू

### 100 में से कोई एक ही अंगदान करता है

पश्चिमी राजस्थान में जागरूकता की कमी है। ब्रेन डेड मरीज हमारे पास आते हैं। लोगों को समझाते हैं, लेकिन 100 में से कोई एक ही अंगदान के लिए हामी भरता है। कई रीति-रिवाज और अन्य बातें आड़े आती हैं। हम प्रयास कर रहे हैं कि लोगों को जागरूक किया जाए। पहली बार लोगों के बीच जाकर उनको इतने बड़े स्तर पर अहमियत बता रहे हैं।



**- सुरेन्द्र सिंह राठौड़,** नेफ्रोलॉजी, विभागाध्यक्ष और ट्रांसप्लांट नोडल अधिकारी

अमरगढ़ : मूर्ति के आभूषण भी ले गए चोर

## 600 साल पुरानी भगवान की नीलम से बनी मूर्ति चोरी

### 11 साल पहले मूर्ति के हाथ ले गए थे चोर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**शाहपुरा. भीलवाड़ा.** जिले के शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के अमरगढ़ चौकी के निकट ऐतिहासिक किले से मंगलवार रात 600 साल पुरानी जगमोहन भगवान मूर्ति व आभूषण चोरी हो गए। भगवान की तीन फीट की मूर्ति नीलम की बनी हुई थी। चोरों ने किले के मंदिर से नीलम की जगमोहन भगवान की मूर्ति उखाड़ी। इससे दोनों पंजे वहीं रह गए। इसके पास सामान्य पत्थर से बनी राधा रानी की मूर्ति सुरक्षित है। मूर्ति चोरी की सूचना बुधवार सुबह ग्रामीणों को मिली तो रोष फैल गया। लोगों ने बाजार बंद कर दिए व प्रदर्शन किया। जहाजपुर पुलिस एफएसएल टीम के साथ पहुंची। राव रूपेंद्र सिंह कानावत ने बताया कि चोर मंगलवार रात अमरगढ़ किले में घुसे।

मेन गेट का ताला तोड़कर मंदिर से 600 साल पुरानी बेशकीमती मूर्ति उखाड़ ले गए। भगवान का मुकुट, चांदी की बांसुरी, राधा रानी का चांदी का मुकुट, पायजेब, कड़ा व अन्य आभूषण भी चुरा ले गए। सुबह पुजारी राजेंद्र सिंह किले पर पहुंचे तो घटना का पता चला। वारदात के बाद जहाजपुर डिप्टी मेघवंशी ने परिवादी कानावत को 25 किमी दूर थाने भेज ऑनलाइन रिपोर्ट कराने को कहा।


भगवान की मूर्ति को चुरा ले गए।

### महाराणा के वंशज ने रखवाई थी

महाराणा उदयसिंह के वंशज कानसिंह ने किले का 600 साल पहले निर्माण कराया। इससे पूर्व मंदिर की स्थापना की और भगवान जगमोहन की नीलम की मूर्ति लगवाई। बाद में यहां किले का निर्माण करवाया।

फोटो स्टोरी

## बारिश में हिरणों की अठखेलियां



**बीकानेर.** तेज गर्मी और उमस के बाद आज बदरा जमकर बरसे, ऐसे में बारिश के दौरान रेस्क्यू सेंटर में हिरणों ने भी बारिश में खूब अठखेलियां की बीकानेर में मौसम में आए बदलाव के साथ ही मौसम सुहावना हो गया है। बारिश ने जहां पेड़ पौधों को संजीवनी प्रदान की है तो जीव जन्तु भी इससे प्रफ्फुलित नजर आ रहे हैं। बीकानेर के बंद पड़े जन्तुआलय में निवास कर रहे हिरण सुहावने मौसम में अठखेलियां कर उछल कूद कर रहे हैं। फोटो: *नौशाद अली*

## जुगाड़ की फैकल्टी जुटाना राज्य सरकार की प्रशासनिक विफलता: एनएमसी

### ऐसा करने वाले संबंधित कॉलेज की भी तय होगी जिम्मेदारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नेशनल मेडिकल कमीशन एनएमएसी की गाइडलाइन को पूरा करने के लिए जुगाड़ की फेकल्टी के इंतजाम किए जाने पर कमीशन ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। एनएमसी ने इस संबंध में सभी राज्यों के चिकित्सा शिक्षा विभाग को पत्र लिखा है। जिसके अनुसार कमीशन की जानकारी में आया है कि अभी भी देश के कई राज्या के मेडिकल कॉलेजों में एनएमसी निरीक्षण के समय फैकल्टी को एक से दूसरे मेडिकल कॉलेज में भेजा जा रहा है। कमीशन ने अब इस तरह के जुगाड़ को राज्य सरकार की प्रशासन विफलता माना है। साथ ही संबंधित मेडिकल कॉलेज प्रशासन की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। एनएमसी ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान गणना में शामिल हुए चिकित्सक शिक्षकों की गणना उसी सत्र में दूसरे कॉलेज के लिए नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि राजस्थान में भी कॉलेजों को मान्यता दिलाने या मान्यता बचाए रखने के लिए कई बार फेकल्टी को इधर से उधर किया जाता रहा है।

### पत्रिका ड्रीम बजट कॉन्टेस्ट विजेताओं के नाम घोषित

पत्रिका ड्रीम बजट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पत्रिका ड्रीम बजट कॉन्टेस्ट विजेताओं के नाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता में भारी संख्या में एंट्रीज आई थीं। इनमें से 21 विजेताओं ने कैसरोल जीता है। इनमें राजस्थान से सोनू नाथ, राममोहन शर्मा, हिम्मत सिंह सिंघवी, पुरुषोत्तम शर्मा, बलराम, नरेश कुमावत, एकलव्य सोनी, अलका मेहता के नाम हैं। मध्य प्रदेश से सुनील कुमार गुप्ता, गोविंद यादव, सुधीर पालीवाल, नरेंद्र कुमार, प्रियंका यादव, नारायण दास, आशीष कुमार सोनी, शैलेन्द्र कुमार अहिरवार जबकि छत्तीसगढ़ से सुयांश पांडेय, मनमोहन चंद्रकार, कालेश्वर कुमार साहू, सुनील कुमार और राखी यादव हैं। पुरस्कार वितरण के लिए पत्रिका की टीम सभी विजेताओं से सम्पर्क करेगी।

पांच दिवसीय उर्स का आगाज

## धर्मगुरु का दीदार पाते ही मौला या मौला से गूंज उठा परिसर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**डूंगरपुर. चीतरी.** गलियाकोट की विश्व प्रसिद्ध पीर फखरुद्दीन शहीद की दरगाह पर बोहरा समाज के 53 वें धर्मगुरु सैयदना अली कादर मुफद्दल सैफुद्दीन बुधवार को पहुंचे। इसके साथ ही पांच दिवसीय उर्स का आगाज भी हो गया। धर्मगुरु के पहुंचते ही समाजजनों ने भव्य स्वागत किया। मौला परिवार के शहजादे एवं दरगाह कमेटी के सदस्यों की अगवानी में धर्मगुरु को शाही बंगले में प्रवेश करायाा। बाद में मौला को पालकी में दरगाह में जियारत के लिए ले गए। जैसे ही पालकी में मौला नजर आए तो पूरा दरगाह परिसर मौला या मौला से गूंज उठा। बोहरा मोमिनों ने दोनो हाथ उठाकर सजल आंखों से दीदार कर दुआ की। धर्मगुरु ने भी अपने हाथ उठाकर बोहरा मोमिनों को आशीर्वाद दिया। धर्मगुरु मौला ने दरगाह में प्रवेश कर बाबा की मजार पर माथा टेक जियारत की।


धर्मगुरु जियारत करते हुए।

### आज होगी मजलिस व वायज

उर्स व धर्मगुरु के आगमन को लेकर गलियाकोट में बोहरा समाजजनों की भीड़ उमड़ी हुई है। यहां विभिन्न प्रकार के इंतजामात किए गए है। गुरुवार व शुक्रवार को उर्स कार्यक्रम के तहत मजलिस व धर्मगुरु वायज होगी।

दोपहर की नमाज अता कर वतन की खुशहाली एवं वागड में अच्छी वर्षा की कामना की। धर्मगुरु के साथ तमाम बोहरा मोमिन ने पीर फखरुद्दीन बाबा के शहीद की याद में मातम किया एवं कुरान की तकरीरों को एक लय में गाया।

फायदा

सप्ताह में एक दिन बाजरा-ज्वार-जौ का हो इस्तेमाल, केन्द्र सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने की बना रही योजना

# मिड-डे-मील में मोटे अनाज का उपयोग बच्चों को बना सकता है तंदुरुस्त

पत्रिका एडवाइस

चन्द्र प्रकाश जोशी
patrika.com

**अजमेर.** सरकारी स्कूल में मिलने वाले मिड डे मील में मोटा अनाज का उपयोग बच्चों को भविष्य में अनेक बीमारियों से बचाने में भूमिका निभा सकता है। इससे बच्चों के साथ ही प्रदेश के मोटा अनाज उत्पादक किसानों को भी फायदा मिल सकता है। अभी मिड डे मील में मोटे अनाज का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि मिड डे मील के लिए फाइबर युक्त मोटा अनाज उपयुक्त हैं। सप्ताह में एक दिन भी मोटा अनाज से बनी खाद्य सामग्री मिड डे मील में देने से बच्चों का रुझान भी बढ़ेगा। बचपन में डाइट हैबिट में मोटा अनाज कॉलेस्ट्रोल, मोटापा, शूगर, बीपी से भी मुक्ति दिला सकता है। राजस्थान एवं देश में मोटा अनाज की पैदावार अच्छी होती है। उत्पादन के साथ अगर डिमांड बढ़ती है तो इसका सीधा असर किसान पर भी पड़ेगा। मोटा अनाज का मिड डे मील में सप्ताह में एक दिन भी उपयोग हो तो इसका चलन बढ़ जाएगा। मोटा अनाज में बाजरा, ज्वार एवं जौ प्रमुख रूप से हैं। इस मामले में अजमेर सांसद एवं केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री ने भी मोटा अनाज का उपयोग मिड डे मील में करने के संकेत दिए थे। अब केन्द्र सरकार निर्णय करे तो मोटा अनाज भी सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में मिड डे मील में मिल सकेगा। इससे बाजरे की खिचड़ी, ज्वार की राब, जौ की रोटी आदि बनाए जा सकते हैं।



**फैक्ट फाइल**

- **45** से 65 लाख टन बाजरे का प्रतिवर्ष उत्पादन राजस्थान में
- **08** राज्यों में होता है बाजरे का उत्पादन
- **13** प्रतिशत ज्वार का अकेला उत्पादन कर रहा राजस्थान
- **63** प्रतिशत जौ का उत्पादन अकेले राजस्थान में

बच्चों को फाइबर युक्त भोजन मिलेगा, उनका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पूर्व में राजस्थान के खाद्य मंत्री, खाद्य प्रमुख शासन सचिव के साथ भी मीटिंग हुई। उस समय सभी सहमत थे। इसके लिए इच्छा शक्ति की जरूरत है।



**रामपाल जाट,** राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान महापंचायत

मोटा अनाज बच्चों के लिए फायदे मंद है। इसमें फाइबर अधिक होता है। मोटापा नहीं बढ़ता है, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है, शुगर बीपी आदि बीमारियां नहीं होती हैं। मोटा अनाज में आयरन की मात्रा अच्छी होती हैं। मोटा अनाज बच्चों को खिलाने के फायदे अधिक हैं।



**डॉ. जयप्रकाश नारायण,** वरिष्ठ आचार्य, जेएलएन अस्पताल

खाद्य सुरक्षा योजना

## नहीं जुड़ पा रहे बच्चों और नवविवाहिताओं के नाम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**टोंक.** खाद्य सुरक्षा योजना का पोर्टल खुलने के बाद योजना में शामिल परिवारों को नए सदस्यों का नाम राशन कार्ड में शामिल होने की आस थी लेकिन नए सर्कुलर के साथ खुले पोर्टल में बच्चों के नाम जोडने काऑप्शन ही नहीं खुल रहा है। साथ ही उन्हीं नवविवाहितों का नाम खाद्य सुरक्षा के राशन कार्ड में जुड़ा रहा है जिनका नाम मायके में पिता के खाद्य सुरक्षा के राशन कार्ड में जुड़ा हो। ऐसे में लंबे समय से जो हजारों लोग राशन में नाम जुडने से वंचित थे, उन्हें पोर्टल शुरू होने के बाद भी निराश ही हाथ लगी है।

जिले में खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल परिवारों के नए सदस्यों का नाम नहीं जुड़ पाने से उन्हें राशन सामग्री से वंचित रहना पड़ रहा था।

ई-मित्र संचालकों ने बताया कि लंबे समय बाद शुरू हुए खाद्य सुरक्षा योजना के पोर्टल में एड मेंबर का ऑप्शन खुला है लेकिन इस ऑप्शन को खोलते ही पोर्टल पर एक लाइन लिखी हुई आ रही है। जिसमें लिखा हुआ हैं कि एनएफएसए राशन कार्ड में नाम जुड़वाना शुरू (केवल वे महिलाएं ही अपने पति के राशन कार्ड में नाम जुड़वा सकेंगी जिनके पिता का राशन कार्ड भी एनएफएसए हैं) जब तक नवविवाहिता के ओल्ड राशन कार्ड का नंबर पोर्टल पर नहीं डलेगा तब तक नवविवाहिता का नाम पति के राशनकार्ड में ट्रांसफर नहीं होगा।

ब्रेस्ट फीडिंग वीक आज से

# मां को आत्मसंबल देता है स्तनपान



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आ**ज स्तनपान सप्ताह की शुरुआत हो चुकी है। सात अगस्त तक मनाए जाने वाले इस वीक की थीम विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'अंतर को कम करना: सभी के लिए स्तनपान का समर्थन' रखी है। मां का दूध केवल नवजात के लिए ही फायदेमंद नहीं होता बल्कि खुद मां के लिए भी लाभकारी होता है। यह मां को पोस्टपार्टम डिप्रेशन और बेबी ब्लूज की समस्या से उबरने में भी सहायक होता है। शिशु के जन्म के बाद माताएं कई तरह की भावनात्मक उथल-पुथल का सामना करती हैं, जिससे वे कई तरह के विकारों से गुजरती हैं, लेकिन स्तनपान करवाने से मां को आत्मसंबल और आत्मसंतुष्टि मिलती है। एजेंसी फॉर हेल्थकेयर रिसर्च एंड क्वॉलिटी की रिपोर्ट में बताया गया है जिन महिलाओं को स्तनपान कराने में कठिनाई होती है उन्हें कई बार पोस्टपार्टम डिप्रेशन या बेबी ब्लूज की शिकायत हो जाती है।

### ब्रेस्ट फीडिंग से दूर होती है उदासी

**स्वास्थ्य** विशेषज्ञों के मुताबिक पोस्टपार्टम डिप्रेशन कई तरह के शारीरिक और भावनात्मक विकारों के संयोजन से होता है। प्रसव के बाद मां के एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन के स्तर में बदलाव इसका मुख्य कारण है। जिससे। थकावट, सुस्ती और उदासी महसूस होती है। नवजात शिशु की देखभाल को लेकर बढ़ी आपकी चिंता को भी पोस्टपार्टम डिप्रेशन का कारण माना जाता है। ब्रेस्टफीडिंग के समय मां में ऑक्सीटोसिन का स्राव होता है, जो भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ाता है और अवसाद के लक्षणों को कम कर सकता है।



मां का दूध बच्चे और मां के बीच इमोशनल बॉण्ड क्रिएट तो करता है ही साथ ही, मां में होने वाले प्रसवोत्तर अवसाद और बेबी ब्लूज को दूर करने में सहायक होता है। पहली बार मां बनी 5 में से 4 महिलाओं को बेबी ब्लूज होता है। मुख्यत: शिशु के जन्म के 2-3 दिन बाद बेबी ब्लूज का अनुभव होता है। वे 2 सप्ताह तक रह सकते हैं। ब्रेस्ट फीडिंग करवाने से यह लक्षण आमतौर पर अपने आप ही चले जाते हैं। **डॉ. शिराली रुनवाल,** स्त्री रोग विशेषज्ञ।

वायरल वीडियो

## महिला ने पूछा टायरों का वजन

**ओ**लम्पिक के बीच सोशल मीडिया पर स्टेट पीआइ मेडलिस्ट रह चुकी एक महिला का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह चार टायर उठाती हुई दिख रही है। वजन उठाते हुए महिला लोगों से टायरों का वजन पूछ रही हैं। imkavy अकाउंट से शेयर किए गए इस वीडियो को 64 लाख लोगों ने देखा और 4.5 लाख लोगों ने लाइक किया है। वीडियो में महिला ने बताया कि वह 2023 में आइएचपीपी पावर लिफ्टिंग में गोल्ड जीत चुकी है। अकाउंट पर महिला ने वजन उठाते हुए कई वीडियो शेयर किए हैं। जिन पर व्यूज देते हुए लोगों ने इनका वजन 100 किलो से अधिक बताया है।



शी कॅरिअर

## महिलाएं बनाएं मजबूत प्रोफेशनल नेटवर्क



*महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता आवश्यक है। महिला चाहे वर्क फ्रॉम होम करें या ऑफिस में काम करें। उनके लिए जरूरी है कि वह अपना प्रोफेशनल नेटवर्क मजबूत बनाएं। मजबूत पेशेवर नेटवर्क कॅरियर को आगे बढ़ाने, कौशल सीखने, सलाहकार खोजने और संसाधनों तक पहुंचने में मदद कर सकता है। - अपर्णा गौतम, कॅरियर कोच*

- अपना लक्ष्य निर्धारित करें। संभावित सम्पर्कों तक पहुंचने से पहले, आपको स्पष्ट होना चाहिए कि आप अपने नेटवर्क से क्या हासिल करना चाहती हैं। आपको किस तरह के सलाहकार चाहिए और उनसे क्या सीखना है।
- महिलाएं खुद को उन लोगों तक सीमित रखती हैं, जिन्हें वे पहले से जानती हैं या जो उनके जैसे हैं। जबकि आपको नेटवर्क में विविधता लाने और विभिन्न पृष्ठभूमि, उद्योगों, भूमिकाओं और दृष्टिकोणों से लोगों से जुड़ने की भी आवश्यकता है।
- कार्यक्रमों में भाग लेकर, ऑनलाइन समुदायों में शामिल होकर, परिचय मांगकर या अपने पसंदीदा लोगों से संपर्क करके अपने सर्किल का विस्तार कर सकती हैं।
- नेटवर्किंग का मतलब सिर्फ मदद या जानकारी मांगना नहीं है। इसका मतलब है मूल्य प्रदान करना और भरोसा बनाना। जब आप नेटवर्किंग के लिए किसी से संपर्क करती हैं, तो आपको हमेशा इस बारे में सोचना चाहिए कि आप उनकी मदद कैसे कर सकती हैं, न कि सिर्फ यह कि वे आपकी कैसे मदद कर सकते हैं।
- नेटवर्किंग का मतलब किसी दूसरे की तरह बनने का दिखावा करना या किसी ढांचे में ढल जाना नहीं है। इसका मतलब है अपने व्यक्तित्व, ताकत और जुनून को दिखाना।



- प्रोफेशनल नेटवर्किंग एक बार की घटना नहीं है, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। आपको अपने संपर्कों के साथ नियमित रूप से संपर्क बनाए रखना चाहिए और उन्हें अपनी प्रगति और लक्ष्यों के बारे में अपडेट रखना चाहिए। आप धन्यवाद नोट भेजकर, प्रासंगिक लेख साझा करके, उन्हें कार्यक्रमों में आमंत्रित करके या फीडबैक मांगकर संपर्क बनाए रख सकती हैं।
- प्रोफेशनल नेटवर्किंग उन महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है जो कुछ क्षेत्रों या वातावरण में रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रहों या भेदभाव का सामना करती हैं। इसलिए समर्थन करने वाले सहयोगी तलाशें।

***तीज स्पेशल:*** महिलाओं के लिए सिंजारा और तीज एक खास महत्त्व रखते हैं। शादी के बाद नवविवाहिताओं को पहली तीज का बेसब्री से इंतजार रहता है, आपकी पहली तीज पर क्या कुछ खास रहा आपका अनुभव। कैसे और किस तरह से मनाई पहली तीज। हमें अपने अनुभव फोटो सहित 4 अगस्त तक भेजें।

**मेहंदी डिजाइन प्रतियोगिता** पत्रिका शी न्यूज़



*तीज और सिंजारे के अवसर पर महिलाएं अपने हाथों में खूबसूरत मेहंदी लगाती हैं। इस खास मौके पर अपनी हाथों में लगी मेहंदी की फोटो शी न्यूज के साथ साझा करें। सबसे बेहतरीन मेहंदी डिजाइंस को शी न्यूज में जगह दी जाएगी। फोटो अपने नाम के साथ* **9057531584** *पर वॉट्सएप करें।*

हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews



**प्रारम्भिक शिक्षा :** एक-दो अध्यापकों पर बोझ होने से विद्यार्थियों की नींव नहीं हो पाती मजबूत

# 'प्रतिभाओं' को तराशने को नहीं 'शिल्पकार'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पाली.** बेहतर भवन के लिए नींव का मजबूत होना जरूरी है। उसी तरह संस्कारवान व बेहतर सोच का व्यक्ति बनने के लिए प्रारम्भिक शिक्षा बेहतर होनी चाहिए, जो हमारे प्रदेश में नहीं हो पा रही है। जो नन्हे-नन्हे बच्चे हैं, उनको तराशने वाले शिल्पकार शिक्षक ही स्कूलों में नहीं हैं। प्रदेश में प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में अध्यापकों व शारीरिक शिक्षकों के 1 लाख 96 हजार 530 पद आवंटित हैं। इनमें से 24 हजार 252 पद रिक्त हैं। कई स्कूल कक्षा एक से पांचवीं और आठवीं तक सिर्फ दो-चार शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। वहीं शिक्षक प्रधानाध्यापक का कार्य भी करते हैं, जिससे शिक्षण प्रभावित होता है। तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापकों में पदोन्नति की जाती है। इन वरिष्ठ अध्यापकों को डीपीसी के माध्यम से लगाया जाता है। प्रदेश में तृतीय श्रेणी अध्यापकों की वरिष्ठ अध्यापकों में डीपीसी तीन सत्र की बकाया है। ये होने पर विभाग में अधिक पद रिक्त हो जाएंगे।




जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक मुख्यालय, पाली।

### शहरी क्षेत्र में पद अधिक रिक्त

प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में पिछले सत्र में सीधी भर्ती से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। शहरी क्षेत्र में सीधी भर्ती से नियुक्तियां नहीं दी जा सकती हैं। इस कारण पद रिक्त होने से अधिक परेशानी शहरी क्षेत्र के स्कूलों में ही आ रही है। शहरी क्षेत्र में पद 6 थी प्रक्रिया के माध्यम से ही भरे जा सकते हैं।

### सरकार के निर्देश पर 6 थी से भरेंगे पद

शहरी क्षेत्र में शिक्षकों के पद रिक्त अधिक है। जो पद रिक्त है, उनको सरकार के निर्देशानुसार 6 थी के अनुसार भरे जाएंगे। शहरी क्षेत्र में सीधी भर्ती से नियुक्ति का प्रावधान नहीं है।
**मदन पंवार,**
जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक, मुख्यालय, पाली

### यह है पदों की स्थिति (11 जुलाई के अनुसार)

| पदनाम | आवंटित पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| द्वितीय श्रेणी अध्यापक (प्रअ.)/उप्रावि | 16617 | 8037 | 8580 |
| तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल द्वितीय व समकक्ष | 57235 | 51380 | 5855 |
| तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल प्रथम व समकक्ष | 114510 | 105914 | 8596 |
| शारीरिक शिक्षा अध्यापक एवं समकक्ष | 8168 | 6947 | 1221 |
| कुल | 196530 | 172278 | 24252 |

### स्कूलों में नामांकन (11 जुलाई के अनुसार)

| विवरण | प्राथमिक स्कूल | उच्च प्राथमिक | स्कूल नामांकन |
|---|---|---|---|
| स्कूल संख्या | 29001 | 16495 | 45496 |
| छात्र नामांकन | 500987 | 788385 | 1289372 |
| छात्रा नामांकन | 524137 | 861010 | 1385147 |
| कुल नामांकन | 1025124 | 1649395 | 2674519 |

### डीपीसी भी बकाया

प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में रिक्त पद है। तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापक की तीन सत्र की डीपीसी बकाया है। वह होने पर अधिक पद रिक्त होंगे। इन रिक्त पदों पर नई भर्ती हो सकती है।
**बसंत कुमार ज्याणी,** प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा

## जैसलमेर में बनेंगे पेनोरमा व लैब

**जैसलमेर @ पत्रिका.** राज्य के परिवर्तित बजट 2024-25 के वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान सीमावर्ती जैसलमेर जिले के पोकरण में 1000 मेगावाट का सोलर पार्क स्थापित किए जाने की घोषणा की गई है वहीं जैसलमेर में कला और संस्कृति का पक्ष उभारने के लिए यहां पेनोरमा बनाए जाने का निर्णय भी किया गया है।

### जैसलमेर को मिली सौगातें

- जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी के पैतृक निवास वाले गांव पूनमनगर में वर्तमान में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किए जाने की घोषणा की गई है।
- खडाल क्षेत्र के ही रायमला गांव में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में क्रमोन्नत करने की घोषणा भी राज्य के परिवर्तित बजट में की गई है।
- जैसलमेर में पेनोरमा का निर्माण करवाया जाएगा। पूर्व में जिले के रामदेवरा में बाबा रामदेव पेनोरमा का निर्माण करवाया हुआ है।

कोतवाली थाने से 700 मीटर दूर की घटना, वारदात से व्यापारियों में रोष

## एलआइसी ऑफिस के कर्मचारी से लुटेरों ने चार लाख रुपए से भरा बैग छीना

**सीकर@पत्रिका.** शहर में एलआईसी ऑफिस के कर्मचारी से मोटरसाइकिल सवार कोतवाली थाना से मात्र 700 मीटर की दूरी से भीड़भाड़ वाले बाजार से दो बदमाश दिनदहाड़े चार लाख रुपए की राशि लूट ले गए। दोनों बदमाश सीसीटीवी फुटेज में बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर तेजी से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंद करवा दी है लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार लूट की वारदात खूड़ निवासी एलआईसी ऑफिस के कर्मचारी ओमप्रकाश सैन से हुई। ओमप्रकाश सैन ने बताया कि वह कोतवाली रोड पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक से चार लाख रुपए अपने थैले में डालकर सुभाष चौक की तरफ जा रहे थे। इस दौरान बावडी गेट से चिरंजी पनवाड़ी की गली के बीच बाइक पर बाइक पर बदमाश आए। दोनों बदमाश रुपयों से भरा हुआ थैला छीनकर भाग गए। बाइक चलाने वाले बदमाश ने कैप लगा रखी है, वहीं पीछे बैठे युवक ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा है। पीछे वाले बदमाश ने रुपयों से भरा लूटा गया बैग बीच में रखा हुआ है।



पीड़ित ओमप्रकाश



सीसीटीवी कैमरे में इस तरह नजर आ रहे हैं बाइक सवार लुटेरे।

### फंदे पर झूला फैक्ट्री श्रमिक, मौत

**पाली @पत्रिका.** रास थाना क्षेत्र के एक सीमेंट फैक्ट्री स्थित लेबर कॉलोनी परिसर में सोमवार रात एक श्रमिक ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। श्रमिक युवक की आत्महत्या के कारणों की पुलिस जांच कर रही हैं। रास थानाधिकारी हुकमगिरी एवं मुख्य आरक्षी बलराम धायल ने बताया कि सीमेंट फैक्ट्री स्थित लैबर कॉलोनी में रह रहे बिहार के गोपालगंज जिला के वरी देवरिया निवासी मुकेश कुमार (30) पुत्र सुरेश यादव ने सोमवार देर शाम आवास स्थित कमरे में छत पंखे के सहारे रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। श्रमिक युवक ने आत्महत्या के समय मृतक के पिता श्रम के लिए सीमेंट फैक्ट्री में गए थे। पीछे से उसके पुत्र मुकेश ने आत्महत्या कर ली।

**युवक ने की आत्महत्या: पोकरण.** कस्बे के रेलवे कॉलोनी में निवास कर रहे रेलवे ठेकेदार के वाहन चालक ने सोमवारकी रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह 8 बजे सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे आवासीय कॉलोनी में युवक ने फंदा लगा ली है।

### एनसीडी स्क्रीनिंग में पिछड़े तो याद आई प्रोत्साहन योजना

**सीकर.** प्रदेश में जनसंख्या आधारित नॉन कम्यूनिकेबल डीजिज (एनसीडी) में पिछड़ने के बाद विभाग ने प्रोत्साहन योजना की सुध ली है। योजना के तहत तीस वर्ष से ज्यादा आयु वाले लोगों में मधुमेह, बीपी सरीखी बीमारियों के मरीजों को स्क्रीनिंग और फॉलोअप पर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विभाग ने सर्वे में पिछड़ने के बाद आशा सहयोगिनियों को यह प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किया है। अकेले सीकर जिले में सात से आठ हजार आशा सहयोगिनियों को यह राशि दी जाएगी।

रियायती दरों पर विज्ञापन बुकिंग का अंतिम दिन कल

## तलाकशुदा, विधवा-विधुर के पुनर्विवाह और सर्वसमाज का वैवाहिक विशेषांक 4 को

**जयपुर@पत्रिका.** पत्रिका समूह की ओर से समाज आधारित वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा रहा है। इस क्रम में चार अगस्त को राजस्थान के सभी संस्करणों के साथ ही भोपाल, इंदौर एवं रायपुर के संस्करणों में तलाकशुदा, विधवा-विधुर के पुनर्विवाह और सर्वसमाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जाएगा। यदि आप तलाकशुदा, विधवा-विधुर हैं अथवा बिना किसी जाति बंधन के स्वयं या परिवार के बच्चों के लिए योग्य रिश्ता खोज रहे हैं तो उसका विवरण इस विशेषांक में विशेष दर पर छपवा सकते हैं। इसके लिए शुक्रवार शाम पांच बजे तक बुकिंग कराई जा सकती है।

रियायती दरों पर बुकिंग के लिए पूरा नाम, शहर का नाम और कॉन्टैक्ट नंबर, वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे फोन पर संपर्क करेगी। इस विशेषांक के लिए विभिन्न समाजों के कई संगठन जुड़ चुके हैं। आप देश के किसी भी हिस्से में किसी भी सामाजिक संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

गौरतलब है कि गत वर्ष 18 जून, 2 व 16 जुलाई, 19 नवंबर, 3 दिसंबर तथा इस वर्ष 11 व 25 फरवरी, 28 अप्रेल व 12 मई को सर्व समाज व पुनर्विवाह वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

### स्ट्रीट वेंडर्स को देंगे नियमों की जानकारी

**जोधपुर.** स्ट्रीट वेंडर्स को उनके खिलाफ आए दिन हो रही कार्रवाई के कारण परेशानी उठानी पड़ती है। स्ट्रीट वेंडर्स ने भी सभी नियमों का पालन करने पर सहमति जताई है। कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय किया गया। हाथ ठेला केबिन फुटपाथ संयुक्त मजदूर वेलफेयर एवं विकास समिति के बैनर तले नई सड़क, सोजती गेट, बासनी, शास्त्री नगर व अन्य क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडर्स की बैठक तन्हा पीर दरगाह मंडोर पर हुई। स्ट्रीट वेंडर्स को निगम द्वारा जारी नियमों की पालन करते हुए सभी को लाइनिंग के अंदर अपना रोजगार करने के लिए समझाया गया।

## तस्करी करने की फिराक में घूम रहे चार युवक गिरफ्तार

**सांचौर.** पुलिस ने भारतमाला रोड पर रात्रि में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने की फिराक में घूम रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया।

सांचौर थानाधिकारी हुकमाराम मय जाब्ता के साथ थाना हल्का क्षेत्र में हो रही चोरी, नकबजनी की वारदातों व अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए टीमों का गठन कर निरंतर गश्त की जा रही है। गठित टीमों की ओर से कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने की फिराक में सोमवार रात्रि को भारतमाला पर घूम रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर दो वाहनों को कागजात के अभाव में जब्त किया गया। रानीवाडा रोड भारतमाला पुलिया पर नाकाबंदी की गई। भारतमाला रोड पर तेजगति से आ रहे दो वाहन को रुकवाया गया। इसमें सवार विक्रम कुमार, सुरेश कुमार, नरेश कुमार व राकेश कुमार को रात में घूमने का कारण पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। वाहनों के कागजात के बारे में पूछने पर भी नहीं मिले। जिस पर दोनों वाहन जब्त कर चारों को गिरफ्तार किया गया।

### हाथ पांव बांध महिला को ससुराल पक्ष ने पीटा

**जालोर/ बागोड़ा.** बागोड़ा थानांतर्गत विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। मामले के अनुसार विवाहिता से मारपीट की गई हैं, जिससे उसके मुंह और आंख पर सूजन आई है। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि उसकी शादी जगदीश कुमार जाट निवासी रंगाला के साथ हुई। शादी को पांच साल हो गए और तीन साल पूर्व तक गृहस्थ जीवन ठीक चल रहा था। परिवार ने दो साल अनैतिक संबंध के आरोप लगाए गए। जिसके बाद पति व ससुराल पक्ष ने मारपीट की।

## आज का राशिफल गुरुवार, 01 अगस्त 2024

| राशि | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* आप की आदतों के कारण आप ने अपनों से दूरियां बना ली। समय रहते अपने स्वभाव और व्यवहार को बदलें। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* पारिवारिक लोगों से सम्बन्ध मधुर होंगे। कार्यस्थल पर किसी से आकर्षित होंगे। भाग्योदय संभव है। कार्य मन से करें। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह* नए व्यापार की शुरुआत अनुकूल होगी। कान संबंधित पीड़ा हो सकती है। विवादों में न बोलें नुकसान हो सकता है। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* आर्थिक मामले सुलझने की उम्मीद है। जिन लोगों की आपने मदद की थी वही आप का विरोध करेंगे। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* वैचारिक मतभेद दूर होंगे। किसी को अपने मन की बात बताने का मौका मिलेगा। कारोबार में नए सौदे लाभप्रद रहेंगे। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* बीती बातों को भुलाकर अपने रिश्तों की नई शुरुआत करें। आप की उन्नति से विरोधी को तकलीफ हो सकती है। |
| तुला | *रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* सामाजिक वर्चस्व में वृद्धि होगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा है, उसी के कारण आप तनाव महसूस कर रहे हैं। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* कार्यस्थल पर सहकर्मी आप की सफलता से ईर्ष्या करेंगे। कार्यों में हो रही देरी से चिंतित होंगे। नई तकनीक अपनाएंगे। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* धार्मिक माहौल में समय व्यतीत होगा। धनार्जन के नए स्रोत स्थापित होंगे। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* रुके कार्य और योजनाओं को क्रियाशील करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बीमारी के कारण तनाव पैदा होगा। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* नई योजनाओं में पूंजी निवेश सोच समझकर करें। पुराने विवाद से युक्त जमीन जायदाद के मसले लंबित होंगे। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* नया काम शुरू करने से पहले अनुभवियों और बड़ों से मार्ग दर्शन सलाह लें। पूंजी निवेश करने में सतर्क रहें। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

**ग्रह-नक्षत्र** ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | मुहर्रम-25 | मास: | श्रावण |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | कृष्ण |

**आज का दिन**

गुरुवार, 01 अगस्त, 2024

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से प्रात: 07-35 तक शुभ, पूर्वाह्न 10-53 से अपराह्न 03-52 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा सायं 05-31 से सूर्यास्त तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-06 से दोपहर 12-58 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** द्वादशी भद्रा संज्ञक तिथि अपराह्न 03-29 तक, तदन्तर त्रयोदशी जया संज्ञक तिथि प्रारम्भ हो जायेगी।

द्वादशी तिथि में सभी चर-स्थिर, विवाह, जनेऊ व अन्य मांगलिक कार्य करने योग्य हैं, पर तेल लगाना व यात्रा नहीं करना चाहिए। त्रयोदशी तिथि में जनेऊ को छोड़कर सभी शुभ कार्य प्रशस्त हैं।

**नक्षत्र:** मृगशिर ''मृदु व तिर्य्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र पूर्वाह्न 10-24 तक, तदन्तर आर्द्रा ''तीक्ष्ण व ऊर्ध्वमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। मृगशिर नक्षत्र में विवाह, यज्ञोपवीत, यात्रा, देव-प्रतिष्ठा, वास्तु और कृषि सम्बन्धी कार्य करने योग्य हैं। आर्द्रा नक्षत्र में विद्यादि कार्य करने योग्य हैं।

**योग:** व्याघात नामक नैसर्गिक अशुभ योग दोपहर 12-50 तक, तदन्तर हर्षण नामक नैसर्गिक शुभ योग है।

**करण:** तैतिल नामकरण अपराह्न 03-29 तक, तदुपरान्त गर व वणिजादिक करण क्रमश: हैं।

**व्रतोत्सव:** आज प्रदोष व्रत व लोकमान्य तिलक पुण्य दिवस है।

**चंद्रमा :** चंद्रमा मिथुन राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**शुभमुहूर्त:** आज मृगशिर नक्षत्र में विवाह, गृहारम्भ, गृह-प्रवेश, विपणि-व्यापारारम्भ, मशीनरी व कल-कारखाना व प्रारम्भ, वाहन क्रय करना, बोरिंग, कुआं, बावड़ी, शल्य चिकित्सा व सगाई आदि के शुभ मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** गुरुवार को दक्षिण दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): दोपहर बाद 1-30 बजे से अपराह्न 3-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (कि, कू, घ, ङ छ) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि मिथुन है। मिथुन राशि के स्वामी बुध हैं। प्रात: 10-24 तक जन्मे जातकों का जन्म स्वर्णपाद से वह इसके बाद जन्मे जातकों का जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक कुछ अहंकारी, साहसी, बुद्धिमान, विचलित, मन-मस्तिक वाले और छिद्रान्वेषी होते हैं। इनका भाग्योदय 30 वर्ष की आयु के बाद ही होता है। मिथुन राशि वाले जातकों के धन-लाभ के स्रोतों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। फैशन, डिजाइन व भूमि, भवन से सम्बन्धित लाभ होगा।

#JodhpurAirport एयरपोर्ट ऑथरिटी ने पार्किंग एजेंसी से किया जवाब तलब

# एयरपोर्ट पर 2 मिनट के वसूले 30 रुपए

### अब मुख्य गेट चौड़ा किया जाएगा ताकि तेजी से निकल सके वाहन

**जोधपुर @ पत्रिका.** जोधपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक और परेशान यात्री ने एयरपोर्ट पार्किंग की बदहाल व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। यात्री से पिक एण्ड ड्रॉप के दो मिनट का समय लगने के बावजूद 30 रुपए वसूल लिए गए।

सूचना मिलने पर एयरपोर्ट ऑथरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने पार्किंग एजेंसी से जवाब तलब किया है। उधर पार्किंग की व्यवस्था और वाहन चालकों से बार-बार जुर्माना वसूली के मामले की जांच के लिए बीते दिनों दिल्ली से आई एएआई की कार्यकारी निदेशक की टीम ने एयरपोर्ट मुख्य गेट चौड़ा करने की सलाह दी हैं। साथ ही पार्किंग व्यवस्था में सुधार को लेकर भी अपनी जांच रिपोर्ट दी है। जोधपुर एयरपोर्ट में नए टर्मिनल का निर्माण कार्य जारी है। ऐसे में वर्तमान में केवल मुख्य गेट को ही चौड़ा किया जाएगा, जिससे एक साथ फ्लाइट आने के समय यात्रियों के वाहन तेजी से निकल सकें और ट्रैफिक जाम से बचा जा सके।




### शेखावत ने भी जताई थी नाराजगी

बीस जुलाई को जोधपुर आए केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी पार्किंग व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई थी और उन्होंने दिल्ली से आई टीम व जोधपुर एयरपोर्ट प्रशासन से जवाब तलब किया था।

### दो मिनट में गेट के बाहर आ गया, फिर भी जुर्माना

यात्री के साथ आए अनिकेत सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके कहा कि वे सुबह 9.05 बजे एयरपोर्ट पहुंच गए और 9.07 बजे एयरपोर्ट से बाहर आ गए। फिर पार्किंग स्टाफ ने उनसे यह कहते हुए 30 रुपए वसूल लिए कि यह न्यूनतम चार्ज है। एयरपोर्ट पर नियमानुसार 6 मिनट का पिक एण्ड ड्रॉप नि:शुल्क है, लेकिन वास्तविक अर्थ में पार्किंग एजेंसी इसे लागू नहीं कर रही है जिससे आए दिन यात्रियों की जेबें कट रही है।

विधानसभा के बेसमेंट में भी घुसा पानी

# यूपी में कई इलाकों में भारी वर्षा, पानी-पानी हुआ लखनऊ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** राजधानी समेत प्रदेश के कई इलाकों में बुधवार को भारी वर्षा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। लखनऊ में बुधवार दोपहर हुई तेज बारिश से जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ।

करीब 40 मिनट की तेज बारिश से सड़कें तालाब में तब्दील हो गई, जबकि निचले इलाकों में स्थित मकानो में बरसात का पानी प्रवेश कर गया। बारिश के चलते विधानसभा के भूतल में पानी घुस गया। वहीं, लालबाग स्थित नगर निगम के कार्यालय में बरसाती पानी प्रवेश करने से कर्मचारी कामकाज छोड़ कर ऊपरी मंजिल में चले गए।



लखनऊ स्थित विधानसभा भवन के बेसमेंट में बरसाती पानी भर गया।

### मुख्यमंत्री आवास के पास पार्क रोड टापू में तब्दील

पार्क रोड स्थित विधायक निवास कालोनी में बरसात का पानी घुस गया। मुख्यमंत्री आवास के पास पार्क रोड टापू में तब्दील में हो गई। अमीनाबाद बाजार में दुकानो में पानी प्रवेश करने से दुकानदार परेशान दिखे। मौसम विभाग ने पहले ही बांदा, चित्रकूट, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की थी। विभाग के अनुसार वर्षा का यह क्रम गुरुवार को भी जारी रहने का अनुमान है। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में तेज बारिश और ब्रजपात की संभावना जताई गई है। बारिश होने से लोगों को उमस भरी चिपचिपी गर्मी से फौरी राहत मिली और तापमान में भी कमी दर्ज की गयी। बारिश होने से कई इलाकों में बत्ती गुल कर दी गई, कई क्षेत्रों में लोकल फाल्ट को ठीक करने में बिजलीकर्मी व्यस्त दिखे।

## मुकुट मुखारविंद मंदिर का सेवायत 1.9 करोड़ की राशि लेकर फरार

**गोवर्धन: दान राशि बैंक में जमा कराने निकला था सेवायत**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मथुरा.** गोवर्धन के मुकुट मुखारविंद मंदिर का सेवायत 1.09 करोड़ रुपये लेकर फरार हो गया है। यह राशि मंदिर को दान की गई थी।

सेवायत इस राशि को बैंक में जमा कराने के लिए निकला था, लेकिन वह ना तो बैंक पहुंचा और ना ही वापस मंदिर आया। इसके बाद उससे जब संपर्क करने की कोशिश की गई, तब उसका फोन स्विच ऑफ मिला। मंदिर प्रबंधक की ओर से इस मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है।

मंदिर प्रबंधक चंद्र विनोद कौशिक ने सेवायत दिनेश चंद के खिलाफ जालसाजी करने और धनराशि को बैंक में जमा नहीं कराने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सेवायत दिनेश चंद मंदिर के 1.09 करोड़ रुपए लेकर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में जमा कराने गया था। लेकिन, उसने पैसे नहीं जमा किए और अब उससे कोई संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। मंदिर के सेवायत के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उस पर मंदिर में आए दान की राशि लेकर फरार होने का आरोप है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

विधान परिषद में एनपीएस पर सवाल के जवाब में बोले मुख्यमंत्री

# भाजपा सरकार ने खोले 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते: योगी

**पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 फीसदी किया**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 22017 में भाजपा की सरकार बनाने के बाद राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाता खोलने का कार्य किया गया।

विधान परिषद् में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर योगी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई, तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा सरकार थी। वहीं, 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी के पेंशन खाते नहीं खोले गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब ये बात हमारे सज्ञान में आई, तब हमने तत्कालीन फाइनेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया। कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। ये लगभग आठ लाख कर्मचारियों से संबंधित मुद्दा था, तब ये बात सामने आई थी कि कर्मचारी की लास्ट पेमेंट जो ड्रॉ होगी, उसका 50 प्रतिशत देने के लिए आवश्यक होगा कि सरकार अपना शेयर थोड़ा और बढ़ाए। आंकलन में पता लगा कि अगर सरकार और कर्मचारी समय से पैसा जमा करें और कर्मचारी किसी स्कीम से अपना पैसा जोड़ता है तो रिटायरमेंट के बाद करीब 60 प्रतिशत तक पैसा पेंशन के रूप में उसे प्राप्त हो सकता है। इसके बाद हमने पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया है। हमने सभी कर्मचारियों के अकाउंट खोले, 2005 से 2017 तक का पैसा जो कर्मचारियों के खाते में नहीं गया था, क्योंकि खाता ही नहीं था, उस पैसे को भी डालने का कार्य किया।



### लाल बिहारी यादव बने नेता विरोधी दल

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद् में नेता विरोधी दल बनने पर बधाई दी और चुटकी लेते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप हमेशा नेता विरोधी दल बने रहें। उन्होंने कहा कि ये उच्च सदन है, यहां आने वाले माननीय सदस्यगण सभी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ स्थानीय निकाय, कुछ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, कुछ स्नातक मतदाताओं व माननीय राज्यपाल जी के मनोनयन से यहां आते हैं। सरकार आपकी भावनाओं का पूरा सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही पीठ से जो भी आवश्यक दिशा-निर्देश मिलते हैं, उनका भी सम्मान किया जाता है।

### धनराशि वापस लाने का किया गया काम

योगी ने कहा कि 2005 में न्यू पेंशन स्कीम लागू होने के वक्त जिन कर्मचारियों की नियुक्ति अंतिम चरण में थी, ऐसे 70 हजार लोगों को ओल्ड पेंशन स्कीम में ही रखा, इनमें एक बड़ी संख्या शिक्षकों की है। सीएम योगी ने कहा कि न्यू पेंशन स्कीम को प्राइवेट बैंकों में जमा करने की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और इसमें कार्रवाई भी की गई है, साथ ही धनराशि को वापस लाने का कार्य किया गया है। सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े।

अयोध्या: 500 दर्शकों के बैठने की होगी क्षमता

# श्रीरामजन्मभूमि परिसर में 80 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा ऑडिटोरियम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अयोध्या.** राम मंदिर परिसर में प्रस्तावित ऑडिटोरियम और अतिथि गृह के साथ श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यालय की डिजाइन को अनुमोदित करने के बाद निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। निर्माण एजेंसी यूपीआरएनएन ने ऑडिटोरियम समेत पूरी परियोजना का आगणन 80 करोड़ रुपए निर्धारित कर दिया है। इस परियोजना के लिए विभाग की ओर से ग्लोबल टेंडर भी जारी कर दिया है। इसकी पुष्टि अधिकारियों ने ही की है।

राम मंदिर में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा को लेकर आयोजित भवन निर्माण समिति की बैठक में समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) के अधिकारियों के अलावा राम मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा, डिजाइन एसोसिएट के आर्किटेक्ट जय कानीटकर, एलएण्डटी के परियोजना निदेशक वीके मेहता, टीसीई के परियोजना निदेशक बिनोद कुमार शुक्ल समेत तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय व न्यासी डा अनिल मिश्र के संयुक्त बैठक में सबकी सहमति से ऑडिटोरियम की डिजाइन को मंजूरी प्रदान कर दी। इस ऑडिटोरियम में पांच सौ दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। इसमें इंटीरियर डेकोरेशन के अतिरिक्त लाइट एण्ड साउंड सिस्टम भी शामिल हैं।



### शिखर का निर्माण तय समय में पूरा करना चुनौती

भवन-निर्माण समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र का कहना है कि राम मंदिर के 161 फिट ऊंचे शिखर का निर्माण निर्धारित समय में पूरा करना चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण तभी पूरा होगा जबकि द्वितीय तल का निर्माण हो जाएगा। उधर, शिखर निर्माण के बाद इस पर 44 फिट ऊंचा ध्वज स्तम्भ भी स्थापित किया जाना है। इस ध्वज स्तम्भ का निर्माण अहमदाबाद गुजरात में कराया गया है। धातु से बने इस ध्वज स्तम्भ का वजन करीब पांच टन है। उन्होंने बताया कि यदि अविलंब श्रमिकों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो काम दो माह पीछे हो जाएगा।

12 लोगों ने 2019 में दर्ज कराया था मुकदमा

## डूंगरपुर बस्ती मामले में पूर्व मंत्री आजम खान समेत छह बरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रामपुर.** जिले की एक विशेष अदालत ने डूंगरपुर बस्ती मामले में सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री आजम खान समेत 6 आरोपियों को बरी कर दिया है। डूंगरपुर प्रकरण 2016 का है, जब प्रदेश में सपा की सरकार थी और आजम खान कैबिनेट मंत्री थे। उन्होंने पुलिस लाइन के पास डूंगरपुर में गरीबों के लिए आसरा आवास बनवाए थे। आरोप है कि इस दौरान कुछ लोगों के पहले से बने मकानों को सरकारी जमीन पर बताकर तोड़ दिया गया था। इन लोगों ने भाजपा की सरकार बनने के बाद 2019 में गंज कोतवाली में मुकदमे दर्ज कराए थे। 12 लोगों की ओर से दर्ज मुकदमों में आरोप लगाया गया है कि सपा सरकार में आजम खां के इशारे पर पुलिस और पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बस्ती में आसरा आवास बनाने के लिए उनके घरों को जबरन खाली कराया। उनका सामान लूट लिया गया और मकानों पर बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त कर दिया गया था।



**आजम के कुल 12 केसों में से 6 में पूरी हुई सुनवाई:** प्रकरण में आजम खान, पूर्व सीओ आले हसन, बरकत ठेकेदार, परवेज शमसी, इकराम खान, इमरान सहित छह को बरी किया है, जबकि आरोपी सज्जाद की मौत हो चुकी है। आजम के कुल 12 केसों में से 6 में सुनवाई हो चुकी है। इन 4 मामलों में आजम खान बरी हो चुके हैं, जबकि दो में उन्हें सजा हो चुकी है। एक में 10 साल और दूसरे में सात साल की सजा हो चुकी है। बुधवार को वादी इदरीस पुत्र इलाही बख्श, निवासी शिवपुरी थाना स्वार रामपुर के मामले में फैसला सुनाया गया। फैसला एडीजे प्रथम/ईसी एक्ट एमपी एमएलए कोर्ट के जज डॉ. विजय कुमार ने सुनाया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में करंट से हरियाणा के तीन कांवड़ियों की मौत

**सहारनपुर @ पत्रिका.** जिले के थाना सरसावा क्षेत्र में मंगलवार देर रात कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगे पाइप के बिजली की तार छूने से ट्रैक्टर-ट्राली में करंट फैल गया। ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार तीन कांवड़ियों की करंट लगने से मौत हो गई। ट्रॉली पर लगे पाइप के बिजली की तार छूने पर हरियाणा के कैथल निवासी कुलदीप-लखन झुलस गए। उन्हें राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की मौत हो गई और अन्य कांवड़ियों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

एक अन्य हादसे में भायला गांव के पास धान से भरी ट्रैक्टर-ट्राली और पिक-अप कार की टक्कर हो गई। पिक-अप कार में हरियाणा के पानीपत क्षेत्र के 12 कांवड़िए सवार थे। उनमें से सेठपाल की मौत हो गई।

साइबर ठगी | महिला डॉक्टर को दो घंटे रखा डिजिटल अरेस्ट

# मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के नाम पर दो लाख रुपए ठगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगरा.** कमिश्नरेट में डिजिटल अरेस्ट का पहला मामला साइबर सेल तक पहुंचा है। सिकंदरा क्षेत्र निवासी एक महिला डॉक्टर को दो घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा गया। उन्हें वीडियो कॉल काटने नहीं दिया गया। वारंट जारी करके तत्काल गिरफ्तार करने की धमकी दी गई। दहशत में आई महिला डॉक्टर से दो खातों में दो लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। घटना 26 जुलाई की है।

पीड़ित महिला डॉक्टर सिकंदरा क्षेत्र स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में रहती हैं। उनके पास पहले एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को केंद्रीय जांच एजेंसी का अधिकारी बताया। महिला डॉक्टर से कहा कि उनका खाता मनी लॉन्ड्रिंग के एक केस में रडार पर आया है। उनकी जांच चल रही है। जांच में सहयोग नहीं किया तो उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। इस मामले को गोपनीय रखें। फोन करने वाले ने महिला डॉक्टर को उनका नाम और आधार नंबर भी बताया। उसके बाद उनसे कहा कि अब उन्हें वीडियो कॉल पर लिया जाएगा। जांच एजेंसी के अधिकारी उनसे बातचीत करेंगे। उनके सवालों के जवाब देना। फोन नहीं काटना। फोन काटा तो यह माना जाएगा कि आप जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के केस में शामिल हैं।

### साइबर शातिरों ने महिला डॉक्टर से वीडियो कॉल पर की बात



इसके बाद उनके पास वीडियो कॉल आया। कॉल में कुछ लोग पुलिस की वर्दी में दिख रहे थे। ऐसा लग रहा था कि जैसे किसी पुलिस अधिकारी के कार्यालय से फोन आया है। वह घबरा गईं। एक-एक करके उनसे कई लोगों ने बातचीत की। उनसे कहा गया कि अपने खाते से संबंधित जानकारी दें। जो भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किए हैं उनके बारे में बताएं। खाते में जितनी भी रकम है उसे बताएं, खाता नंबर में ट्रांसफर करें। यह रकम जांच के बाद वापस कर दी जाएगी।

### दो खातों में की दो लाख रुपए की रकम ट्रांसफर

**साइबर** शातिर जैसा कहते गए दहशत में आईं महिला डॉक्टर ने वैसा ही किया। दो खातों में दो लाख रुपए की रकम ट्रांसफर कर दी। करीब दो घंटे तक उन्हें कमरे से हिलने नहीं दिया गया। उन्हें एक ही जगह बैठाए रखा गया। साइबर शातिर वीडियो कॉल पर बने रहे। जब भी वह उठने का प्रयास करतीं उन्हें धमकाया जाता। कहा जाता कि एक ही जगह रहें। कमरे से बाहर जाने का प्रयास नहीं करें। ऐसा किया तो समझा जाएगा कि वह भागने की कोशिश कर रही हैं। कुछ ही देर में पुलिस उन्हें पकड़ लेगी। वारंट तत्काल जारी होगा।

जल जीवन मिशन की धीमी गति पर विधायकों ने जताई नाराजगी

# सभी सवालों को नोट कर रहे हैं, बिंदुवार जवाब देंगे: सोरेन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को जल जीवन मिशन की धीमी गति को लेकर जमकर पक्ष-विपक्ष के सदस्यों की ओर से नाराजगी जताई गई।

वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया, जबकि बीजेपी विधायकों के शोर-शराबे के प्रश्नोत्तर काल की कार्यवाही बाधित रही। विपक्ष के हंगामे के बीच सीएम हेमंत सोरेन ने खुद हस्तक्षेप करते हुए जवाब दिया और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि वो हर सवालों का जवाब देंगे और जाने से पहले विपक्ष को संतुष्ट करेंगे। भाजपा के अनंत ओझा के एक सवाल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बहुत सारी चिंताएं विपक्ष को हैं, उनकी कुर्सी में कांटा लग गया है, इसलिए बैठ नहीं पाते हैं। जब से मैं जेल से बाहर आया हूं, तब से कुछ ज्यादा ही कांटा चुभ रहा हैं। मैं आपके आश्वस्त करता हूं कि आनके सभी सवालों का जवाब दूंगा।

हमारी बारी आएगी तो मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप हमारी बातों को सुनेंगे। बिल्कुल आपके संतुष्ट करके आपके सदन में विदा करें, बिल्कुल आश्वस्त रहे। आप लोगों का धरना प्रदर्शन भी हमने देखा, जो मंशा है वो भी हम लोगों ने समझ लिया है। आपके सभी सवालों को एक-एक करके हम नोट कर रहे हैं और बिन्दुवार सबका जवाब देंगे। नौकरी से लेकर के जितनी भी इनकी इच्छाएं है, सबका जवाब देंगे।

### प्रदेश के 33.75 लाख घरों तक पहुंचा पेयजल

इससे पहले, मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि राज्य में जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल 62.48 लाख ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजलापूर्ति कराए जाने के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 33.75 लाख घरों तक शुद्ध पेयजलापूर्ति चालू की जा चुकी है। उन्होंने यह कुल लक्ष्य का 54.02 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि साहेबगंज जिलों जल जीवन मिशन के तहत 2,81,735 घरों में नल से जलापूर्ति किया जाना है, जिसके विरुद्ध 1 लाख 29 हजार 67 घरों में जल से पेयजलापूर्ति किया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य 45.81 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि साहेबगंज शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य 2011-12 से प्रारंभ हुआ था।

पश्चिमी चम्पारण

## इंडियन बैंक से चुराई गई बंदूक बरामद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेतिया.** पश्चिमी चम्पारण जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के लौकरिया स्थित इंडियन बैंक की शाखा से चुराई गई दोनाली बंदूक और पांच कारतूस को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 रजनीशकांत प्रियदर्शी ने यहाँ बताया कि 15 जुलाई की रात इंडियन बैंक की शाखा से ताला तोड़कर सेफ रूम से चुराई गई सुरक्षाकर्मी की दोनाली बंदूक तथा पांच कारतूस को पुलिस ने बरामद कर लिया है। प्रियदर्शी ने बताया कि इस मामले में तुमकड़िया गांव निवासी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, मुख्य आरोपी लौकरिया निवासी शराब धंधेबाज प्रवेश कुमार फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

पीजी डिप्लोमा के विद्यार्थियों की औसत उम्र है 43 साल

## एक्सएलआरआइ में ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम के नए सत्र की हुई शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड में एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई। एआइसीटीई अप्रूव इस ऑनलाइन कोर्स में कुल 97 विद्यार्थियों को एडमिशन मिला है। सोमवार को नए सत्र की शुरुआत हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एक्सएलआरआइ एल्यूमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष राणावीर सिन्हा, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन एंड फाइनांस फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर संजय पात्रो उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को एक्सएलआरआइ की विरासत से अवगत कराया गया। बताया गया कि उक्त कोर्स को 2022 में लॉन्च किया गया था। कोर्स का यह तीसरा सत्र है। दो साल के इस कोर्स को एआइसीटीइ से मान्यता मिली है। उन्होंने एक्सओएल प्रोग्राम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रोग्राम को वही कर पाते हैं जिन्हें इंडस्ट्री में कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने कहा कि जरूरी यह नहीं है कि आपको दो साल के बाद डिग्री मिली जाएगी, जरूरी यह है कि आप दो साल के दौरान क्या कुछ सीखते हैं और उसे किस प्रकार अमल में लाते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राणावीर सिन्हा ने कहा कि एक्सएलआरआइ कामकाजी लोगों के लिए ऑनलाइन पढ़ाई शुरू करने वाला पहला संस्थान है।

### आप असाधारण हैं, आपमें प्रतिभा है

एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने विद्यार्थियों को बधाई दी। सभी का स्वागत करते हुए कहा कि एक्सएलआरआइ के इस कोर्स में चयन होना ही इस बात के लिए साबित करता है कि आप असाधारण हैं, आपमें प्रतिभा है।

# विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग में बड़े घोटाला का आरोप लगाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य मंत्री पर एक गंभीर घोटाला करने का आरोप लगाया हैं और इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक अभ्यावेदन सौंपा हैं।

अभ्यावेदन में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार चयनित मानव बल आपूर्ति करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसियों का इम्पैनल्ड रद्द करने का आदेश दिया है और एक माह के भीतर नए सिरे से आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन करने के लिए अस्पतालों के अधीक्षक और जिला के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है। आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित निविदा के आधार पर हुआ था। स्वास्थ्य मंत्री के प्रभाव में विभाग ने एक साल तक इसके साथ एकरारनामा नहीं किया और पूर्व से चल रही व्यवस्था को लागू रहने दिया। अब इनका इम्पैनल्ड रद्द कर ये चाहते हैं कि पूर्व की भांति ही आउट सोर्सिंग एजेंसी द्वारा मानव बल उपलब्ध कराने का काम चलता रहे।

### एजेंसी नियुक्त करने के दिए निर्देश

राय ने कहा कि आश्चर्य है कि मंत्रिपरिषद द्वारा पारित संकल्प के आधार पर झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित निविदा द्वारा चयनित आउटसोर्सिंग कम्पनी का पैनल मंत्री ने स्वयं रद्द कर दिया और मंत्रिपरिषद को सूचित किये बिना अपने स्तर पर ही उन्होंने विज्ञापन निकालकर एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन और अस्पताल के अधीक्षकों को दिया।

### एक माह के भीतर निविदा निष्पादन संभव नहीं

स्वास्थ्य मंत्री जानते हैं कि एक माह के भीतर निविदा निष्पादन संभव नहीं है, क्योंकि एक माह में चुनाव की घोषणा हो जाएगी और आदर्श आचार संहिता लग जाएगी। प्रकांतर से पूर्व से चल रही इस व्यवस्था को ही कायम रखने की साजिश स्वास्थ्य मंत्री कर रहे हैं। वस्तुत: यह बहुत बड़ा घोटाला है, जिसकी जाँच मुख्यमंत्री कराए और अनियमिता होने से रोके। इस बारे में माननीय मुख्यमंत्री को समर्पित अभ्यावेदन की प्रति संलग्न है।

## जमुई: 25 लाख की शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जमुई.** जिले के सोनो थाना क्षेत्र से उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को ट्रक पर लदी 247 कार्टन विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि प्रदेश में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सोनो थाना क्षेत्र के डुमरी चौक के समीप नाकेबंदी कर झारखंड से आ रही गाड़ियों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में ट्रक में आटा और मुर्गी के दाने के बोरे के बीच में रखी 247 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गई। शराब की खेप को मुंगेर ले जाया जा रहा था। बरामद शराब की कीमत करीब 25 लाख रुपए है। मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान नवादा निवासी राजन कुमार झा व नालंदा निवासी नीतीश यादव के रूप में की गई है।

रोहतास जिले के खैरा गांव की घटना

## आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के 2 की मौत, 5 लोग घायल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रोहतास.** जिले के करगहर थानाक्षेत्र के देव खैरा गांव में एक ही परिवार के सात लोग ठनका की चपेट में आ गए। उनमें से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। घायलों में चार महिलाएं और एक पुरुष हैं।

शंकर राम और विवेक कुमार की मौत हो गई है। परिजनों ने बताया कि यह सभी लोग छत पर खाना बना और खा रहे थे, तभी बारिश शुरू हो गई व आकाशीय बिजली उनके घर पर गिर गई, जिसकी चपेट में 7 लोग आ गए। सभी को इलाज के लिए करगहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उनमें से शंकर राम और विवेक कुमार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, 5 घायल लोगों का इलाज जारी है। घायलों में एक पुरुष और 4 महिलाएं हैं। इधर, सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, इस दर्दनाक घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# चेतावनियों की अनदेखी के विनाशकारी नतीजे

लगातार दी जा रही चेतावनियों का नतीजा आखिरकार सामने आ ही गया। वैज्ञानिक बार-बार चेता रहे हैं कि भारत के पश्चिमी तट पर वर्षा का पैटर्न बदलता जा रहा है। वर्षा अक्सर एक छोटे से क्षेत्र में तीव्र, अल्पकालिक या गरज के साथ हो रही है। वजह भी दक्षिण-पूर्व अरब सागर के गर्म होने की बताई जा रही है। मंगलवार को केरल जिले के वायनाड में अपने साथ किए जा रहे खिलवाड़ से गुस्साई प्रकृति भी रौद्र रूप में सामने आ गई। प्रकृति के इस रूप ने केरल की हरियाली से लबरेज उन तमाम तस्वीरों को मटियामेट कर दिया जिनके माध्यम से केरल को सर्वाधिक समृद्ध जैव विविधता वाले राज्य के रूप में पहचाना जाता है।

जाने कितनी ही बार हमने 'ईश्वर के अपने देश' के रूप में केरल को देखा-सुना है। यह इसलिए भी क्योंकि प्रकृति ने इस राज्य को सौंदर्य के अनगिनत विशेषणों से अलंकृत किया है। यही वजह है कि केरल घरेलू पर्यटकों के लिए सबसे पसंदीदा जगह है। वायनाड में हुए भयावह भूस्खलन की तस्वीरों ने सबको इस कद्र बेचैन कर दिया है कि अब जरूरत उन कारणों की तलाश की हो गई है जिनकी वजह से यह विनाशलीला सामने आई। पिछले कुछ वर्षों में किए गए अध्ययन बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन और वन क्षेत्र की हानि वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन के दो सबसे महत्त्वपूर्ण कारण हैं। राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के बीते वर्ष जारी भूस्खलन एटलस के मुताबिक, भारत के 30 सर्वाधिक भूस्खलन-संभावित जिलों में से 10 केरल में ही थे, और वायनाड इनमें 13वें स्थान पर था। इसी में यह भी कहा गया था कि पश्चिमी घाट और तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, गोवा व महाराष्ट्र की कोंकण पहाड़ियों का 90 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है। दूसरी ओर, वायनाड में घटते वन क्षेत्र पर 2022 के एक अध्ययन से पता चलता है कि 1950 से 2018 के बीच जिले में 62 फीसदी वन गायब हो गए, जबकि बागान (प्लांटेशन) क्षेत्र में लगभग 1,800 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जाहिर है कि वनों की कटाई से भू-भाग कमजोर हो चुका है जो तेज बारिश में बार-बार भूस्खलन की वजह बनता है।

पारिस्थितिकीविद माधव गाडगिल पैनल की सिफारिश पर अमल नहीं होने की बात भी सामने आई है। पैनल ने वर्ष 2011 में ही पश्चिमी घाट की पूरी पहाड़ी शृंखला को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर इंसानी गतिविधियों पर रोक की सिफारिश की थी। समय रहते नहीं चेते तो वायनाड जैसी तस्वीरें और देखने को मिलते देर नहीं लगने वाली।

**साक्षात्कार:** भारत के विश्वविद्यालयों की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग से तुलना करना उचित नहीं

# 'प्रतिभा पलायन जैसी कोई चीज नहीं'

*विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को ज्ञान का केंद्र माना जाता है, लेकिन फर्जी विश्वविद्यालयों और दूसरी समस्याओं के कारण इन ज्ञान केंद्रों को लेकर कई सवाल भी उठते रहते हैं। विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता से भी छेड़छाड़ के प्रयास होते हैं। शोध की गुणवत्ता के मामलों को लेकर भी भारतीय विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा किया जाता है। पेश है इसी तरह के मुद्दों पर* ***विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी*** *के साथ* ***पत्रिका संवाददाता डॉ. मीना कुमारी*** *की बातचीत के मुख्य अंश:*

**Q** ***फर्जी यूनिवर्सिटी-कॉलेजों को रोकने के लिए यूजीसी क्या कदम उठा रहा है?***
यूजीसी फर्जी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को ब्लैक लिस्ट में तो डालता ही है, साथ ही साथ सम्बंधित राज्यों के उच्चतर शिक्षा विभागों को भी ऐसी फर्जी संस्थाओं के खिलाफ सम्यक् कार्रवाई के लिए आग्रह करता है। कई ऐसे फर्जी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के मामले में तो एफआइआर तक भी दर्ज की गई है। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को गैरकानूनी गतिविधियों से रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें नियामक ढांचे को मजबूत करना, निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली को बेहतर बनाना, कठोर कार्रवाई करना और जागरूकता अभियान चलाना शामिल है। यह एक सतत प्रक्रिया है और सभी हितधारकों को मिलकर प्रयास करने होंगे।

**Q** ***प्रतिभाओं का भारत से पलायन रोकने के लिए क्या किया जा रहा है और क्या किया जाना चाहिए?***
भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना में विश्वास करता है। जब धरती ही एक परिवार है तो प्रतिभा पलायन का प्रश्न ही नहीं उठता। प्रतिभा पलायन जैसी अवधारणा को तो हम मानते ही नहीं। यह हम सबके लिए अत्यंत गर्व की बात है कि दुनिया के हर कोने में भारत के लोग विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रखर प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

**Q** ***पिछले दिनों यूनिवर्सिटी की स्वायत्तता सवालों के घेरे में रही है। क्या आप इससे सहमत हैं?***
विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता महत्त्वपूर्ण मद्दा है। उनको शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों में स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। इससे उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और नवाचार को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

**Q** ***यूनिवर्सिटी की फंडिंग का पैटर्न बदला गया है। इसका क्या असर हुआ है?***
विश्वविद्यालयों की फंडिंग पैटर्न में बदलाव से फंड स्टैग्नेशन में कमी आई है। इससे विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, बुनियादी ढांचे और छात्र सहायता के लिए अधिक फंड प्राप्त करने में मदद मिल रही है। हाल के दिनों में निजी कंपनियों ने भी अनुसंधान के क्षेत्र में निवेश और फंडिंग में दिलचस्पी दिखाई है। मैं इसे एक सकारात्मक परिवर्तन मानता हूं।



**Q** ***दुनिया में भारतीय यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है तो इसकी वजह आप क्या मानते हैं?***
ध्यान से देखें तो भारतीय उच्च शिक्षण संस्थान वैश्विक और साथ ही राष्ट्रीय रैंकिंग ढांचे में लगातार अपने रैंकिंग में सुधार कर रहे हैं। भारतीय विश्वविद्यालयों ने देश की स्थिति और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार प्राथमिकताओं का निर्धारण किया है। हर विद्यार्थी तक उच्च शिक्षा की पहुंच हो, भारतीय विश्वविद्यालय इस जिम्मेदारी को अच्छी तरह से जानते हैं। इसलिए, इन हालात को देखें बिना अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की तुलना भारतीय विश्वविद्यालयों से करना आधी-अधूरी बात हो सकती है। हमें 'वन साइज फिट्स आल' के दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिए।

**Q** ***दो बार एडमिशन की प्रक्रिया के प्रावधान के बारे में आपका क्या कहना है?***
यूजीसी की साल में दो बार प्रवेश योजना एक सकारात्मक पहल है। यह योजना शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और छात्रों को फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।यह योजना सभी विश्वविद्यालयों पर अनिवार्यतः लागू नहीं है।

**Q** ***अकादमिक जगत में आम धारणा है कि भारत में 90 प्रतिशत थीसिस प्रकाशन के योग्य नहीं होती, न ही उसमें कोई विशेष शोध निकलकर सामने आता है। यूजीसी की क्या योजना है इस विषय पर ?***
पीएचडी उच्च शिक्षा का सर्वोच्च स्तर है और इसका उद्देश्य मौलिक ज्ञान का सृजन और अनुसंधान में महत्त्वपूर्ण योगदान करना है। यूजीसी ने पीएचडी उपाधि प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानदंड और प्रक्रिया विनियम, 2022 को अधिसूचित किया है। पीएचडी अवार्ड होने से पहले विद्यार्थियों को शोध के कई अनिवार्य चरणों से गुजरना पड़ता है। साथ ही उपाधि प्रदान करने के लिए मूल्यांकन तथा निर्धारण पद्धतियां सुनिश्चित की गई हैं। इन सभी मानकों पर खरा उतरने के पश्चात ही पीएचडी उपाधि प्रदान की जाती है। इसके बाद भी पीएचडी की गुणवत्ता को लेकर अगर किसी विश्वविद्यालय के बारे में आयोग को कोई शिकायत प्राप्त होती है तो आयोग में एक विशेषज्ञ समिति है जो मामले की जांच कर अपनी अनुशंसा देती है और उसके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

**Q** ***रिसर्च की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाने के लिए किस तरह के सुधार अपेक्षित हैं? नवीन शोध पद्धति को कैसे बढ़ावा दिया जाए?***
भारत में अनुसंधान स्थिति को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक लाने के लिए एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार, शिक्षाविदों, उद्योग और समाज के सभी क्षेत्रों को मिलकर काम करने की जरूरत है। अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने, अनुसंधान के लिए पर्याप्त अनुदान की व्यवस्था करने, अनुसंधान के बुनियादी ढांचे में सुधार करने, अनुसंधान मूल्यांकन प्रणाली को मजबूत करने और नवीन अनुसंधान पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। ऐसा होने पर ही भारत वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदानकर्ता बन सकता है।

**Q** ***विभिन्न विश्वविद्यालयों में समय पर पदोन्नति कैसे शुरू की जाए। कई शिक्षक एक दशक से अधिक समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं।***
यूजीसी विभिन्न विश्वविद्यालयों में समय पर पदोन्नति को लेकर गंभीर है और इसके लिए समय-समय पर सार्वजनिक सूचना, दिशानिर्देश और विश्वविद्यालयों के कठिनाई निवारण के लिए पत्र भी जारी करता रहता है। विश्वविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और शैक्षिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हता तथा उच्चतर शिक्षा मानकों का ध्यान रखें।

**Q** **हम अपनी आधुनिक शिक्षा प्रणाली में गुरुकुल (व्यवहार आधारित शिक्षा) प्रणाली के घटकों को कैसे शामिल कर सकते हैं?**
गुरुकुल प्रणाली एक प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण है जो व्यावहारिक अनुभव और ज्ञान के महत्त्व पर खास जोर देती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में गुरुकुल प्रणाली के कुछ घटकों को शामिल करने से शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को ही लाभ हो सकता है, जैसे कि गुरु-शिष्य संबंध को बढ़ावा देना, अनुभवजन्य शिक्षा तथा नैतिक और मूल्य-आधारित शिक्षा पर ध्यान देना आदि। यह ध्यान रखना बेहद महत्त्वपूर्ण है कि गुरुकुल प्रणाली को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप ढालना ही होगा। इसके कुछ मूल सिद्धांतों को शामिल करने से शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के समग्र विकास में सुधार हो सकता है। गुरुकुल प्रणाली के कुछ घटकों को शामिल करने से शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए अधिक समृद्ध और सार्थक शैक्षणिक अनुभव बनाने में मदद मिल सकती है। इसके लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली में शिक्षकों को नोडल ट्रेनर के तौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**Q** ***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्वगुरु बनाने को कृतसंकल्प हैं। इसके लिए यूजीसी द्वारा अकादमिक में क्या-क्या नवाचार किए जा रहे हैं ?***
भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जाने में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) भी अपने स्तर पर सम्यक प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार लाना है। विश्वविद्यालयों और दूसरे उच्च शिक्षण संस्थानों से उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ-साथ छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। हमारा मानना है कि अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास इन तीनों का एकीकरण आत्मनिर्भर भारत की नींव है। यूजीसी ने शोध के नए आयामों और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालयों में अनुसंधान और विकास सेल की स्थापना के दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन नवाचारों से भारत को शिक्षा-अनुसंधान के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी और विश्वगुरु बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो पाएगा।

**फैक्ट फ्रंट**

उड़ने की अद्भुत क्षमता के धनी

## हमिंगबर्ड पक्षी

इन्हें आकाश का चमत्कार कहा जाता है और ये उड़ने की अपनी प्रभावशाली क्षमताओं के लिए जानी जाती हैं। हमिंगबर्ड परिवार में 368 प्रजातियां हैं, जो कई तरह के आकार और चमकीले रंगों में पाई जाती हैं। ये पक्षी मूलतः अमरीका के हैं जहां उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इनकी सबसे अधिक विविधता है। इनके अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा जोखिम है आवास का नुकसान। कई प्रजातियां पुराने, उष्णकटिबंधीय जंगलों में प्रजनन करती हैं जहां वनों की कटाई अधिक होने लगी है।



**जीवनकाल:** 3 से 5 वर्ष
**वजन:** 1.6 से 6.5 ग्राम

**प्रसंगवश**

# सुधार गृह नहीं बल्कि अपराध प्रशिक्षण का घर बन रही हैं जेलें

### जेलों में सख्त अनुशासन के साथ जेल प्रबंधन में सुधार करना और भ्रष्टाचार को रोकना बहुत आवश्यक है

जेलों को सुधार गृह कहा जाता रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि हमारी जेलें अपराध प्रशिक्षण केन्द्र ज्यादा बनती जा रही हैं। कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और क्षमता से अधिक कैदियों के कारण जेलें अपराधियों की शरणगाह के रूप में ज्यादा चर्चा में रहती हैं। दुस्साहस की हद देखिए कि जेल में बैठकर अपराधी मुख्यमंत्री तक को गोली मारने की धमकी देने से बाज नहीं आते। हालत यह है कि जेलों में मोबाइल व मादक पदार्थ मिलना आम बात हो गई है। अपराधी जेलों में बैठकर संगठित गिरोह संचालित करते हैं। सीएम को मिली धमकी के बाद राज्य की पुलिस के साथ जेल महकमे ने भी जेलों की तलाशी का अभियान चलाया। लेकिन, निगरानी व्यवस्था कितनी चौपट है, इसका अंदाजा इससे लग सकता है कि जिस सिम से सीएम को धमकी दी गई थी, वह जेल में चार माह में सक्रिय थी।

यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि जेलों में चाक चौबंद व्यवस्था के दावों के बावजूद मोबाइल पहुंचना बहुत आसान हो गया है। ऐसे में मोबाइल के जरिए जब चाहे तब किसी को भी धमकाना अपराधियों के लिए अब कोई बड़ी बात नहीं है। एक तथ्य यह भी है कि जेलों में मोबाइल और दूसरी सामग्री पहुंचाने के लिए कई तरह के गिरोह भी सक्रिय हैं। इस वर्ष मई में जयपुर की चित्रकूट थाना पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया था जो अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल के अंदर बंद शातिर बदमाशों तक मोबाइल फोन पहुंचाने का काम करता था। पुलिस ने इस प्रकरण में 2 जेलकर्मियों को भी गिरफ्तार किया था। साफ है कि इस तरह के मामलों में जेलकर्मियों की संलिप्तता भी रहती है।

जब-जब जेलों में बदमाशों के दुस्साहस की चर्चा होती है, जोधपुर जेल का जिक्र जरूर आता है। वर्ष 2010 में जोधपुर की केंद्रीय जेल में एक कैदी ने जेलर भारत भूषण भट्ट की हत्या कर दी थी। वर्ष 2019 में राजस्थान की राजधानी जयपुर की सेंट्रल जेल में ही कुछ कैदियों ने मिलकर एक पाकिस्तानी कैदी की हत्या कर दी थी। वस्तुतः अपराध रोकने के लिए जेलों में बंद कैदियों में सख्त अनुशासन के साथ-साथ जेल प्रबंधन में सुधार और भ्रष्टाचार को रोकना आवश्यक है। जरूरत इस बात की भी है कि सिर्फ मोबाइल और सिम की रोकथाम पर ही ध्यान नहीं दिया जाए, बल्कि पूरी जेल व्यवस्था की समीक्षा करके सुधार कार्य किया जाए।

**-ज्ञान चंद पाटनी**
gyan.patni@epatrika.com

**विश्व स्तनपान सप्ताह:** 1-7 अगस्त

# बन सकता है कुपोषण में कमी लाने के लिए जागरूकता का माध्यम

हर वर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। दुनिया के करीब 120 देश किसी न किसी रूप में इसमे भाग लेते हैं। इसे मनाने का मुख्य उदेश्य है - समाज के सभी वर्ग स्तनपान के लिए जागरूक हो सकें, स्तनपान से नवजात शिशु, आगामी जीवन में उसे और स्तनपान कराने वाली माता को मिलने वाले लाभ की जानकारी सबको हो; और स्तनपान में आने वाली सभी बाधाओं का समाधान हो।

जब एक स्वस्थ्य व सुपोषित माता स्तनपान कराती है तो उसके दूध के माध्यम से बच्चे को हर प्रकार के पौष्टिक तत्व मिलते हैं। माता का पहला गाढ़ा दूध (कॉलेस्ट्रम) बच्चे के लिए रोग निरोधक (वैक्सीन) का काम करता है। माता को ये पोषक तत्व रोज के भोजन से मिलते हैं, और कुछ गर्भावस्था के समय से रिजर्व के रूप में भी रहते हैं। कुदरत की व्यवस्था के अनुसार यदि माता के शरीर में कुछ कमी भी हो तो भी बच्चा अपनी जरूरत पूरी कर लेता है, पर यदि माता में बहुत अधिक कमी हो तो यह संभव नहीं है, और बच्चे को उसके दूध से पौष्टिक तत्व नहीं मिल पाते। यही कारण है कि मजदूर और गरीब तबके के बच्चों में कुपोषण बहुत अधिक होता है, जबकि यही माताएं सबसे अधिक व सबसे लम्बे समय तक स्तनपान करवाती हैं। इसका सीधा कारण माता के दूध की गुणवत्ता (क्वालिटी) में कमी होना है। मां के दूध की मात्रा व गुणवत्ता उसके सही स्वास्थ्य तथा आहार पर निर्भर करती है। एक सुपोषित माता के स्तन से एक दिन में करीब 850 मिली. दूध बनता है, और यह मात्रा तथा गुणवत्ता भी बच्चे की जरूरत के हिसाब से बदलती रहती है। जो माता अति कुपोषित होती है उसके दूध का बनना 400 मिली. तक रह जाता है। अतः स्तनपान कराने वाली माता को अतिरिक्त कैलोरी व पौष्टिक तत्वों की जरूरत होती है। एक अध्ययन के अनुसार, गरीबी, सही आहार का न मिलना, साफ पानी की उपलब्धता न होना भी कुपोषण के कारण हैं।

अतः इस सप्ताह में स्तनपान के लिए जागरूक करना, सपोर्ट ग्रुप को बढ़ावा देना व स्तनपान में आने वाली दूसरी बाधाओं का समाधान निकालने के साथ-साथ माता के दूध की गुणवत्ता के लिए भी सजग होना अत्यंत आवश्यक है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से अक्षम वर्ग की माताओं के स्वास्थ्य व पोषण पर हमें अधिक ध्यान देना होगा और वह भी केवल स्तनपान काल में ही नहीं बल्कि गर्भावस्था के दौरान भी और उसके पहले भी।



**डॉ. लीला जोशी**
पद्मश्री से सम्मानित एवं रेलवे की पूर्व मेडिकल डायरेक्टर
@patrika.com

**स्नो ड्रॉइंग:** विशाल गणितीय पैटर्न का कारनामा, कम्पास और कदमताल से!



**उत्तरी गोलार्द्ध** की बर्फ से ढकी पर्वत शृंखलाओं और मुख्य रूप से आल्प्स में स्नो ड्रॉइंग करने वाले ये हैं साइमन बेक (इनसेट में)। साइमन बीते 10 वर्षों से बर्फ पर ये गणितीय पैटर्न बना रहे हैं। 56 वर्षीय साइमन ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और 1974 में ब्रिटिश ओरिएंटियरिंग चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने अपना अधिकांश वयस्क जीवन एक स्वतंत्र ओरिएंटियरिंग मानचित्रकार के रूप में काम करते हुए बिताया है। वह केवल कम्पास के उपयोग से और कदमों की गिनती करके ये चित्र बनाते हैं।

**अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव:** संभावित उम्मीदवार के पास भावनाएं व्यक्त करने के अवसर

# जीत में मददगार होगा विदेश नीति पर हैरिस का रुख



**जोश रोजिन**
विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी विषयों के स्तम्भकार
द वाशिंगटन पोस्ट
से विशेष अनुबंध के तहत

अमरीकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने चार साल अपने बॉस राष्ट्रपति बाइडन की विदेश नीति के क्रियान्वयन में बिताए हैं। इस दौरान उनके पास बहुत कम गुंजाइश थी कि वह राष्ट्रति की मान्यताओं के विपरीत जाएं। पर उन्होंने इस समय का उपयोग सफलतापूर्वक अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने और अपने विचारों व विश्वासों को परिष्कृत करने में भी किया। अब वह विरोधियों के हमलों का जवाब देने के साथ स्वयं का दृष्टिकोण भी स्पष्ट कर सकती हैं। उनके पास अपनी भावनाएं व्यक्त करने के मौके हैं – बाइडन प्रशासन के विचारों में बदलाव के बिना भी और उनके साथ भी। ऐसे में वह अपनी जीत की संभावनाओं को मजबूत कर सकती हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार बनने के पहले उनकी विदेश नीति का परीक्षण इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ। आंतरिक रूप से, वह लम्बे वक्त से संघर्ष विराम और गाजा में फिलिस्तीनियों की स्थिति में सुधार के लिए नेतन्याहू पर ज्यादा दबाव डालने की पक्षधर रही हैं। इस यात्रा ने उन्हें बाइडन की नीति, जिसे अनेक युवा, मतदाता, प्रगतिशील और मुस्लिम तथा अरब अमरीकी इजरायल के प्रति अमरीका की समझौताकारी तथा पीड़ित फिलिस्तीनियों के लिए अपर्याप्त समर्थन वाला मानते हैं, से खुद को अलग रखने का मौका सुलभ कराया। दर्जनों अन्य डेमोक्रेट्स की तरह हैरिस ने भी कांग्रेस की उस संयुक्त बैठक में भाग नहीं लिया, जिसे नेतन्याहू को संबोधित करना था। वह उनसे अपने कार्यालय में मिलीं। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि इजरायल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। साथ ही उन्होंने युद्ध को खत्म करने का आह्वान किया और गाजा में हत्याओं, अन्यायपूर्ण हिरासत आदि पर 'गंभीर चिंता' जताई। हैरिस ने राष्ट्रपति की तुलना में इजरायल के प्रति अधिक आलोचनात्मक माहौल तैयार किया। उन्होंने यह भी कहा- 'हम इन दुखांतिकाओं के प्रति जड़वत नहीं हो सकते और मैं चुप नहीं रहूंगी।'

वाइट हाउस में हैरिस का स्टाफ यह पता लगाने में जुटा है कि वह बाइडन प्रशासन की विदेश नीति पर कैसे चल सकती हैं जिसका कि वह कभी हिस्सा रही हैं। हैरिस के अधिकारियों ने बताया है कि हैरिस टीम अभी विदेश नीति का प्लेटफॉर्म या उस पर ध्यान देने की योजना नहीं बना रही है। कांग्रेस के एक पूर्व सदस्य का कहना है कि उनके पास न सिर्फ बाइडन प्रशासन बल्कि डॉनल्ड ट्रंप की अलोकप्रिय नीतियों की तुलना करने का मौका भी है।

मिशिगन जैसे राज्य, अरब अमरीकी और मुस्लिम अमरीकी, हैरिस की बात को भरोसेयोग्य मान सकते हैं। इस उम्मीद में कि वह इजरायल के प्रति उस रणनीति को फिर तैयार करेंगी जिससे वे नफरत करते हैं। मध्य-पूर्व पर बाइडन की कुछ नीतियों से सावधानीपूर्वक दूरी बनाते हुए हैरिस यूक्रेन के लिए प्रशासन के समर्थन को दोगुना कर रही हैं।

संभावित उम्मीदवारी के बाद उनकी किसी विदेशी नेता से पहली मुलाकात यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक से हुई थी। हैरिस की यूक्रेन नीति ट्रंप और उनके साथी जे.डी. वैंस से अलग है। सर्वेक्षणों में दिखा है कि अधिकांश अमरीकी यूएस सहायता कार्यक्रम के समर्थन में हैं। हैरिस की यूक्रेन को लेकर सार्वजनिक वकालत पश्चिम की अगुवाई वाली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा में उनके विश्वास का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति के रूप में हैरिस चार बार एशिया के दौरे पर आई हैं और उन्होंने कई एशियाई नेताओं के साथ रिश्तों को मजबूती दी है। इन यात्राओं में उन्होंने चीनी आक्रामकता और आर्थिक दबावों पर अपनी आवाज बुलंद की है। उपराष्ट्रपति के रूप में उनके शब्द और कार्य हमें अवगत कराते हैं कि वह यूएस की विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन लाने के बजाय उसके व्यावहारिक विकास का प्रयास करेंगी, मजबूत अमरीकी वैश्विक नेतृत्व को संरक्षित करने की कोशिश करेंगी, पर विनम्रता के साथ। यह लोकाचार विजयी अभियान संदेश, और साथ ही सफल रणनीति के लिए ठोस आधार भी बन सकता है।

**आपकी बात**

## रोकी जाए पेड़ों की कटाई

**केरल** के वायनाड में प्रकृति के तांडव ने एक बार फिर हम सबको आगाह किया है। भूस्खलन जैसी घटनाओं से बचने के लिए पेड़ों की कटाई रोकनी होगी और प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग करने से बचना होगा।

**-प्रकाश शर्मा,** जयपुर

**आज का सवाल**

**एआइ के बढ़ते प्रभाव का विभिन्न क्षेत्रों पर क्या असर पड़ेगा?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

## पाठकों की प्रतिक्रियाएं

**पत्रिकायन** का सवाल था, भारत में भूस्खलन के मामलों में लगातार बढ़ोतरी क्यों हो रही है? ' प्रतिक्रियाएं ऑनलाइन भी देखें। https://shorturl.at/UgZ3t

इसे स्कैन करें

## कवर्धा: रानीदहरा का सौंदर्य देखने उमड़ रहे सैलानी



**कवर्धा @ पत्रिका.** यह सुंदर नजारा कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत वनांचल क्षेत्र रानीदहरा जल प्रपात का है। इसका नजारा बहुत ही सुन्दर दिखाई देता है। यहां पर दो झरने बनते हैं। एक झरना ऊपर हिस्से में और दूसरा झरना उसके नीचे जो 60 से 70 फीट नीचे गिरता है। बारिश में यहां पर पानी होने के चलते बड़ी संख्या में सैलानी और स्थानीय लोग इसका नजारा देखने पहुंचते हैं।

## अगले 48 घंटे के लिए बारिश का अलर्ट

**रायपुर.** मौसम विभाग ने अगले 24 व 48 घंटे के लिए कुछ जिलों में येलो व आरेंज अलर्ट जारी किया है। आगामी 48 घंटे के लिए जशपुर, बलरामपुर, कोरबा, रायपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग, बेमेतरा, कवर्धा, कोंडागांव, बीजापुर, नारायणपुर, खैरागढ़-छुईखदान जिले में येलो अलर्ट जारी किया है। एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, गौरेला-पेंड्रा, बिलासपुर, मुंगेली, गरियाबंद, धमतरी, बालोद,

### एक-दो जगह अति भारी वर्षा

राजनांदगांव, मानपुर-मोहला व कांकेर में आरेंज अलर्ट जारी किया है। एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश होने के आसार हैं। पिछले 24 घंटे में कोरबा, दर्री, कटघोरा में 110 मिमी पानी बरस गया।

### अगस्त में भी अच्छी बारिश के आसार

प्रदेश में अगस्त में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। जुलाई के आखिरी दिन तक प्रदेश में सामान्य से पांच फीसदी ज्यादा बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अब तक 598.1 मिमी बारिश हो चुकी है।

डीलरों ने 1.50 लाख वाहनों के लिए कंपनियों को भेजी डिमांड

## ऑटोमोबाइल सेक्टर में आएगा बूम, त्योहारी कारोबार 1000 करोड़ की उम्मीद

**रायपुर @ पत्रिका.** ऑटोमोबाइल सेक्टर में इस बार त्योहारी सीजन में 1000 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की उम्मीद डीलरों ने जताई है। प्रदेश में लगातार हो रहे व्यावसायिक गतिविधियों में इजाफे को देखते हुए 1 लाख 50000 से ज्यादा वाहनों की डिमांड कंपनियों को भेजी गई है। इसके बाद से वाहनों की डिलीवरी का सिलसिला लगातार चल रहा है। इसमें दोपपिया, तीन पहिया, कार से लेकर मालवाहन वाहन एवं अन्य कमर्शियल वाहन शामिल हैं।

बताया जाता है कि महीने भर पहले ही ऑटोमोबाइल डीलरों द्वारा मांग की गई है। इसमें नई मॉडल की लांच की गई दोपहिया और कार भी शामिल थे। त्योहारी सीजन की शुरुआत होते ही वाहनों की खरीदी को देखते हुए इस बार अभी से तैयारी चल रही है। साथ ही खरीदी करने पर विभिन्न आकर्षक स्कीम और तुरंत फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बता दें कि पिछले साल राखी से लेकर दिवाली तक 800 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। इसमें गणेश उत्सव के दौरान 150 करोड़, नवरात्रि के दौरान 400 और दिवाली के दौरान 200 करोड़ रुपए के ज्यादा के वाहनों शामिल हैं।



### 7 महीने में 3.90 लाख वाहनों की बिक्री

**प्रदेश में** पिछले 7 महीनों में 3 लाख 90930 वाहनों की बिक्री हुई है। इसमें सबसे ज्यादा मार्च में 59723 वाहन की खरीदी हुई। ऑटोमोबाइल डीलरों ने बताया कि प्रतिमाह औसतन करीब 45 से 50 हजार वाहनों की बिक्री होती है। इसमें ईवी के साथ ही दोपहिया और कार खरीदने वालों की संख्या 90 फीसदी से ज्यादा होती है। इसे देखते हुए जिन वाहनों की डिमांड सबसे ज्यादा है उन्हीं वाहनों को कंपनियों से मंगवाया गया है।

### ईवी की डिमांड

इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की मांग को देखते हुए 30000 वाहनों की बिक्री होने की उम्मीद है। इसे देखते हुए सभी वैरायटी की ईवी मंगवाई गई है। इस साल कंपनियों द्वारा तुरंत वाहनों की सप्लाई को देखते हुए अतिरिक्त वाहनों भी मंगवाए गए हैं। ऑटोमोबाइल डीलरों का कहना है कि ईवी की खरीदी लगातार बढ़ रही है। बता दें कि पिछले 2 साल में 1 लाख से ज्यादा की बिक्री हो चुकी है। इनके खरीदारों को वाहन की कीमत का न्यूनतम 10 फीसदी और अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपए की सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाती है।

पिछले साल की अपेक्षा इस बार वाहनों की डिमांड के साथ ही उसकी आपूर्ति भी बढ़ी है। त्योहारी सीजन में खरीदारों को मनपसंद वाहन उपलब्ध कराने अभी से तैयारी चल रही है। खरीदी को देखते हुए इस साल अच्छे कारोबार की उम्मीद है।
**- विवेक गर्ग,** अध्यक्ष, रायपुर ऑटोमोबाइल्स एसोसिएशन

कमाई का खेल : निजी अस्पताल करवा रहे गैरजरूरी जांच

# कमर में हल्का दर्द तो एमआरआई
# सिर में दर्द तो सीटी स्कैन जांच

मनमानी का इलाज
पत्रिका अभियान

पीलूराम साहू
patrika.com

**रायपुर.** निजी अस्पतालों में छोटी से छोटी बीमारियों के लिए गैरजरूरी जांच अब आम होने लगी हैं। कमर में हल्का दर्द हो तो एमआरआई, सिर में दर्द हो तो सीटी स्कैन जांच करवाई जा रही है। यही नहीं मौसमी वायरल फीवर होने पर भी ढेर सारे ब्लड टेस्ट करवाए जा रहे हैं। उक्त तीन केस तो केवल बानगी हैं। असल में हर आम मरीज को इससे दो चार होना पड़ रहा है। जितना दवाइयों में खर्च नहीं होता, उससे कई गुना ज यादा तो डायग्नोस्टिक व पैथोलॉजी जांच में खर्च हो जाता है। गौर करने वाली बात ये है कि ये समस्या केवल निजी अस्पतालों में नहीं है। सरकारी अस्पताल के कुछ डॉक्टर भी कमीशन की आड़ में गैरजरूरी जांच करवा रहे हैं।

निजी अस्पतालों में कोई भी बीमारी होने पर ढेर सारे रेडियो डायग्नोस्टिक व ब्लड जांच अब जरूरी हो गए हैं। ऐसा इसलिए भी हो रहा है, क्योंकि एमआरआई से सीटी स्कैन व रूटीन की सभी जरूरी जांच अस्पताल में होती हैं। इसका जांच शुल्क भी बाहर चलने वाले निजी सेंटर व लैब से ज यादा होता है। अगर कोई मरीज प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवा रहा है तो जांच भी वहीं करवाना अनिवार्य है। क्लीनिक जहां, इन सब जांच की सुविधा नहीं होती, वे भी डायग्नोस्टिक सेंटर का नाम मरीजों को बताते हैं और केवल वहां जांच कराने के लिए बाध्य करते हैं। जानकारों का कहना है कि इसमें डॉक्टर को प्रति जांच कमीशन दिया जाता है। ज्यादातर डायग्नोस्टिक सेंटर तो इसलिए फल-फूल रहे हैं, क्योंकि क्लीनिक के डॉक्टर उनके यहां जांच के लिए मरीजों को भेजते हैं।

**केस 1**

**35 वर्षीय** एक व्यक्ति को कमर में हल्का दर्द हुआ। डॉक्टर ने उन्हें दर्द निवारक गोली दी। साथ में एमआरआई टेस्ट करवाने को कहा। जांच में 8500 रुपए खर्च हो गए। रिपोर्ट सामान्य आई। डॉक्टर ने फिर फिजियोथैरेपी कराने की सलाह दी। व्यक्ति अब ठीक है।

**केस 2**

**28 वर्षीय** युवक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। इस चक्कर में देर रात तक जागता है। डॉक्टर के पास गया तो उन्होंने सीटी स्कैन जांच करवाई। रिपोर्ट नार्मल आई तो कहा कि देर रात तक जागने व पर्याप्त नींद नहीं लेने के कारण सिरदर्द हो रहा है।

**केस 3**

**34 वर्षीय** महिला को वायरल फीवर के साथ सिरदर्द व खांसी हुई। डॉक्टर ने ढेर सारे ब्लड टेस्ट जैसे सीबीसी, आरएफटी, एलएफटी, डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, शुगर यहां तक स्वाइन फ्लू जांच भी लिख दिया। साथ ही चेस्ट का सीटी स्कैन कराने को कह दिया।

**पिछले साल क्लेम व राशि**

| निजी अस्पताल | | सरकारी अस्पताल | |
|---|---|---|---|
| 17153 क्लेम | 75 करोड़ | 23523 क्लेम | 28 करोड़ |



पत्रिका AI फोटो

### आयुष्मान में गैरजरूरी जांच की पुष्टि, निजी में 75 करोड़ की जांच

**प्रदेश** के कुछ निजी अस्पताल जरूरत न होते हुए भी मरीजों की एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्सरे, पेट सीटी स्कैन जांच करवा रहे हैं। इसकी पुष्टि आयुष्मान भारत योजना के क्लेम से हो रही है। दरअसल वित्तीय वर्ष 2023-24 में निजी अस्पतालों ने 17153 क्लेम हाई एंड रेडियोलॉजिकल डायग्नोस्टिक के क्लेम किए। क्लेम की राशि 75 करोड़ रुपए है। दूसरी ओर सरकारी मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पतालों ने 23523 क्लेम किया। इसकी राशि निजी अस्पतालों से कम यानी 28 करोड़ रुपए खर्च हुए। ज्यादा क्लेम के बाद कम राशि चौंकाने वाला है। जानकारों का कहना है कि निजी अस्पतालों ने गैरजरूरी महंगे पैकेज वाली जांच ज्यादा कराने की आशंका है। तभी कम क्लेम के बावजूद सरकारी अस्पतालों से करीब तीन गुना ज यादा राशि जांच के एवज में मिली।

राजभवन

### रमेन डेका ने ली 10वें राज्यपाल पद की शपथ, दिल्ली रवाना



**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** रमेन डेका ने बुधवार को राजभवन के दरबार हॉल में छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने उन्हें शपथ दिलाई। राज्यपाल डेका ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका काकोटी मौजूद रहीं। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल मंत्री रामविचार नेताम के नवा रायपुर में हुए गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद वे दोपहर 2.55 बजे नई दिल्ली रवाना हो गए हैं। वे वहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में होने वाले तीन दिवसीय राज्यपालों के सम्मेलन में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 1 से 3 अगस्त तक होगा।

### सीएम आज जारी करेंगे महतारी वंदन की छठी किस्त

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को जगदलपुर प्रवास पर रहेंगे। यहां वे जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। वे प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000-1000 रुपए की 6वीं किस्त जारी कर राखी त्योहार का उपहार देंगे। साथ ही सीएम महतारी वंदन ऐप का भी शुभारंभ करेंगे। सीएम 2752 महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिए 100 करोड़ का बैंक लोन का भी वितरण करेंगे। कार्यक्रम में शहीद गुण्डाधूर की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सीएम जगदलपुर में 9 करोड़ 31 लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों लोकार्पण करेंगे।

लोक शिक्षण संचालनालय ने निकाला नया आदेश

## आदेश पलटा, अब शालेय खेलों में हिस्सा ले सकेंगे सीबीएसई विद्यार्थी

### विरोध के बाद संचालनालय को बदलना पड़ा फैसला

**रायपुर @ पत्रिका.** लोक शिक्षण संचालनालय ने बुधवार को शालेय खेलों में सीबीएसई विद्यार्थियों को नहीं शामिल करने का फैसला बदल दिया। नए आदेश के अनुसार, इस वर्ष शालेय खेलों में सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थियों को खेलने का मौका दिया जाएगा। आयोजन भी सीबीएसई स्कूलों में किया जा सकेगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के विरोध के बाद और सीबीएसई विद्याथ्रियों के हित को देख्ते हुए अपना फैसला बदला है। इस फैसले के बाद सीबीएसई स्कूल के हजारों बच्चों को ब्लॉक, जिला, संभाग और राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं में खेलने का मौका मिलेगा।

### सेटअप तैयार नहीं, इसलिए मौका

**छत्तीसगढ़** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने लोक शिक्षण संस्थान को पत्र लिखकर बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीआईएफ) ने इस वर्ष सीबीएसई को एक अलग इकाई के रूप में मान्यता दे दी है, लेकिन अब तक सीबीएसई ने खेलों को लेकर कोई सेटअप तैयार नहीं किया है। इसलिए जब तक सीबीएसई का सेटअप तैयार नहीं हो जाता, तब तक शालेय खेलों में सीबीएसई विद्यार्थियों को शामिल होने का मौका मिलना चाहिए। इसीलिए लोक शिक्षण संचालनालय ने एक वर्ष के लिए सीबीएसई स्कूलों को दोबारा शालेय खेलों में शामिल किया है।

### पीटीआई भी कर रहे थे विरोध

**शालेय** खेलों से सीबीएसई स्कूलों को अलग करने का पीटीआई भी विरोध कर रहे थे। इसका कारण था कि कई निजी स्कूलों के पीटीआई के सहयोग से शालेय खेलों का आयोजित किया जा रहा था, लेकिन सीबीएसई स्कूलों के अलग होने से आयोजन कराने का सारा लोड सरकारी स्कूलों के पीटीआई पर आ जाता, जिसका विरोध हो रहा था। क्योंकि सरकारी स्कूलों में पीटीआई के कई पद खाली पड़े हैं।

बिलासपुर : सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

## इलेक्ट्रिकल दुकान की ओपन लिफ्ट में फंस कर किशोर की मौत

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** चार मंजिला इलेक्ट्रिकल दुकान की ओपन लिफ्ट में फंस कर एक नाबालिग की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सिटी कोतवाली पुलिस घटना की जांच कर रही है। गांधी चौक समीप स्थित चार मंजिला विशाल इलेक्ट्रिकल्स दुकान में डोंगापारा जूना बिलासपुर निवासी 15 वर्षीय बालक सुमित केवट उर्फ कालू पिता बल्लू निषाद काम करता था। बुधवार सुबह प्रथम तल से इलेक्ट्रिक सामान लेकर वह 40 फीट ऊपर चौथे माले में ओपन लिफ्ट से जा रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक तीसरी मंजिल में जब लिफ्ट पहुंची तभी उसका सिर लिफ्ट व दीवार के बीच में फंस गया। दीवार से उसका सिर घिसटते हुए चौथी मंजिल तक पहुंचा। लिफ्ट से नीचे जब खून टपका तब संचालक भरत हरियानी को घटना का पता चला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सिटी कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। लिफ्ट में सुमित का सिर कैसे फंसा, इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है।

**दुकान संचालक की सफाई- छोटू नहीं, उसकी मां करती है घर में काम :** इस घटना व श्रम कानून के उल्लंघन को लेकर दुकान संचालक भरत हरियानी का कहना है कि सुमित उसकी दुकान में काम नहीं करता था। उसकी मां 15 साल से उसके घर में काम कर रही है। काम के दौरान वह छोटू को दुकान में छोड़ कर चली जाती थी। वह लिफ्ट में कैसे चढ़ा, उन्हें पता नहीं।





इलेक्ट्रिकल शॉप की इसी ओपन लिफ्ट से घटना घटी।
**इनसेट : मृत सुमित केवट**

लिफ्ट में फंसने से 15 वर्षीय बालक का सिर फंसने से मौत हो गई। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जबकि दुकान संचालक को नोटिस जारी किया गया है कि चार मंजिला दुकान के लिए क्या नगर निगम से परमिशन लिया गया था। क्या लिफ्ट के लिए जरूरी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है। इसके अलावा बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिख कर लिफ्ट की जांच कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**एसआर भगत,** टीआई, सिटी कोतवाली बिलासपुर

**पत्रिका व्यू सख्ती जरूरी**

सभी को जानकारी है कि नाबालिगों से काम लेना कानूनन अपराध है, फिर भी दुकानों, होटलों सहित कई जगहों पर बच्चे काम करते हुए आसानी से नजर आ जाते हैं। जिन पर ऐसे अपराधों पर नजर रख उसे खत्म करने का जिम्मा है वे दिन विशेष पर केवल रस्म अदायगी करते नजर आते हैं। सच्चाई यह है कि लोग जानते हुए रिस्क उठा रहे हैं। अस्तु जरूरत बाल मजदूर अधिनियम 1986 के तहत कड़ाई से कार्रवाई करने की है। श्रम विभाग और प्रशासन जब तक ऐसे मामलों में सख्त नहीं होंगे, मासूम का बचपन और भविष्य अंधेरे में समाता रहेगा। इसे रोकने के लिए सख्ती जरूरी है।

संजीवनी | इस पौधे को स्थानीय लोग दहिमन नाम से पहचानते हैं, बॉयोसाइंस के प्रोफेसर्स कर रहे शोध

## ब्रिटिश रेजिमेंट जिस पौधे को समूल नष्ट करने उतारू थी, वह माचकोट में आबाद





एक्सक्लूसिव

अजय श्रीवास्तव
patrika.com

**जगदलपुर.** ब्रिटिश शासनकाल में सतपुड़ा के जंगल में ब्रिटिश सैनिकों से गोंड व कारकू जनजाति के लड़ाकों की भिडंत हो जाती थी। लड़ाई में घायल होने के बावजूद इस जनजाति के लोग जंगल से मिली जड़ी बूटियों के उपयोग से अपने घाव को भर कर युद्ध के लिए फिर तैयार हो जाते थे। इससे परेशान ब्रिटिश सैनिकों ने जब स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि दहिमन नाम के पौधे की पत्तियां इन लड़ाकों के लिए संजीवनी है, वे इससे अपनी चोट का उपचार कर लेते हैं। इससे नाराज होकर अंग्रेजों ने एक पूरी रेजीमेंट को आदेश दिया कि सतपुड़ा के जंगल में जहां -जहां यह पौधा दिखे इसे समूल नष्ट कर दिया जाए। नतीजा यह हुआ कि दहिमन नाम के इस पौधे के अस्तित्व पर संकट आ गया। उसी कालखंड में कुछ जानकार इस पौधे को छिपाकर अन्य जगह पर ले गए और इसका रोपण कर इसे बचाने का प्रयास किया।

**रक्त स्त्राव, सर्पदंश व नशा उतारने करते हैं उपचार :** बस्तर के ग्रामीण इस पौधे को दहिमन, दहीपलाश व ढेंगन कहकर पहचानते हैं। वे पत्तों पर रेंगने वाली चीटियों को सूखाकर, भूनकर और चूर्ण बनाकर मिर्गी, माइग्रेन व सुरक्षित प्रसव के लिए उपयोग में लाते हैं। चोट को सूखाने के साथ ही सर्पदंश व नशा उतारने भी कारगर है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस घर में शराब बन रही हो, उसकी छप्पर पर यदि इसकी डंगाल डाल दी जाए तो शराब नहीं पकती है। इसके अलावा इस पेड़ की छांव में बैठकर शराब पीने से नशा काफूर हो जाता है।

**कार्डिया मेकलियोडी है इसका बॉटनिकल नाम :** इस पौधे का बॉटनीकल नाम कार्डिया मेकलियोडी है। यह एंटी वेनम, एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी बैक्टीरियल एंटी एलरगेसिक, एंटी ऑक्सीडेंट व एंटी माइक्रो बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है।

### जूलॉजी के प्रोफेसर्स ने खोज निकाला

**जगदलपुर** से सटे माचकोट रेंज के जंगल में बॉयोसाइंस के प्रोफेसर डॉ. एम.एल. नायक, पीजी कॉलेज के जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील दत्ता, डॉ. राजेंद्र सिंह व डॉ. पी. आर.एस. नेगी ने ग्रामीणों से इस पौधे के संबंध में सुना था। टीम ने अपने अनुसंधान के दौरान ब माचकोट के जंगल में दहिमन पौधे को खोज निकाला। वैज्ञानिकों ने बताया कि लगभग नष्ट होने के कगार पर इस पौधे के संरक्षण व संवर्धन के लिए वे प्रयास कर रहे हैं।

*आजादी की लड़ाई में गोंड व कारकू जनजाति के लड़ाके अपनी चोट का उपचार इसकी पत्तियों से करते थे*

माचकोट रेंज के फॉरेस्ट में अनुसंधान के दौरान दहिमन के कुछ पौधे मिले। एंटी एलरगेसिक, एंटी वेनम, एंटी ऑक्सीडेंट व एंटी माइक्रो बैक्टीरियल गुण इसकी खासियत है। इसके प्रगुणन का प्रयास भी जारी है। इस प्रजाति को बचाने का प्रयास करना होगा।
**- डॉ. एम. एल. नायक,** सेवानिवृत बॉयोसाइंस प्रोफेसर, पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर

### बच्चों की प्रगति पर चर्चा के लिए नियमित होगी पालक-शिक्षकों की बैठक

**रायपुर @ पत्रिका.** सरकारी स्कूलों में बच्चों की प्रगति को लेकर चर्चा करने और बेहतर समन्वय बनाने के लिए अब नियमित रूप से पालक-शिक्षकों (पीटीएम) की बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया। बैठक को आयोजित करने का निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लिया गया है। पहली पालक-शिक्षक मेगा बैठक 6 अगस्त को प्रदेशभर में संकुल स्तर पर की जाएगी। फिर तिमाही परीक्षा के बाद 10 दिन के अंदर विद्यालय स्तर पर द्वितीय बैठक आयोजित की जाएगी। फिर तीसरी बैठक विद्यालय स्तर पर ही छमाही परीक्षा के बाद 10 दिन के अंदर आयोजित करने का आदेश जारी किया गया है।

**दम तोड़ रही शिक्षा व्यवस्था...** बिना भवन झोपड़ी में पढ़ने को मजबूर कल के भविष्य

# दस वर्षों से झोपड़ी में प्राइमरी स्कूल, 32 बच्चों को पढ़ा रहा एक शिक्षक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**पाटी (बड़वानी).** जिले में बदहाल शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर दिखाता है शासकीय प्राथमिक स्कूल। आलम यह है कि यहां बच्चे भी हैं और शिक्षक भी, लेकिन स्कूल की न तो इमारत है और न उसमें कोई बुनियादी सुविधा। सवाल उठता है, अगर शिक्षा का स्तर ऐसा रहेगा, तो देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों का भविष्य उज्ज्वल कैसे होगा। जब पत्रिका संवाददाता पाटी विकासखंड के ग्राम पंचायत रोसमाल के भानिजकुंड गांव के झिरपन्या फलिया पहुंचे, तो जो चौंकाने वाली तस्वीर दिखाई दी। यहां शासकीय प्राथमिक स्कूल झोपड़ी में चल रहा था। करीब 10 वर्षों से प्राइमरी स्कूल संचालित हो रहा था, लेकिन छत नहीं थी।

> स्कूल का भवन बनाने डीईओ ने प्रस्ताव बनाया है। और भी दूसरे स्कूल हैं, जिनके भवन नहीं हैं, कहीं पीने का पानी नहीं है। मेंटेनेंस नहीं होने से व्यवस्था खराब हो जाती है।
>
> **- राजेंद्र मंडलोई,** विधायक, बड़वानी

### कोई सुनवाई नहीं

झिरपन्या फलिया के निवासी छगन सिंह ने बताया, फलिये में प्राइमरी स्कूल करीब 8 वर्षों से मेरे निजी मकान में चल रहा है। पिछले साल अप्रैल में नए शिक्षक मनोज मंडलोई की बहाली हुई है। उससे पहले स्कूल अतिथि शिक्षकों के भरोसे था। भवन बनाने कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मांग की गई, सुनवाई नहीं हुई। बच्चों को एक कमरे में पढ़ाने में परेशानी होती है। वही मध्याह्न भोजन में भी परेशानी होती है। इतना ही नहीं बारिश में पूरे मकान में पानी गिरता है। मकान में परिवार भी रहता है और बच्चे भी पढ़ते हैं, इसलिए दोनों को परेशानी आती है। मामले में विखं शिक्षा अधिकारी राजश्री पंवार ने बताया, आपके माध्यम से मेरी संज्ञान मे जानकारी आई है। मैं कल ही जिला परियोजना समन्वयक को लिखित से अवगत करती हूं। यहां के उपयंत्री को भेज अच्छे भवन में इसको हम संचालित कराएंगे।

**स्कूल में क्रूरता...** स्कूल स्टाफ ने बच्चों पर बनाया फीस लाने का दबाव

# फीस नहीं लाए तो छात्रों को बनाया मुर्गा, छात्राओं को हाथ खड़े करने की सजा



**विजयपुर (ग्वालियर) @ पत्रिका.** विजयपुर विकासखंड के ग्राम दोर्द में संचालित निजी विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे समय पर फीस नहीं ला पाए तो स्कूल स्टाफ ने उन्हें सजा सुना डाली। स्कूल स्टाफ ने पहले बच्चों को मुर्गा बनाया गया और इसके बाद छात्राओं के हाथ भी ऊपर करवाकर एक घंटे की सजा सुना डाली। मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उधर जानकारी मिलते ही अधिकारी भी कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं स्कूल स्टाफ की इस सजा से जहां बच्चे सदमे में है, वहीं पालकों ने भी प्रबंधन और शिक्षकों के इस व्यवहार पर आक्रोश व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से निजी विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें स्कूल में सौ से अधिक बच्चे पढ़ते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सूने मकान सहित कंपनी का ताला तोड़ चोरी

**कटनी.** कोतवाली के खिरहनी फाटक क्षेत्र व बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मगरहटा में अज्ञात बदमाशों ने मकान का ताला तोड़कर व कंपनी कार्यालय में धावा बोलकर नकद व जेवर सहित लाखों का माल लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। कोतवाली के खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी पुष्पा निषाद के मकान के अलावा चोरों ने ग्राम मगरहटा स्थित ईमैक्स वाल जी पुट्टी के प्लांट के ऑफिस में धावा बोला।

### हर रजिस्ट्री पर 5 हजार की ली जाती है रिश्वत

**ग्वालियर.** आपके पास संपत्ति के वैध दस्तावेज होने के बाद भी पंजीयन विभाग में बिना लेनदेन के रजिस्ट्री नहीं करा सकते हैं। वैध रजिस्ट्री पर भी पांच हजार रुपए अतिरिक्त देने पड़ते हैं। नहीं दिए तो पंजीयन आगे नहीं बढ़ेगा। तीन हजार विभाग में जाते हैं और दो हजार सर्विस प्रोवाइडर के पास। पत्रिका ने पंजीयन विभाग में हर साल होने वाली करोड़ों रुपए की रिश्वतखोरी के नेक्सस को उजागर किया है।

### स्टेशन पर नौ एटीवीवीएम की तैयारी, कर्मी सिर्फ दो

**ग्वालियर.** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की व्यवस्था की गई है। जिससे यात्री टिकट मशीन से ले सकें। पहले से छह मशीनें हैं, जिनमें से दो खराब हैं। अब रेलवे नौ मशीनें लगा रहा है। परंतु मशीनों पर दो ही कर्मचारी तैनात हैं। दोनों मनमर्जी से काम करते हैं। सीबीएस द्वारा ध्यान नहीं देने से यात्री लाइन में लगकर टिकट लेने को मजबूर हैं।

### नाबालिग को साथ ले गए उसके माता-पिता

**ग्वालियर.** हाईकोर्ट की युगल पीठ ने एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण करते हुए नाबालिग को माता-पिता के साथ भेज दिया। नाबालिग चार महीने की गर्भवती थी। माता-पिता की राय जानने के लिए कोर्ट ने दोनों को तलब किया था। दोनों साथ ले जाने तैयार हो गए। याचिकामें तर्क दिया, बेटी को रवि व कल्लोबाई ने बंधक बना लिया। 26 जून-2024 को उसे घर से साथ लेकर गए थे। कोर्ट ने माता-पिता के पक्ष में निर्णय दिया।

### बांधों का जलस्तर

| बांध | भराव क्षमता | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|
| बाणसागर | 341 | 332 |
| गांधीसागर | 399 | 395 |
| बरगी | 422 | 419 |
| बारना | 348 | 346 |
| गोपीकृष्ण सागर | 434 | 429 |

भराव क्षमता एफआरएल में

**चार जगह ऑरेंज** तो 15 से अधिक स्थानों पर तेज बारिश का यलो अलर्ट

# सिस्टम फिर सक्रिय, आज से 4 दिन झमाझम बारिश का दौर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** जुलाई के बाद अगस्त की शुरुआत भी झमाझम बारिश से हो सकती है। प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाले कुछ सिस्टम फिर सक्रिय हो गए हैं। ऐसे में प्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू होने लगा है। आने वाले तीन चार दिनों तक प्रदेश भर में अनेक स्थानों पर झमाझम बारिश के आसार हैं। खासकर पूर्वी मप्र में तेज बारिश हो सकती है।

दो दिनों की राहत के बाद एक बार फिर बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। भोपाल में बुधवार को दिन भर बादल छाए रहे वहीं दोपहर बाद शहर के कई हिस्सों में तेज बारिश दर्ज की गई। इस दौरान शाम 5.30 बजे तक 22 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसी प्रकार नर्मदापुरम, पचमढ़ी, सतना, रायसेन सहित अनेक स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। मध्यरात्रि में भी मौसम विभाग ने अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना जताई हैं।



**इंदौर.** सावन महीने में ओंकारेश्वर से नर्मदा जल लेकर कावड़िए उज्जैन के लिए पैदल रवाना होते हैं। इस दौरान सांवेर रोड से गुजरते कावड़िए । फोटो : रविन्द्र सेठिया

### बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी

मौसम विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया, मानसून ट्रफ गंगानगर, हिसार, दिल्ली होते हुए गुजर रही है। पश्चिम बंगाल की ओर तथा अरब सागर में ऊपरी हवा का चक्रवात सक्रिय होने से दोनों तरफ से नमी आ रही है। इसके चलते प्रदेश में तीन-चार दिन बारिश होगी।

### यहां भारी बारिश की चेतावनी

सिंगरौली, सीधी, डिंडोरी, बालाघाट जिलों में अतिभारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और सीहोर, बैतूल, हरदा, भिंड, मुरैना, श्योपुर कला सहित अनेक स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### अच्छी बारिश का असर, रोज 1964 मेगावॉट बन रही बिजली

**जबलपुर.** अच्छी बारिश के चलते पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने जल विद्युत गृहों में बिजली उत्पादन बढ़ा दिया है। 915 मेगावॉट क्षमता के जल विद्युत गृहों से प्रतिदिन क्षमता का दोगुना यानी 1964 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। रानी अवंती बाई सागर परियोजना बरगी में भी 45-45 मेगावॉट क्षमता की दोनों यूनिट से विद्युत उत्पादन हो रहा है। इस मौसम में मांग में कमी आती है। सितंबर से रबी सीजन शुरू होने के बाद इसमें बढ़ोतरी होती है।

**प्रदेश में बारिश का आधे से ज्यादा कोटा पूरा**

जून और जुलाई में लगातार बारिश के चलते प्रदेश में बारिश का कोटा आधे से ज्यादा पूरा हो गया है। प्रदेश में 21 जून को मानसून ने दस्तक दी थी। उसके बाद से ही लगातार बारिश का सिलसिला चल रहा है। प्रदेश में 1 जून से अब तक 480.4 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि पूरे मानसून सीजन में बारिश का कोटा 949.5 मिमी है। प्रदेश में वर्तमान में बारिश कीस्थिति 7 फीसदी अधिक है।

### तालाब में नहाने गए दो बच्चे कीचड़ में धंसे, मौत

**देवास@पत्रिका.** जवासिया गांव में मंगलवार शाम को तालाब में नहाने के दौरान 10 वर्षीय दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। तीनों दोस्त थे और स्कूल से आने के बाद गांव के पास ही तालाब में नहाने गए थे। एक बालक बाहर आ गया, लेकिन वे दोनों डूबकर तालाब के नीचे कीचड़ में फंस गए। दोनों को निकालकर परिजन जिला अस्पताल लाए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। मृतकों की पहचान दीपक कछावा और अमन निवासी गांव जवासिया के रूप में हुई हैं।

### सनकी आशिक ने प्रेमिका पर किए चाकू से 7 वार

**नीमच@पत्रिका.** शहर के दशहरा मैदान के समीप गांधी वाटिका में बुधवार दोपहर एक सनकी आशिक ने चाकू से प्रेमिका पर ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया। घायल प्रेमिका सड़क पर पड़ी तड़पती रही, घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। प्रेमी का नाम कुलदीप केसरपुरा निवासी बताया जा रहा है। कुलदीप एनएसयुआइ व युवक कांग्रेस से जुड़ा है। युवक व युवती के बीच प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद कुलदीप ने बोहरा कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवती पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

**चमकीले ग्रह शुक्र का सिंह राशि में प्रवेश**

# देश की राजनीति में होगी उठा-पटक



**अजहर हाशमी**
एस्ट्रोलॉजर व पॉमिस्ट

31 जुलाई की रात (मतान्तर दोपहर) से सौर मंडल का सबसे चमकीला ग्रह शुक्र (वीनस) सिंह राशि में प्रवेश कर चुका है। सिंह राशि सूर्य की राशि है। सूर्य अग्निकारक ग्रह है। शुक्र सिंह राशि में लगभग 25 दिन रहकर विभिन्न राशियों, प्रदेश, देश-दुनिया को प्रभावित करेगा।

### मुख्य बातें

1. शुक्र सिंह राशि में 25 दिन रहेगा और उस पर शनि ग्रह की सातवीं दृष्टि पड़ेगी, जिससे दुनिया के कई देशों में प्राकृतिक आपदाओं की आशंका है।
2. मेष, वृषभ, कर्क, सिंह राशि को धन और यश प्राप्त होगा।
3. युवाओं को रोजगार मिलेगा। महिलाओं का सम्मान बढ़ेगा।
4. मध्यप्रदेश में पर्याप्त वर्षा होगी। मप्र की नाम राशि सिंह है और शुक्र का सिंह राशि में प्रवेश मप्र के लिए शुभ है। मप्र को केन्द्र से आर्थिक लाभ होगा।
5. देश की राजनीति में बहुत उठा-पटक हो सकती है।
6. न्याय पालिका का सम्मान बढ़ेगा।



उल्लेखनीय है कि शुक्र का संबंध साज-सज्जा, सौंदर्य-प्रसाधन, ब्यूटी कॉन्टेस्ट, फिल्म, प्लेटिनम, डायमंड, दूध, शकर से है। शुक्र मार्गी गति से सिंह राशि में लगभग 25 दिन रहेगा, अत: फिल्म अभिनेता-अभिनेत्रियों के लिए अच्छा है। शकर के भावों में इस अवधि में तेजी रह सकती है। सिंह राशि में शुक्र के प्रवेश और गोचर से होने वाले ज्योतिषीय परिणाम को चार्ट-1 (प्रभाव) और चार्ट-2 (लाभ प्रतिशत से दर्शाया जा रहा है। गौरतलब है कि ज्योतिषी एक व्यक्ति है और व्यक्ति की सीमाएं होती हैं। किंतु प्रभु (परमात्मा) की कोई सीमा नहीं होती, वह असीम है। अत: प्रभु इच्छा ही सर्वोपरि है।

### चार्ट-1 परिणाम

| राशियां | प्रभाव |
|---|---|
| मेष, वृषभ, कर्क, सिंह, मकर | श्रेष्ठतम् |
| तुला, वृश्चिक | श्रेष्ठतर |
| मीन | श्रेष्ठ |
| कन्या, कुंभ, धनु, मिथुन | संतोषप्रद |

### चार्ट-2 (लाभ-प्रतिशत)

| राशियां | लाभ प्रश | विशेष लाभ |
|---|---|---|
| मेष, वृषभ, कर्क, सिंह, मकर | 90% | मेडल, धन, यश, अच्छी सेहत |
| तुला, वृश्चिक | 80% | संतान, संपदा, प्रमोशन |
| मीन | 75% | आर्थिक और भूमि लाभ |
| कन्या, कुंभ, धनु, मिथुन | 55% | यात्रा से लाभ |

**अब कुछ बातें व्यापार, देश-दुनिया की :** खाद्यान्न के भावों में उतार-चढ़ाव। खाद्य तेलों के भावों में तेजी, बाद में मंदी।

**देश-दुनिया :** बाढ़, भूकंप, अग्निकांड की आशंका। दुनिया में कलह, विश्व युद्ध की आशंका। **-शेष प्रभु इच्छा!**

**इंदौर:** भाई-बहन ने कराई थी एफआइआर

# बच्चों की शिकायत पर माता-पिता के खिलाफ ट्रायल पर कोर्ट की रोक



**इंदौर@पत्रिका.** हाई कोर्ट इंदौर ने एक अहम आदेश में पुत्र-पुत्री द्वारा माता-पिता के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट के ट्रायल पर अंतरिम रोक लगा दी है। हाई कोर्ट इंदौर में जस्टिस विवेक रुसिया के समक्ष सुनवाई में अधिवक्ता धर्मेन्द्र चौधरी के तर्कों से सहमत होते हुए जिला कोर्ट में माता-पिता के खिलाफ उनके बच्चों की शिकायत पर चल रही ट्रायल पर स्टे कर दिया।

मालूम हो, 25 अक्टूबर 2021 को चंदन नगर थाने में 8 वर्षीय बालक एवं उसकी 21 वर्षीय बहन ने अपने माता-पिता के विरुद्ध मारपीट एवं प्रताड़ित करने की शिकायत की थी। पुलिस ने जेजे एक्ट के तहत एफआइआर की। भाई-बहन ने अन्य कारणों के साथ-साथ टीवी व मोबाइल देखने पर मारपीट करने के भी आरोप लगाए। तभी से दोनों भाई-बहन अपनी बुआ के साथ रह रहे हैं। याचिकाकर्ता माता-पिता एवं उनकी बहन के मध्य भी पारिवारिक विवाद बने हुए हैं। बच्चे बुआ के पक्ष में थे। पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर चालान जिला कोर्ट में पेश किया, जिस पर कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। हाई कोर्ट ने ट्रायल पर अंतरिम रोक लगा दी है।

**आलीराजपुर:** कांग्रेस ने जिला बंद करने की दी चेतावनी

# जोबट विधायक के पुत्र और शराब कंपनी के ठेकेदार के बीच विवाद में फायरिंग, 2 घायल

**आलीराजपुर@पत्रिका.** केशवनगर कॉलोनी में मंगलवार रात जोबट विधायक सेना पटेल एवं कांग्रेस के नेता महेश पटेल के पुत्र पुष्पराज पटेल व कॉलोनी के एक मकान में किराए से ऑफिस चला रहे शराब कंपनी के ठेकेदार के बीच विवाद में हवाई फायरिंग हो गई। वाहनों के कांच फूट गए। वहीं, दो लोग घायल हो गए।

विवाद थाने तक पहुंचा। पुलिस ने पुष्पराज पटेल की शिकायत पर शराब कंपनी के 8 लोगों के खिलाफ और कंपनी के कर्मचारी सुनील डींगरा की शिकायत पर 7 लोगों के विरूद्ध एफआइआर की गई। बुधवार को घटना के विरोध में कांग्रेस ने ठेकेदार की गुंडागर्दी के खिलाफ कलेक्टर डॉ.



अभय अरविंद बेड़ेकर और एएसपी प्रदीप पटेल को ज्ञापन सौंपा। इसमें शराब ठेकेदार रिंकू भाटिया व साथियों के खिलाफ कार्रवाई कर ठेका निरस्त करने व विधायक पुत्र पर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेसी नेताओं ने कार्रवाई नहीं होने पर जिलाबंद की चेतावनी दी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष महेश पटेल, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर व विधायक सेना पटेल समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 4 फायर की सूचना, पुलिस कर रही जांच

कांग्रेस ने कलेक्टर और एएसपी को सौंपे ज्ञापन में बताया, केशव नगर कॉलोनी स्थित ऑफिस क्षेत्र में ठेकेदार के अवैध हथियारों से लैस मैनेजर सहित 25 से 30 गुंडों ने जोबट विधायक सेना पटेल एवं कांग्रेस नेता महेश पटेल के पुत्र पार्षद पुष्पराज पटेल और साथियों पर बंदूक से जानलेवा 4 फायर किए और मारपीट की। उनकी गाडियां भी फोड़ दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**शिक्षा**

ट्रेंडिंग न्यूज

### फ्रेंच व जर्मन भाषाओं के सर्टिफिकेट कोर्स

**इंदौर.** एसजीएसआइटीएस का मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग फ्रेंच और जर्मन भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रहा है। यह पाठ्यक्रम न केवल इनहाउस विद्यार्थियों के लिए है, बल्कि कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए भी उपलब्ध होंगे।



**आत्महत्या**

### महिला ने नर्मदा पुल से लगाई छलांग

**धार.** धरमपुरी की यासमीन (45) पति रफीक खान ने खलघाट स्थित संजय सेतु ब्रिज से बुधवार को छलांग लगा दी। मौके से कुछ लोगों ने परिजनों की सूचना दी। होमगार्ड सैनिक दिनेश वर्मा ने बताया, नर्मदा नदी में बढ़े जलस्तर और मटमैले पानी के कारण टीम सर्चिंग में तो जुटी है, लेकिन कठिनाई आ रही है।

**मौत**

### मालगाड़ी से टकराकर चीतल की मौत

**अनूपपुर.** अनूपपुर-कोतमा रेल मार्ग पर धुरवासिन गांव के समीप मालगाड़ी की ठोकर से 6 वर्षीय मादा चीतल की मौत हो गई। सूचना पर वन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए मृत चीतल का अंतिम संस्कार किया गया।चीतल का शव देखकर धुरवासिन निवासी पारस यादव ने वनविभाग को सूचना दी। धुरवासिन बीट के प्रभारी वनरक्षक, परिक्षेत्र सहायक लतार मौके पर पहुंचे।

**कहीं** सड़क की डामर धुली, तो कहीं पुलिया ही बहने की कगार पर

# प्रदेश में घटिया निर्माणों की मामूली बारिश ने खोली पोल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

हर साल बारिश होती है और प्रदेश के कई इलाकों में सड़कें या तो पहली बारिश में ही बदहाल हो जाती हैं या फिर तेज बहाव में बह जाती हैं। इस साल भी मामूली बारिश में ही सड़कों की गुणवत्ता की पोल खुल गई है। कहीं डामर बह गया है तो कहीं पूरी सड़क। और तो और कहीं-कहीं पुल भी बहने की कगार पर हैं। मामले में जिम्मेदारों से सवाल पूछने पर उनके अजीबोगरीब तर्क सामने आते हैं।

### झाबुआ: महीने भर पहले बनी सड़क मामूली बारिश में उधड़ी

**सुखदेव** विहार कॉलोनी में नपा द्वारा महीनेभर पहले बनाई सड़क मामूली बारिश में ही उखड़ने लगी है। हालांकि सीएमओ निर्माण कंपनी को नोटिस जारी करने की बात कह रहे हैं। बता दें, यहां मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तीसरे चरण के तहत सड़क बनाई गई थी। इसमें लंबाई 600 मीटर है। लागत करीब 9 लाख रुपए थी। कंपनी ने यहां पहले से ही बने सीसी रोड पर डामर की परत चढ़ा दी।



जब बारिश हुई तो डामर उखड़ने लगी। अब कॉलोनी में पहले से बनी सीसी रोड भी दिखने लगी है। लोगों का कहना है, तेज बारिश में तो पूरा डामर ही बह जाएगा।

### शहडोल: बह गई एक साल पहले बनाई गई ग्रेवल सड़क

**जनपद पंचायत** गोहपारू के ग्राम पंचायत खाम्हा में सामान्य बारिश में एक साल पहले बनाई ग्रेवल सड़क ही बह गई। यहां वर्ष 2022-23 में स्वीकृत ग्रेवल रोड बनने के कुछ समय बाद ही पानी में बह गई। पुलिया भी बहने की कगार पर है। सड़क बहने से ग्रामीणों का आवागमन बंद हो गया है। इस मार्ग के बीच में एक पेड़ था, जिसे हटाया भी नहीं गया। पुलिया निर्माण में भी गुणवत्ता की अनदेखी की गई। सिर्फ



एक ढाला डालकर पुलिया का ढांचा खड़ा कर दिया गया है। पंचायत ने सड़क निर्माण के नाम पर मिट्टी डालकर ऊपर से बजरी डाल दी।

**सरकार तलब:** केंद्र व राज्य दोनों सरकारों को पेश करनी है स्टेटस रिपोर्ट

# गैस राहत अस्पताल के लिए डॉक्टर नहीं किए रिलीव, हाई कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**जबलपुर@पत्रिका** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) के लिए गैस राहत विभाग में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए 15 डॉक्टरों को कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायाधीश विनय सराफ की युगलपीठ ने केंद्र और राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। पीठ के समक्ष यह मामला भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन सहित अन्य की याचिका की सुनवाई के दौरान उठा। पीड़ितों के लिए काम करने वाले एनजीओ के वकील नमन नागरथ ने बताया, 27 जून, 2024 को जारी आदेश के अनुसार, गैस राहत विभाग में भेजे गए 15 डॉक्टरों में 5 विशेषज्ञ और 10 चिकित्सा अधिकारी शामिल हैं। हालांकि, गैस राहत अस्पतालों में रिक्तियां भरी जानी बाकी हैं, डॉक्टरों को उनके नए कार्यभार में शामिल होने से मुक्त नहीं किया गया। राज्य सरकार को गैस पीड़ितों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी समिति के परामर्श से रिक्तियों को भरने का आदेश दिया था।

### फंड भी खर्च नहीं किया जा रहा

जनहित व अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान, बीएमटी के पास उपलब्ध कॉर्पस फंड का मुद्दा भी उठा। बीएमटी 2010 में केंद्र सरकार द्वारा अधिग्रहण से पहले बीएमएचआरसी का प्रबंधन करता था। अदालत ने केंद्र सरकार के वकील से कहा, वह बताए, कोष में कितनी राशि है और इसका कितना उपयोग किया गया है। सुनवाई 7 अगस्त को होगी।

## ओखा-दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल ट्रेन अब दिल्ली कैंट तक

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** पश्चिम रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए ओखा-दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल ट्रेन के टर्मिनल स्टेशन में बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला की जगह दिल्ली कैंट तक जाएगी। ओखा-दिल्ली कैंट स्पेशल ट्रेन (सं.09523) 6 अगस्त से ओखा से अपने निर्धारित समय प्रति मंगलवार 10 बजे रवाना होकर दिल्ली कैंट अगले दिन 9.40 बजे पहुंचेगी।

## आज से गांधीग्राम-भावनगर दैनिक समर स्पेशल ट्रेन बावला रुकेगी

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम रेलवे की ओर से भावनगर- गांधीग्राम के बीच चलने वाली दैनिक समर स्पेशल ट्रेन का बावला रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा। भावनगर रेलवे मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक माशूक अहमद ने यह जानकारी दी। उनके मुताबिक पहली अगस्त से गांधीग्राम-भावनगर दैनिक समर स्पेशल ट्रेन (09215) का बावला स्टेशन पर प्रतिदिन आगमन का समय सुबह 7.19 रहेगा और प्रस्थान का समय 7.20 बजे रहेगा। इसी प्रकार भावनगर-गांधीग्राम दैनिक समर स्पेशल ट्रेन (09216) का पहली अगस्त से बावला स्टेशन पर प्रतिदिन आगमन व प्रस्थान का समय क्रमश: 8.31 और 8.32 बजे रहेगा।

## 22 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

**अहमदाबाद.** शहर के अमराईवाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में 22 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। हाथीजण क्षेत्र निवासी रोहिणी निलेल (33) ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत की है। उनका आरोप है कि गत 24 मार्च से लेकर 20 जुलाई तक अमराईवाड़ी निवासी राहुल परमार नामक व्यक्ति ने विविध सुनहरा भविष्य स्कॉलरशिप प्रोजेक्ट फार्म की एवज में विद्यार्थियों से 16 लाख तथा कपासिया तेल के प्रोजेक्ट के नाम पर छह लाख रुपए ऐंठ लिए थे। जबकि इस एवज में रोहिणी निलेल और उसके साथ काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह का लाभ नहीं हुआ है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कार्रवाई शुरू की है।

देश में सबसे अधिक उद्योग पंजीकरण वाले प्रमुख 10 जिलों में सूरत और अहमदाबाद

# गुजरात में 6.29 लाख नई एमएसएमई इकाइयों का पंजीकरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेश पटेल

**गांधीनगर.** गुजरात में वित्तीय वर्ष 2023-24 में गुजरात में 6,29,103 नए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयां (एमएसएमई) पंजीकृत हुई हैं। 25 जुलाई तक राज्य में 19,63,050 एमएसएमई इकाइयों का पंजीकरण किया गया। इनमें 18,73,029 सूक्ष्म, 81,573 लघु तथा 8,448 मध्यम उद्योग शामिल हैं। गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में हुई चर्चा को लेकर राज्य के प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेश पटेल ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि गुजरात में हाल के वर्षों में एमएसएमई सेक्टर में अच्छी वृद्धि देखी घई है। इस इंडस्ट्रीज में ज्यादा लोग जुड़ रहे हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर अग्रणी राज्य होने के चलते राज्य में इतनी बड़ी संख्या में एमएसएमई उद्योग का पंजीकरण हुआ है। गुजरात की गिनती पूरे देश में पॉलिसी ड्रिवन राज्य के रूप में होती है। सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम से विभिन्न विभागों की एक ही जगह से तेजी से स्वीकृति मिलती है। आत्मनिर्भर गुजरात योजना और अन्य औद्योगिक नीतियों से गुजरात सरकार एमएसएमई इकाइयों को ब्याज सहायता, पूंजी सहायता, गैर-गिरवी ऋण जैसी विभिन्न वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि पंजीकरण का डुप्लीकेशन होने के कारण नई इकाई प्राप्त करने के लिए पुरानी इकाई को रद्द कर दिया जाता है। इकाई की स्वामित्व में बदलाव, इकाई की संरचना में बदलाव -प्रोपराइटरशिप से पार्टनरशिप फर्म, पार्टनरशिप फर्म से प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और एमएसएमई इकाइयों से बड़े इकाइयों में परिवर्तन के -चलते पुरानी इकाई को रद्द कर दिया जाता है।

### चार वर्षों में 4,861 इकाइयां ही रद्द

उन्होंने कहा कि गुजरात में कानून और व्यवस्था की अच्छी स्थिति, सरल भूमि नियम और सिंगल विंडो क्लियरेंस से तेजी से स्वीकृति प्रक्रियाएं, जीआईडीसी, सड़क, बंदरगाह जैसी अच्छी इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता के कारण भी इतनी बड़ी संख्या में पंजीकरण हुआ हैं। पिछले चार वर्षों में पंजीकृत एमएसएमई इकाइयों में से 19,63,050 के मुकाबले केवल 4,861 इकाइयां ही रद्द हुई हैं, जो पंजीकृत इकाइयों का मात्र 0.24 फीसदी हैं।

डमी ग्राहक बनाकर किया देहव्यापार पर्दाफाश, सीआईडी क्राइम की कार्रवाई

# अहमदाबाद-गांधीनगर की 35 से ज्यादा होटलों-स्पा पर दबिश

### पुलिस ने 22 मामले दर्ज कर 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** गुजरात पुलिस की सीआईडी क्राइम की टीमों ने अहमदाबाद और गांधीनगर के होटलों और स्पा की आड़ में देह व्यापार होने के शक में दबिश दी। इसे लेकर पुलिस ने 22 मामले दर्ज किए और 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीआईडी-क्राइम के अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि गुजरात में कई होटलों और स्पा में देह व्यापार की गतिविधियां चल रही हैं। इसके मद्देनजर सीआईडी क्राइम के अधिकारियों ने अलग-अलग टीमें बनाकर अहमदाबाद और गांधीनगर में 35 से अधिक स्पा और होटलों पर डमी ग्राहकों को भेजकर दबिश दी।

छापे के दौरान स्पा या होटल के मालिकों, मैनेजरों और दलालों की ओर से यहां आर्थिक लाभ के लिए भारतीय और विदेशी महिलाओं से देह व्यापार करवाया जा रहा था। इन होटलों और स्पा पर छापे मारे गए उनमें गांधीनगर की अर्बन एक्वा स्पा, अहमदाबाद में बोडकदेव स्थित गैलेक्सी स्पा, थलतेज स्थित माहेरा स्पा, सोला में विवाना स्पा, इस्कोन चाररास्ता के निकट माहेरा स्पा, थलतेज में होटल प्रगति ग्रैंड, थलतेज में होटल आइलैंड पार्क, आंबावाडी में न्यू कम्फर्ट इन, प्रहलादनगर में होटल रामाडा, आश्रमरोड पर सिटी गोल्ड के निकट मारुति होटल, झुंडाल सर्कल के निकट हिलॉक होटल शामिल हैं। इन होटलों और स्पा पर देह व्यापार की गतिविधियों के संबंध में छापेमारी की गई।

### 14 स्थलों से विदेशी महिलाओं को भी पकड़ा

बताया जाता है कि पकड़े गए आरोपियों में 14 स्थलों से विदेशी मूल की महिलाओं व उनके ग्राहक भी शामिल हैं। ये महिलाएं रूस व नाइजीरिया की बताई जाती हैं। इस संबंध में साबरकांठा के मोहसिन मेमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जो अहमदाबाद के सेटेलाइट व गांधीनगर के सरगासण इलाके में स्पा चला रहा था। रूसी व नाइजीरिया से महिलाओं को टूरिट वीजा पर लाया गया था और उनका देह व्यापार में इस्तेमाल किया जा रहा था।

बलात्कार के भी 142 केस, क्राइम कांफ्रेंस में दी शहर पुलिस आयुक्त ने जानकारी, कहा अपराध में आई कमी

### अहमदाबाद में पिछले छह माह में हत्या के 39 मामले दर्ज


पुलिस आयुक्त जी एस मलिक

**अहमदाबाद.** शहर में इस वर्ष जनवरी से लेकर जून महीने तक छह माह में हत्या के 39 केस दर्ज किए गए। वहीं हत्या के प्रयास के 48 और बलात्कार के भी 142 केस शहर के विविध पुलिस थानों में दर्ज किए गए। अहमदाबाद शहर पुलिस आयुक्त जी एस मलिक ने क्राइम क्रांफ्रेंस में यह जानकारी देते हुए कहा कि शहर में पिछले वर्ष छह माह की तुलना में इस वर्ष के समान छह माह में आपराधिक मामलों में कमी आने की बात कही हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि इस वर्ष जनवरी से लेकर जून तक शहर में हत्या के 39 मामले दर्ज हुए हैं। जबकि हत्या के प्रयास के 48, डकैती के नौ, लूट के 55, सेंधमार चोरी के 170, चोरी के 1947, ठगी के 207, हंगामे के 27, हमले के दस, अपहरण के 156 और बलात्कार के 142 मामले दर्ज किए गए हैं। उनके अनुसार वर्ष 2023 की इसी अवधि(जनवरी से जून) की तुलना में शहर में आपराधिक मामलों में कमी आई है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 के छह माह में हत्या के 59 मामले दर्ज हुए। हत्या के प्रयास के 61,डकैती के पांच, लूट के 81, सेंधमारी के 219,सभी तरह की चोरी के 2773, ठगी के 239, हंगामे के 32, हमला के 27, अपहरण के 983 तथा बलात्कार के 163 मामले सामने आए थे। वर्ष 2024 में पासा के 495 और वर्ष 2023 में पासा के 386 मामले दर्ज किए गए।

## शाहपुर में करंट लगने से युवक की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर के शाहपुर क्षेत्र में करंट लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शाहपुर निवासी मो.मोहीब कमरुदीन (20) ड्रिल मशीन से काम कर रहे थे। उस दौरान करंट लगने से यह युवक गंभीर रूप से झुलस गया था। उपचार के लिए वीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां युवक की मौत हो गई।

## बीमारी से त्रस्त होकर दी जान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर के रामोल में एक व्यक्ति ने बीमारी से त्रस्त होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार रामोल में सीटीएम चार रास्ता इलाके में रहने वाले हरीशंकर राजपूत (42) पिछले कुछ दिनों से बीमार था। बीमारी से त्रस्त होकर हरीशंकर ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामोल पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

अस्वास्थ्यकर खान-पान को लेकर मनपा की कार्रवाई

# फाइव स्टार होटल के सांभर में निकला कीट, किचन सील

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


मनपा की टीम जांच करते हुए।


सांभर में निकला कीट।


मनपा की टीम जांच करते हुए

**अहमदाबाद.** महानगरपालिका ने शहर के वस्त्रापुर स्थित हयात होटल के किचन को सील कर दिया। होटल में ग्राहक को परोसे गए सांभर में कीट निकलने का वीडियो वायरल हुआ था। इस संबंध में मनपा को मिली शिकायत के बाद बुधवार को कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने होटल के किचन को सील कर क्लोजर नोटिस दिया। इसके अलावा मनपा ने शहर में 8 अन्य इकाइयों को भी सील कर दिया।

महानगरपालिका के अतिरिक्त स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भाविन जोशी के मार्गदर्शन में फूड विभाग की ओर से मंगलवार को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 के तहत कुल 101 जगहों पर फूड व पेय पदार्थों की जांच की गई। शंका होने पर इनमें से 18 नमूने लेकर जांच को भेजे गए। साथ ही 31 नोटिस भी जारी किए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार नवरंगपुरा क्षेत्र में विजय चार रास्ता स्थित ब्रेव स्पॉट शॉप नंबर एक में जांच करने पर फूड में टीपीसी की मात्रा अधिक पाई जाने पर इस इकाई को स्वास्थ्य हित में अनिश्चित समय के लिए सील किया गया हैं। बहेरामपुरा में संजार पार्क विभाग एक में टाइगर बेकरी में मिले 1045 किलो उबले आलू व आटा अनहाइजेनिक अवस्था में मिलने पर इकाई को सील किया गया। नवरंगपुरा में सेम्स पीजा इकाई की कोल्डड्रिंक्स में मच्छर मिलने की शिकायत पर इकाई को सील किया गया।

### कांकरिया लेक फ्रंट में पांच इकाइयां सील

महानगरपालिका की इस कार्रवाई में कांकरिया लेक फ्रंट पर स्थित पांच इकाइयों में अस्वास्थ्यकर भोजन मिलने पर सील किया गया है। इनमें कांकरिया में मनपसंद भाजी-पाऊ के सॉस में कीट मिलने की शिकायत मिली थी। इसके अलावा पुरोहित भाजी पाऊ, मनमोहन पानीपूरी, मनमोहन भाजी-पाऊ, मनमोहन भाजी-पाऊ एंड चाइनी नामक इकाई में भी खराब भोजन मिलने पर इन्हें भी बंद करवाया गया। इन सभी को नोटिस दिया गया है।

राज्य के अन्य जीएमईआरएस अस्पताल में भी होगी ऐसी व्यवस्था, दो से आठ डिग्री तापमान की जरूरत वाली वस्तुएं रखी जा सकेंगी

# सोला सिविल अस्पताल में दवाएं, वैक्सीन रखने को दो वॉकिंग कूलर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


दवाएं, वैक्सीन रखने को दो वॉकिंग कूलर

**अहमदाबाद.** शहर के सोला सिविल अस्पताल में बुधवार को ऐसे दो वॉकिंग कूलर लगाए गए हैं जिनमें मंहगी दवाइयों, वैक्सीन, रक्त व मूत्र जांच संबंधी किटों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। दो से आठ डिग्री सेल्सियस तापमान वाली जरूरत की वस्तुओं को इसमें रखा जा सकेगा।अब तक इसके लिए बड़े-बड़े फ्रीज का उपयोग किया जाता था। लगभग 23 लाख के खर्च से लाए गए इन वॉकिंग कूलरों के चलते बिजली के बिल में भी काफी कमी आएगी।

गुजरात मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च सोसाइटी (जीएमईआरएस) के सीईओ डॉ. वाईएस गोस्वामी ने अस्पताल में इसका उद्घाटन किया। सोला सिविल अस्पताल के अलावा जीएमईआरएस संचालित राज्य में वडोदरा के गोत्री, पाटण, हिम्मतनगर, मोरबी, नवसारी, राजपीपला, वलसाड, गांधीनगर, जूनागढ़, पोरबंदर, वडनगर समेत सभी अस्पतालों में इस तरह की व्यवस्था करने की बात कही गई। उनके अनुसार गुजरात राज्य फार्मासिस्ट मंडल के अध्यक्ष एवं सीईओ के चर्चा कर दवाइयों के संग्रह व सुरक्षित रखने की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### कोल्ड रूम के आकार का है कूलर

वैक्सीन हिमोफेलिया के फैक्टर, टिटनेस के टीके, बच्चों की विविध वैक्सीन, लेबोरेटरी की वस्तुओं आदि को वॉकिंग कूलर में रखे जाने से गुणवत्ता बरकरार रहेगी। वॉकिंग कूलर एक कोल्ड रूम के आकार का है।

## पत्रिका फोटो स्टोरी — अहमदाबाद: बारिश के बीच सड़कों पर गड्ढे दे रहे हैं हादसों को आमंत्रण





**अहमदाबाद.** शहर में इन दिनों सड़कों पर गड्ढों की भरमार है। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को न सिर्फ वाहन चलाने में परेशानी हो रही है बल्कि ये हादसों को भी आमंत्रण दे रहे हैं। शहर के न्यू मणिनगर स्थित वटवा रोड पर बड़ी संख्या में पानी भरे गड्ढों से वाहन चालक परेशानी में हैं। खासकर स्कूटर व मोटरसाइकिल सवारों को ज्यादा परेशानी हो रही है। उधर शहर में कांकरिया के पीछे के भाग में मणिनगर सर्कल पर भी बड़े गड्ढे के बाद मिट्टी इस तरह से पड़ी हुई है कि इससे दुर्घटना भी हो सकती है।

कन्या शिक्षा प्रोत्साहन | कक्षा-1, कक्षा-9 तथा 18 वर्ष की आयु पर मिलेंगे 4 हजार से 1 लाख रुपए

# व्हाली दीकरी योजना: 5 वर्षों में 2.37 लाख से अधिक बेटियां पंजीकृत

## अगस्त-2019 के बाद जन्मीं बेटियों को शादी तक मिलेगी सहायता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**गांधीनगर.** गुजरात में कन्या शिक्षा को निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से गत 5 वर्षों में गरीब परिवार की बेटियों के लिए वर्ष 2019 में आरंभ की गई 'वहाली दीकरी योजना' (प्यारी बेटी योजना) के तहत 2.37 लाख से ज्यादा बेटियों का पंजीकरण किया गया। इनमें वर्ष 2019-20 में पंजीकृत हुई 12 हजार 622 बेटियों को वर्ष 2025-26 में जब वे पहली कक्षा में प्रवेश लेंगी, तब पहली किश्त के रूप में 4000 रुपए दिए जाएंगे।

इस योजना के प्रारंभ होने के बाद से लाभार्थी बेटियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। वर्ष 2020-21 में यह संख्या 44 हजार 664 हुई। वर्ष 2021-22 में 1 लाख 14 हजार 567, वर्ष 2022-23 में 1 लाख 70 हजार और मार्च-2024 तक यह संख्या बढ़ कर कुल 2 लाख 37 हजार 12 पर पहुंच गई।

इस योजना के तहत कक्षा 1, कक्षा 9 में प्रवेश तथा 18 वर्ष की आयु होने पर उच्च शिक्षा या विवाह के अवसरों पर प्रावधान के तहत सहायता राशि मिलेगी। महिला व बाल कल्याण मंत्री भानूबेन बाबरिया ने कहा कि आज यह आवश्यक है कि हम अपनी बेटियों को सशक्त बनाएं। राज्य की बेटियों के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए यह योजना लागू की गई है।

### जन्म से लेकर 18 वर्ष तक मिलेगी सरकारी सहायता

इस योजना के लाभ वर्ष 2025-26 से मिलना शुरू होंगे। बेटियां लाभ प्राप्ति के योग्य कक्षा 1 में प्रवेश लेने के बाद ही बनती हैं। लाभार्थी बेटियों को 18 वर्ष की आयु होने तक 4 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक की सहायता मिलेगी।

### 2 अगस्त 2019 या इसके बाद जन्म लेने वाली बेटियां योग्य

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित इस योजना के तहत गरीब परिवारों में 2 अगस्त, 2019 को या उसके बाद जन्मीं बेटियों को शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने योजना के लिए 2019 से 2023-24 के दौरान कुल 460.85 करोड़ का प्रावधान किया, परंतु सरकार ने प्रावधान से अधिक अब तक 494.14 करोड़ आवंटित किए हैं। 2 लाख रुपए या उससे कम वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए यह लागू होगी। राज्य सरकार इन गरीब बेटियों को कक्षा 1 में प्रवेश के समय 4 हजार, कक्षा 9 में प्रवेश के समय 6 हजार और 18 वर्ष की उम्र होने पर उच्च शिक्षा या विवाह के मौके पर 1 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करेगी। इस बीच यदि घर के कमाई करने वाले मुखिया की मृत्यु हो जाए, तो राज्य सरकार उसकी बेटी को 10 हजार रुपए की अतिरिक्त बीमा राशि प्रदान करेगी। योजना का लाभ उन्हीं दम्पतियों को मिल सकेगा, जिनकी अधिकतम 3 संतानें हों। दम्पति की 3 संतानों में एक बेटी होना जरूरी है। इस प्रावधान के जरिये सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहन देने का प्रयास किया है।

प्रदेश कांग्रेस ने किया दावा, ग्राहकों की जमा पूंजी के सुरक्षित होने का भरोसा दिलाने की सरकार से मांग

# गुजरात के सहकारी बैंकों में साइबर अटैक के चलते 5 हजार करोड़ का लेन देन प्रभावित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** गुजरात के सहकारी बैंकों में साइबर अटैक को लेकर गुजरात कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार बैंकों के ग्राहकों को यह भरोसा दिलाए कि उन सभी की जमा पूंजी सुरक्षित है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रवक्ता हेमांग रावल के अनुसार साइबर अटैक के कारण लगभग पांच हजार करोड़ रुपए का लेनदेन प्रभावित हुआ है। इस परेशानी से निजात दिलाने की भी राज्य सरकार से मांग की है।

रावल के मुताबिक गुजरात स्टेट कॉपरेटिव बैंक और उसके साथ जुड़ी 13 जिला तथा 150 अर्बन बैंकों का डिजिटल लेनदेन तीन दिन से प्रभावित है।

गुजरात के किसान, विद्यार्थी, व्यापारी, महिला, श्रमिक समेत बैंकों के खातेदारों का डिजिटल व्यवहार में अवरोध है। रावल ने बड़ा साइबर हमला होने की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि ग्राहक बैंक में शिकायत करते हैं तो उन्हें किसी तरह का संतोषजनक जबाव नहीं दिया जा रहा है। उनकी मांग है कि इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक और केंद्र सरकार के वित्त विभाग को उचित कदम उठाने चाहिए।

## पेज एक से जारी

# भविष्य का प्रश्न

सत्ता के लालची देश बेचने तक को तैयार रहते हैं। कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से ही हमारे देश में सुरक्षा के मोर्चे पर बहुत सी बातें होती हैं। सुरक्षा का क्या मतलब होता है यह देखने के लिए पेरिस जाना चाहिए। ताकि यह समझा जा सके कि दुनिया के विकसित कहे जाने वाले हिस्सों में भी नागरिक स्वतंत्रता कितनी सीमित हो सकती है। ऐसे में सीमाओं को सुरक्षित रखना भारत के लिए भी सबसे बड़ी चुनौती है।

आतंकवाद का नियमित और योजनाबद्ध प्रशिक्षण दिया जाना भी आज की वास्तविकता है। अपहरण-बलात्कार-लव जिहाद भी इसी का हिस्सा बनता जा रहा है। इससे बड़ा खतरा ध्रुवीकरण का हो रहा है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण युवा शक्ति को देश के विकास से भटका रहा है। मादक पदार्थों का आक्रमण युवाओं के लिए पहले ही बड़ी चुनौती बन रही है। यहीं से वह आतंककारी संगठनों की गोद में जा रहा है। नशा उसके लिए सर्वोपरि है।

हमें मुम्बई-जयपुर के आतंकी हमले याद हैं। भारत में कसाब को फांसी हो गई, लेकिन पाकिस्तान में चल रहा केस एक इंच आगे नहीं बढ़ा। कानून व्यवस्था अपराधियों के लिए जन्नत है। साथ ही मुफ्त का खाना-पीना। उदयपुर में कन्हैया के हत्यारों का क्या हुआ? कौनसा सबूत चाहिए? पूरा देश एक तरफ और न्याय व्यवस्था -कानून- एक तरफ। हिजबुल मुजाहिद्दीन के हमले में सात मार्च को शोपियां (जम्मू-कश्मीर) में तीन जवान और पिछले वर्ष 20 अप्रेल को पुंछ में सेना के ट्रक पर हमले में पांच जवान शहीद हो गए। दूसरे हमले की जैश-ए-मोहम्मद ने जिम्मेदारी ली।

वर्ष 2022 में सोपोर हमला हुआ। 2021 में नागरोटा में जैश-ए-मोहम्मद ने हमला किया। लश्कर-ए-तैयबा ने 2020 में हंदवाड़ा में जवानों पर हमला किया। पुलवामा में 14 फरवरी 2019 के हमले को कौन भूलेगा? जैश-ए-मोहम्मद के हमले में हमारे 40 जवानों की शहादत हो गई थी। वर्ष 2018 में श्रीनगर और सुंजवां में हमले हुए थे। वर्ष 2017 में अमरनाथ यात्रा पर हमला हुआ-सात यात्री मारे गए। पठानकोट हवाई अड्डे पर भी सात जवान शहीद हुए थे। 2016 में उरी सैक्टर हमले में 19 जवान शहीद हुए। उधमपुर और गुरदासपुर के हमले भी स्मृति में ताजा हैं।

यह व्यथा अकेले भारत की ही नहीं है। पाकिस्तान के पेशावर स्कूल पर हमले में लगभग 150 बच्चे मारे गए थे। आतंकवादी तहरीक-ए-तालीबान के थे। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की आतंकी कारगुजारियों की भी लम्बी फेहरिस्त है। पेरिस के बम ब्लास्ट सीरीज में मारे गए 130 लोगों व ब्रसेल्स में रेल के स्टेशन पर हुए धमाके में मारे गए 32 जनों की जिम्मेदारी भी आईएसआईएस ने ली थी। फ्रांस में उत्सव की भीड़ पर हमले में इसी संगठन ने 86 लोगों की जान ली। ब्रिटेन में एक कार्यक्रम के दौरान हुए हमले ने 22 लोगों की जान भी आईएसआईएस ने ही ली थी। लॉस बेगास (अमरीका) में भी एक उत्सव में हुए हमले में 58 लोग मारे गए थे। इण्डोनेशिया के तीन चर्चों के हमले में वर्ष 2018 में 28 लोग मारे गए थे। श्रीलंका में 2019 में ईस्टर बम धमाके में 250 लोग मारे गए थे। ये भी आईएसआईएस के हमलों में ही मौत के शिकार हुए।

वर्ष 2020 में काबुल विश्वविद्यालय के दो नवम्बर के हमले में 35 लोगों की मौत व 26 अगस्त 2021 को काबुल हवाई अड्डे के धमाके में 183 लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी आईएसआईएस ने ही ली थी। 2022 में नाईजीरिया के चर्च धमाके में 50 से अधिक लोग मारे गए थे। वर्ष 2023 इस्तांबुल धमाके में 6 लोगों को मारने की जिम्मेदारी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी ने ली थी। इसी प्रकार 2024 का अजूबा हमला (नाइजीरिया) 50 से ज्यादा जानें ले गया। बोको हराम नामक संगठन का इसमें हाथ रहा था।

ये आंकड़े कुछ दुर्दांत आतंकी घटनाओं के हैं। पूरा विश्व आतंकित है। स्वयं आतंकियों के देश भी इनसे आतंकित हैं। शायद इनको भी नहीं मालूम कि किनके इशारों पर ये अपनी जान जोखिम में डालते हैं? मध्य-पूर्व धधक रहा है। आतंक की आंच एशिया-यूरोप तक फैल रही है। सरकारें मौन हैं। कानून की अपनी ही चाल है। राजनीति भी अब आतंकवाद की चपेट में भी आ रही है, तो कहीं आतंकवाद की आग को हवा भी देती दिखाई दे रही है। अवैध तरीके से लोगों को बसाने वाले बिचौलिए और नेता पुलिस से छिपे नहीं हैं। संगठित व्यापारी-भिखारी-पुलिस और सरकारें मिलकर इस अग्नि-ज्वालामुखी-को फैला रहे हैं। जनसंख्या का मुद्दा भी इसी से जुड़ा है।

आतंक का मुकाबला तो करना है और देखना है कि जिन पर हम भरोसा कर रहे हैं कहीं वे ही तो देश के दुश्मन नहीं बन रहे। घर का भेदी लंका ढाहे! आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का प्रश्न है। शिक्षा में राष्ट्र प्रेम, धरती माता एवं देशहित के पाठ प्राथमिकता से जुड़ने चाहिए। युवा संकल्प और स्वप्न देश से जुड़ जाने चाहिए। सौहार्द का एक नया अभियान चलना चाहिए। संविधान के तीनों पायों को भी पुनः संविधान रक्षा का संकल्प हर हाल में दोहराना पड़ेगा। जोत जगानी है-युवा संगठनों को घर-घर जाकर।

**वनडे सीरीज :** श्रीलंका के खिलाफ पहला मुकाबला दो अगस्त को कोलंबो में

# ब्रेक के बाद वापसी को तैयार रोहित और विराट, जमकर किया अभ्यास

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोलंबो.** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ब्रेक के बाद मैदान पर वापसी को तैयार हैं। ये दोनों ही क्रिकेटर श्रीलंका के खिलाफ दो अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन यह उनकी पहली सीरीज होगी।

गौरतलब है कि रोहित और विराट ने भारत के टी-20 विश्व चैंपियन बनने के कुछ लम्हों बाद ही अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में युवा क्रिकेटरों पर भरोसा जताया गया जो उन्होंने सही साबित किया। टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप करने के बाद अब कोच गंभीर चाहेंगे कि उनकी टीम वनडे सीरीज में भी यही कमाल दोहराए।

### ये होंगे बदलाव

**टी-20** सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा रहे रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव स्वदेश लौट गए हैं, जबकि रोहित और विराट के अलावा राहुल, श्रेयस अय्यर, कुलदीप यादव व हर्षित राणा वनडे टीम से जुड़ गए हैं। शेष खिलाड़ी कोच गौतम गंभीर व अन्य सदस्यों के साथ पल्लेकल से सीधा कोलंबो पहुंचे।





***नन्हें प्रशंसक ने जीता दिल:*** कोलंबो में मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान विराट और रोहित से मिलने एक नन्हा प्रशंसक पहुंचा। वह प्रशंसक विराट और रोहित की टी-20 विश्व कप जीत के बाद की तस्वीर लेकर आया था। विराट और रोहित ने उससे मुलाकात की और ऑटोग्राफ दिया।

अभ्यास सत्र के बाद नन्हें प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते विराट कोहली (बाएं)। रोहित शर्मा अभ्यास के दौरान।

***आठ महीने बाद वनडे खेलेंगे रोहित:*** कप्तान रोहित आठ महीने बाद भारत के लिए वनडे मैच खेलेंगे। उन्होंने अपना अंतिम वनडे आइसीसी विश्व कप में पिछले साल नवंबर में अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को सिर्फ छह वनडे खेलने हैं, ऐसे में उनके लिए हर मैच अहम है।

***द्रविड़ को पीछे छोड़ने का मौका:*** रोहित 11,000 से ज्यादा वनडे रन बनाने वाले भारतीय क्रिकेटरों के विशेष क्लब में शामिल होने से 291 रन दूर हैं। इसके अलावा वे पूर्व दिग्गज राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़कर वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बनने के लिए महज 60 रन ही दूर रह गए हैं।

**आइसीसी रैंकिंग :** रोहित टेस्ट क्रिकेट में एक स्थान के सुधार के साथ छठे स्थान पर पहुंचे

# इंग्लैंड के रूट फिर बने नंबर वन टेस्ट बल्लेबाज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दुबई.** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक 291 रन बनाने वाले इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में फायदा मिला है। वे एक बार फिर नंबर वन टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन को पीछे छोड़ा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी एक स्थान के सुधार के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए है, जबकि यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली क्रमशः 8वें और 10वें नंबर पर हैं।



***टी-20 रैंकिंग में सूर्या दूसरे नंबर पर:*** टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर हैं, वहीं यशस्वी दो स्थान के सुधार के साथ चौथे और रुतुराज गायकवाड 8वें नंबर पर हैं। गेंदबाजों में रवि बिश्नोई 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7062...



**बाएं से दाएं...** 1. दबदबा, रुतबा, कीर्ति (4), 4. कुख्यात, बेइज्जत (4), 7. चुनौती (4), 9. स्मरण, स्मृति (2), 10. होशियार, चंट, काइयां (3), 12. पाठशाला (4), 14. बुरी आदत (2), 16. गीला, नम (2), 18. जागरूक, सतर्क (3), 19. मूल्य, दाम (3), 21. प्रयोग में लेना, वापरना (4), 23. मद्य व्यवसाय (4), 24. सुगम, सरल, आसान (3), 25. अनल, पावक (2), 26. सपाट, एकसा, बराबर (4), 29. निरन्तर, लगातार (3), 30. विश्वास, भरोसा (3)

**ऊपर से नीचे...** 1. बातचीत, मेल-मिलाप, वार्तालाप (4), 2. बच्चा, शिशु (3), 3. पुत्र, रक्त वर्ण (2), 4. वृद्धि, बढोतरी, विकास (4), 5. दुर्लभ, दुष्प्राप्य (3), 6. नशा (2), 8. कार्य, काज (2), 11. पैर, पदाघात (2), 13. युक्ति, उपाय (4), 15. रूपरेखा (3), 17. पहरेदार, चौकीदार, प्रहरी (3), 18. समुदाय (3) 20. घर (3), 21. उम्मीद (2), 22. कष्ट, परेशानी (4), 23. आया हुआ, घटित (3), 25. आय (3), 27. धुन, तर्ज, ताल (2), 28. वित्त (2)

**हल 7061**



## SUDOKU 6797...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | | 2 | | | | | 5 |
| | | | 7 | | 1 | | | |
| | | 6 | | | 8 | | | 9 |
| 6 | | 1 | | | | | | |
| | | | | 3 | | 2 | | 6 |
| 5 | | | | 9 | | | | |
| 1 | 4 | | | | | | | |
| | | | | | | | 2 | 1 |
| | 3 | | | | | 4 | 9 | |

**हल 6796**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 2 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।



**फ्यूचर एंड ऑप्शंस पर सख्ती :** सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा-बाजार की स्थिरता के लिए दिए 7 सुझाव, इन पर अमल से एफएंडओ की तेजी पर लगेगा अंकुश

# 78 लाख से ज्यादा एफएंडओ ट्रेडर्स को ₹52,000 करोड़ का नुकसान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** एफएंडओ यानी फ्यूचर एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग के वॉल्यूम में लगातार आ रही तेजी और खुदरा निवेशकों को होने वाले घाटे से चिंतित बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा के लिए 7 उपाय सुझाए हैं। इन पर अमल होने से एफएंडओ की तेजी पर अंकुश लगने की उम्मीद है। सेबी की स्टडी के मुताबिक, एफएंडओ में वर्ष 2023-24 में 85% से अधिक निवेशकों को घाटा हुआ और यह नुकसान 100-200 करोड़ रुपए का नहीं, बल्कि 52,000 करोड़ रुपए का रहा। सेबी के मुताबिक, 2023-24 में 92.50 लाख लोगों ने एनएसई के डेरिवेटिव सेगमेंट में कारोबार किया। इनमें से 78.28 लाख को घाटा हुआ।

### बाजार नियामक सेबी ने दिए ये 7 सुझाव

1. डेरिवेटिव्ज कांट्रैक्ट का मूल्य पहले चरण में 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख और 15 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करना चाहिए। ***दूसरे चरण में इसे 20 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपए करना चाहिए।***
2. स्ट्राइक अंतराल प्रचलित सूचकांक मूल्य यानी मौजूदा कीमत के आसपास 4% के करीब एक समान होना चाहिए। ***स्ट्राइक प्राइस प्रचलित मूल्य 4% से 8% से दूर जाने पर अंतराल बढ़ना चाहिए।***
3. एक्सपायरी डे पर वॉल्यूम में अंतर और उसके साथ तरलता जोखिम को देखते हुए कैलेंडर स्प्रेड स्थिति के लिए ***मार्जिन लाभ उन स्थितियों के लिए प्रदान नहीं किया जाएगा जिनमें कोई भी कांट्रैक्ट उसी दिन समाप्त हो रहा हो।***
4. इंडेक्स डेरिवेटिव अनुबंधों के लिए पोजीशन लिमिट्स की निगरानी ***इंट्राडे आधार पर क्लीयरिंग कॉरपोरेशन/स्टॉक एक्सचेंजों की ओर से की जाएगी।***
5. सभी 5 दिन के बजाय एक्सपायरी की संख्या को प्रति स्टॉक एक्सचेंज सप्ताह में एक तक सीमित करने का प्रस्ताव। ***इससे वीकली ऑप्शंस की संख्या 18 से घटकर 6 रह जाएगी।***
6. ऑप्शन अनुबंधों में उच्च जोखिम से निपटने के लिए ऑप्शन में काम करने वाली संस्थाओं के लिए अनुमानित आधार पर ***भारी हानि मार्जिन (ईएलएम) को 3% से 5% तक बढ़ाया जाना चाहिए।***
7. ऑप्शंस का प्रीमियम अपफ्रंट राशि एडवांस में लिया जाए।

**85%** ट्रेडर्स को वर्ष 2024-24 में हुआ एफएंडओ ट्रेडिंग में घाटा, ***वर्ष 2022 में हर 10 में से 9 निवेशकों को फ्यूचर एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग में हुआ था नुकसान***

### अतिरिक्त 23% घाटा

**सेबी** ने पाया, ट्रेडिंग घाटे के अलावा घाटे में चलने वाले निवेशकों ने ट्रांजेक्शन कॉस्ट के रूप में अपने कुल घाटे का अतिरिक्त 23% खर्च किया, जबकि प्रॉफिट कमाने वालों ने ट्रेडिंग लाभ का अतिरिक्त 15% लेनदेन लागत में खर्च किया। एफएंडओ ट्रेडिंग में हुआ 51,689 करोड़ रुपए का यह घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सभी म्युचुअल फंड की ग्रोथ व इक्विटी ओरिएंटेड स्कीम में नेटफ्लो का 32% से अधिक है। भारतीय शेयर बाजार के डेरिवेटिव सेगमेंट में हर रोज 400 लाख करोड़ रुपए से अधिक की कारोबार है, यह बीएसई में लिस्टेड सभी कंपनियों के पूरे मार्केट कैप के करीब है।

### वॉल्यूम में आएगी 35% तक गिरावट

**वीकली** एक्सपायरी को प्रति एक्सचेंज 1 कॉन्ट्रैक्ट तक सीमित करने से बाजार के वॉल्यूम में 35% तक गिरावट आने की संभावना है। कॉन्ट्रैक्ट के साइज को शुरू में 2-3 गुना बढ़ाने और 6 महीने बाद 3-4 गुना करने से रिटेल पार्टिसिपेशन प्रभावित होगी और एफएंडओ में एक्टिव ट्रेडर्स की संख्या कम हो सकती है। **- आइआइएफएल सिक्योरिटीज**

**आर्थिक आंकड़े :** केंद्र का राजकोषीय घाटा घटा

# नरम पड़ी कोर सेक्टर की ग्रोथ, जून में 4% ही बढ़ी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन घटने से इस साल जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों (कोर सेक्टर) की उत्पादन में नरमी आई है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में 8 कोर सेक्टर्स का उत्पादन केवल 4% बढ़ा।

आठों कोर सेक्टर के आउटपुट में मासिक और सालाना दोनें आधार पर गिरावट आई है। मई, 2024 में कोर सेक्टर का उत्पादन 6.4% बढ़ा था, जबकि जून, 2023 में इसकी वृद्धि दर 8.4% थी। वहीं, चालू वित्त वर्ष की अप्रेल-जून तिमाही में इन प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 5.7% बढ़ा. जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6% बढ़ा था। कोर सेक्टर के उत्पादन में आई नरमी से जून में औद्योगिक उत्पादन भी सुस्त रहने का अनुमान है।

### इतना रहा 8 कोर सेक्टर का उत्पादन

| माह | ग्रोथ रेट |
|---|---|
| जनवरी | 4.1% |
| फरवरी | 7.1% |
| मार्च | 6.3% |
| अप्रेल | 6.7% |
| मई | 6.4% |
| जून | 4.0% |

### किस सेक्टर में कितना बढ़ा उत्पादन

| क्षेत्र | मई | जून |
|---|---|---|
| कोयला | 10.2% | 14.8% |
| बिजली | 13.7% | 7.7% |
| उर्वरक | -1.7% | 2.4% |
| प्राकृतिक गैस | 7.5% | 3.3% |
| स्टील/लोहा | 6.8% | 2.7% |
| सीमेंट | -0.6% | 1.9% |
| कच्चा तेल | -1.1% | -2.6% |
| रिफाइनरी उत्पाद | 0.5% | -1.5% |

**राजकोषीय घाटा लक्ष्य का 8.1%** चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली अप्रेल-जून तिमाही में केंद्र का राजकोषीय घाटा पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 8.1% रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही में 25.3% था। यानी सरकार के फिस्कल डेफिसिट में भारी कमी आई है। जून तिमाही में सरकार का राजकोषीय घाटा 1,35,712 करोड़ रुपए रहा।

## पेज 1 का शेष

### मंदाकिनी...

भारी बारिश से भीमबली के पास 25 से 30 मीटर का यात्रा मार्ग भी बह गया। रेलिंग उखड़ गईं और रास्ते में पहाड़ के बड़े-बड़े पत्थर आ गिरे। एसडीआरएफ को रवाना कर दिया गया है। यात्रा मार्ग में फंसे करीब 200 तीर्थयात्रियों को गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस में रोका गया है। पुलिस-प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें अलर्ट मोड पर हैं। भारी बारिश को देखते हुए यात्रा रोक दी गई है।

**पत्थर गिरने से नदी झील में हुई तब्दील :** लोगों ने बताया कि महाबली के पास मंदाकिनी नदी में पत्थर गिरने से पानी रुक गया। इसे मंदाकिनी का कुछ इलाका झील जैसा दिखने लगा है। मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ने से गौरीकुंड और सोनप्रयाग में लोग डरकर चिल्लाते हुए इधर-उधर भागते नजर आए।

### रेड लाइट..

इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के कारण कई इलाकों में इमारतों के गिरने की भी सूचना है। उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में एक इमारत गिर गई। इसमें कई लोगों की दबने की आशंका है। घटनास्थल पर दमकलें और आपदा राहत दल को भेजा गया है। वहीं चांदनी चौक इलाके में भी घरों को नुकसान हुआ।

### वायनाड..

इस बीच केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज बुधवार को सड़क हादसे में जख्मी हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। वह वायनाड जा रही थीं। चेट्टियांगडी में उनकी कार बिजली के खंभे से टकरा गई।

**अलर्ट के मुद्दे पर शाह और विजयन आमने-सामने:** गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में आपदा पर चर्चा के दौरान कहा कि केंद्र सरकार ने केरल सरकार को 23 जुलाई को ही आपदा को लेकर आगाह कर दिया था, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। एनडीआरएफ की नौ बटालियनें वहां पहले भेज दी गई थीं, जबकि तीन मंगलवार को भेजी गई। शाह ने कहा, केरल सरकार एनडीआरएफ की बटालियन देखकर अलर्ट हो जाती तो नुकसान से बचा जा सकता था। केंद्र सरकार के अर्ली वॉर्निंग सिस्टम के जरिए कई राज्यों को अलर्ट किया था। जिन राज्यों ने सावधानी बरती, वहां कोई नुकसान नहीं हुआ। वहीं केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने शाह के बयान को आधारहीन बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को यह समझने की आवश्यकता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण हमारे पर्यावरण में बदलाव हुआ है और हमें इसके लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है।

### यह है...

पुणे के कलक्टर सुहास दिवासे की शिकायत के बाद पूजा का ट्रांसफर वाशिम कर दिया गया। जांच में पता चला कि उन्होंने यूपीएससी में सिलेक्शन पाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इसके बाद कई और खुलासे हुए।

### पीएम बोले...

ठाकुर के भाषण के कई शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया। ऐसे में मोदी के एक्स पर अनुराग ठाकुर के भाषण को पोस्ट करने को कांग्रेस समेत विपक्ष ने मुद्दा बना लिया। लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष जाति जनगणना की मांग करने लगा। ठाकुर से माफी मांगने की मांग भी की गई। हंगामे के चलते प्रश्नकाल समय से पहले समाप्त हो गया। बाद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री को ट्वीट करने की क्या जरूरत थी। कम से कम उनको यह तो मालूम होना चाहिए, कहां बोलना, किसको डिफेंड करना, कौन-सी बात देश के लोगों को सिखाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पीएम का ट्वीट करना संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन को बढ़ावा देने जैसा है। बयान को सभी पार्लियामेंट्री नॉर्म्स से हटा दिया गया है, लेकिन ये बयान एडिट होकर बाहर चल रहा हैं।

**फेडरल रिजर्व ने नहीं घटाई ब्याज दरें पर कटौती का दिया संकेत**

# सितंबर में ब्याज दरें घटने की उम्मीद, अमरीकी शेयर बाजारों में तूफानी तेजी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क/मुंबई.** अमरीकी फेडरल रिजर्व ने अपनी दो दिवसीय मौद्रिक समीक्षा बैठक में बुधवार को ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 5.25% से 5.50% के दायरे में बरकरार रखा। हालांकि केंद्रीय बैंक ने सितंबर में ब्याज दरों में कटौती का संकेत दिया, जिससे अमरीकी शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी आई। नैस्डैक 2.5% के करीब उछल गया।

वहीं डाउ जोंस और एनवाइएसई कंपोजिट इंडेक्स में भी करीब 1% की तेजी आई। इससे टेक स्टॉक्स में सबसे अधिक तेजी देखने को मिली। मंगलवार को एनवीडिया के शेयर में 7% की गिरावट आई थी जो बुधवार को 11% से अधिक उछल गए। एपल, मेटा, टेस्ला, गूगल, अमेजन सहित तमाम टेक स्टॉक्स में तेजी देखने को मिली। सितंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से तमाम बैंकिंग और फाइनेंस कंपनियों के शेयर चढ़ गए, साथ ही स्पॉट गोल्ड की कीमतें भी बढ़कर 2425 डॉलर प्रति औंस पर रही।

### इतना चढ़े अमरीकी बाजार

| इंडेक्स | तेजी |
|---|---|
| नैस्डैक | 2.55% |
| डाउ जोंस | 0.75% |
| एसएंडपी 500 | 1.70% |
| एनवाईएसई कं. | 0.90% |
| रसेल 2000 | 0.80% |

### भारतीय बाजार भी चढ़े

**अमरीका** में जल्द ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद से बुधवार को भारतीय शेयर बाजार भी लगातार चौथे दिन तेजी में बंद हुए। सेंसेक्स 286 अंक उछलकर 81,741 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 50 इंडेक्स 94 अंक चढ़कर 24,951 लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दरें बढ़ने के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी की रफ्तार प्रभावित नहीं हुई हैं।

**जिम्नास्टिक में दबदबा**

# बाइल्स ने जीता स्वर्ण पदक...



**पेरिस @ पत्रिका.** मानसिक स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर टोक्यो ओलंपिक में कई स्पर्धाओं के फाइनल से पीछे हटने वाली सिमोन बाइल्स की अगुवाई में अमरीकी महिला जिम्नास्टिक टीम ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीता। इस दौरान हवा में सिमोन बाइल्स।



**60** लाख
लाइक्स कुछ घंटों में ***इस वीडियो को मिले सोशल मीडिया पर***

**9.90** अंक
हासिल किए ब्राजील के सर्फर मेडिना ने, ***यह ओलंपिक रेकॉर्ड है***

**सोशल मीडिया पर वायरल**

# ....जब हवा में उड़ने लगा सर्फर

**पेरिस @ पत्रिका.** क्या कभी आपने किसी सर्फर को हवा में उड़ता हुआ देखा है...यह तस्वीर ब्राजील के सर्फर गैब्रियल मेडिना की है, जो पेरिस ओलंपिक में सर्फिंग राउंड-3 में 9.90 अंक का ओलंपिक रेकॉर्ड बनाने का जश्न मना रहे थे। इस दौरान वे हवा में उड़ते हुए लग रहे हैं। उनका यह फोटो जेरोम ब्रोइलेट ने खींचा, जो स्पर्धा कवर कर रहे थे। देखते ही देखते यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

**आज का पोल**

**क्या पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन बैडमिंटन में भारत को पदक दिला सकते हैं?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। X @PatrikaNews

बुधवार का जवाब

हां **95**% नहीं **05**%

***पिछला सवाल:*** क्या मनु भाकर तीसरा पदक जीतकर नया इतिहास रच सकती हैं?

**पेरिस ओलंपिक:** एकल स्पर्धा में भारतीय महिला और पुरुष शटलर का शानदार प्रदर्शन जारी

# बैडमिंटन में कमाल: प्रणय, लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू अंतिम 16 में पहुंचे

**विशेष संवाददाता**
patrika.com

**पेरिस @ पत्रिका.** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया। भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने मेंस सिंगल के ग्रुप स्टेज मैच में वियतनाम के ली डक फाट को 2-1 (16-21,21-11,21-12) से हराकर प्रीक्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पूर्व लक्ष्य सेन और महिला वर्ग में पीवी सिंधू भी प्रीक्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुके हैं। खास यह है कि अंतिम 16 मुकाबले में लक्ष्य सेन और प्रणय आमने-सामने होंगे।

### लगातार दूसरी जीत

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को महिला एकल के ग्रुप-एम के अपने दूसरे मैच में एस्टोनिया की खिलाड़ी क्रिस्टिन कुबा को 21-5, 21-10 से करारी शिकस्त दी और अंतिम-16 में जगह बनाई। ग्रुप-एम में सिंधू की यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले, उन्होंने मालदीव की फातिमाथ नबाहा को हराया था।



### सेन ने नंबर-3 क्रिस्टी को दी मात

**पुरुष** एकल में भारत के लक्ष्य सेन ने दुनिया के नंबर तीन खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराकर बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के नंबर 14 खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने 21-18, 21-12 से जीत हासिल की और अंतिम-16 में जगह पक्की कर ली।



बुधवार को मैच के दौरान शॉट लगातीं पीवी सिंधू। **फोटो-पत्रिका**

***सिंधू ने मनु को लिखा खास संदेश:*** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली शटलर पीवी सिंधू ने दो कांस्य पदक जीतने वाली युवा निशानेबाजी मनु भाकर की प्रशंसा करते हुए उनके लिए खास संदेश लिखा है। सिंधू ने सोशल मीडिया पर लिखा, ***इस प्यारी लड़की का दो ओलंपिक मेडल क्लब में स्वागत है। सोशल मीडिया पर मेरा बचाव करने से लेकर मेरे क्लब का हिस्सा बनने तक... आप एक विशेष प्रतिभा हैं।***

**ओलंपिक अपडेट**

**बैडमिंटन**

### सात्विक-चिराग को क्वार्टरफाइनल में मिला मुश्किल ड्रॉ



सात्विक और चिराग शेट्टी।

**पेरिस@ पत्रिका.** भारत की शीर्ष बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को क्वार्टरफाइनल खेलने के लिए उतरेगी। भारतीय जोड़ी का सामना मलेशिया की विश्व नंबर चार जोड़ी आरोन चिया और सोह वोई यिक से होगा। इस जोड़ी के खिलाफ सात्विक-चिराग ने अब तक 11 मैच खेले हैं और आठ में उसे हार झेलनी पड़ी है।

**टेनिस**

### जोकोविच ने रेकॉर्ड चौथी बार बनाई अंतिम-8 में जगह

**पेरिस@ पत्रिका.** सर्बिया के नोवाक जोकोविच रेकॉर्ड चौथी बार ओलंपिक के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जर्मनी के डोमिनिक कोएफर को 7-5, 6-3 से मात दी। यह जोकोविच के ओलंपिक करियर की 16वीं एकल जीत है। अब जोकोविच की भिड़ंत यूनान के स्टेफानोस सितसिपास से होगी।

**टेबल टेनिस**

## निराशा: मनिका की चुनौती अंतिम-16 राउंड में खत्म

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**पेरिस.** भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का सफर पेरिस ओलंपिक में महिला एकल के अंतिम-16 राउंड में खत्म हो गया। उन्हें जापानी खिलाड़ी मियू हिरानोन के खिलाफ 1-4 से हार झेलनी पड़ी। वहीं, श्रीजा अकुला ने भी अंतिम-16 में जगह बनाई। बुधवार को अपना 26वां जन्मदिन मनाने वाली श्रीजा ओलंपिक के अंतिम-16 में पहुंचने वाली मनिका बत्रा के बाद दूसरी भारतीय खिलाड़ी हैं।



मनिका बत्रा

***श्रीजा ने जेंग जियान को हराया:*** श्रीजा ने राउंड-32 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगापुर की जेंग जियान को 4-2 से शिकस्त दी। अब श्रीजा गुरुवार को शीर्ष वरीय सुन यिंग्शा से भिड़ेंगी।

**शूटिंग:** 50मीटर राइफल थ्री पोजिशन के फाइनल में

## स्वप्निल के पास पदक का मौका

**पेरिस @ पत्रिका.** भारत के पुरुष निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने बुधवार को बेहतरीन प्रदर्शन किया और 50मीटर राइफल थ्री पोजिशन के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में 590 अंक हासिल किए और 7वें स्थान पर रहे।



***राजेश्वरी-श्रेयसी बाहर:*** महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारतीय शूटर राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह ने निराश किया और फाइनल में जगह नहीं बना सकी। क्वालीफिकेशन में राजेश्वरी 22वें व श्रेयसी 23वें स्थान पर रहीं।

**तीरंदाजी:** दीपिका अंतिम-16 में पहुंची



**पेरिस.** भारत की शीर्ष तीरंदाज दीपिका कुमारी ने महिला एकल के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने राउंड-32 में बुधवार को नीदरलैंड्स की तीरंदाज क्विंटी रोफेन को 6-2 से हराया। पुरुष एकल में तरुणदीप को ब्रिटेन के टॉम हाल के खिलाफ राउंड ऑफ 64 में 4-6 से हार झेलनी पड़ी।

## मुक्केबाजी: लवलीना पदक जीतने से एक कदम दूर

**नॉर्वे की सनीवा को हरा अंतिम आठ में बनाई जगह**

**पेरिस.** टोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। वह पदक जीतने से अब सिर्फ एक जीत दूर रह गई हैं। मुक्केबाजी में सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही पदक पक्का हो जाता है। महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना ने प्री-क्वार्टरफाइनल में नॉर्वे की सनीवा हाफस्टेड को 5-0 से करारी शिकस्त दी।



**03**
स्वर्ण पदक चीन ने **अब तक डाइविंग और शूटिंग में सर्वाधिक जीते हैं**

**ओलंपिक पदक तालिका**

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 08 | 06 | 02 | 16 |
| 2. | ऑस्ट्रेलिया | 07 | 04 | 03 | 14 |
| 3. | जापान | 07 | 03 | 04 | 14 |
| 4. | फ्रांस | 06 | 09 | 07 | 22 |
| 38 | भारत | 00 | 00 | 02 | 02 |

*तालिका बुधवार रात तक की है*

**ओलंपिक से जुड़े किस्से**

## फाइनल में ध्यानचंद की स्टिक का जादू, भारत ने जीता पहला स्वर्ण पदक



1928 ओलंपिक गेम्स के दौरान मेजर ध्यानचंद (दाएं)।

1928 *ओलंपिक खेलों का आयोजन नीदरलैंड्स के शहर एम्सटर्डम में हुआ। इसी ओलंपिक से भारतीय हॉकी का जादू पूरी दुनिया पर चला और भारत ने फाइनल में मेजबान नीदरलैंड्स को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह भारत का हॉकी में पहला स्वर्ण पदक था। फाइनल में भारत की ओर से मेजर ध्यानचंद ने सर्वाधिक दो गोल ठोके और इस स्वर्णिम जीत के हीरो बने।*

**दिग्गज की राय:** पेरिस में खुलेगा पदक का खाता

## भारतीय मुक्केबाजों को सकारात्मक सोच के साथ उतरने की जरूरत



**विशेष कॉलम**
**अखिल कुमार**
पूर्व ओलंपियन मुक्केबाज

पेरिस ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों की शुरुआत उम्मीदों के मुताबिक नहीं रही। पुरुष वर्ग में अमित पंघल और महिला वर्ग में जैस्मीन लम्बोरिया व प्रीति पवार हार के साथ पदक की होड़ से बाहर हो गई। लेकिन भारतीय मुक्केबाजी दल को अभी निराश होने की जरूरत नहीं है। खेलों में कभी निराशा तो कभी खुशी के पल आते रहते हैं, ऐसे में भारतीय दल के बाकी मुक्केबाजों को अपने मुकाबले में सकारात्मक सोच के साथ उतरने की जरूरत है।

मुक्केबाजी में अभी भारत के पदक जीतने की उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं। टोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन लगातार दूसरा पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। उनके खेल में आक्रामकता दिखी और साथ ही उन्होंने शुरुआत से ही विपक्षी मुक्केबाज पर जिस तरह से दबाव बनाया, वो दिखाता है कि वह किस मजबूत सोच के साथ इन खेलों में उतरी हैं। उम्मीद है कि वे आगामी बाउट में भी इसी लय को कायम रखेंगी और देश को पदक दिलाएंगी।

निकहत जरीन भी महिला वर्ग में पदक की प्रमुख दावेदार हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया है। उन्हें राउंड-16 में चीन की मुक्केबाज वू यू का सामना करना है। मुझे पूरा भरोसा है कि वे आसानी से जीत हासिल कर लेंगी। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि जरीन का आत्मविश्वास गजब का है। उन्होंने 2022 में कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में पदक जीता है जबकि 2023 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं हैं।

जो मुक्केबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। वह अपने खेल पर चिंतन करें और भविष्य के लिए तैयारियों में जुट जाएं।

**चिंताजनक** // पेरिस में 35 डिग्री सेल्सियस तापमान, आगामी दिनों में और बढ़ने की संभावना

# तेज गर्मी से एथलीटों का बुरा हाल, सैलानी भी तपे

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**पेरिस.** क्या पेरिस ओलंपिक इतिहास के सबसे गर्म खेल साबित होंगे? यदि मौसम वैज्ञानियों की मानें तो यह संभव हो सकता है क्योंकि पेरिस में इन दिनों पड़ रही तेज गर्मी से ना सिर्फ एथलीटों का बुरा हाल है बल्कि यहां आने वाले दुनियाभर के सैलानी भी तप रहे हैं। मौसम वैज्ञानियों ने चेताते हुए कहा कि यह जलवायु परिवर्तन का गंभीर नतीजा है। आने वाले समय में यह गर्मी खतरनाक रूप ले सकती है और इससे एथलीटों की जान को खतरा भी हो सकता है।



मैच के दौरान गर्मी से परेशान ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर।

***एथलीटों के लिए जानलेवा हो सकती है गर्मी***

गर्मी और उमस एथलीटों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है, और इससे एथलीटों के प्रदर्शन में भी गिरावट आ सकती है। विशेषज्ञों के तहत, अत्याधिक गर्मी से एथलीटों की त्वचा झुलस सकती है और हीट स्ट्रोक आने की संभावना बढ़ जाती है।

## टोक्यो का टूट सकता है रेकॉर्ड

**रिपोर्ट** की माने तो पेरिस में टोक्यो ओलंपिक 2020 का रेकॉर्ड टूट सकता है, जो इतिहास का सबसे गर्म ओलंपिक खेल माना गया। टोक्यो में 34 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा का तापमान था और फिनिशिंग लाइन पर कई धावक बेहोश हो गए। टेनिस कोर्ट पर भी खिलाडियों का बुरा हाल था। मैदान पर आयोजकों को बेहोश खिलाडियों को ले जाने के लिए व्हीलचेयर का इंतजाम करना पड़ा।

***पेरिस में पिछले 100 साल में बढ़ा करीब 5.30 डिग्री तापमान:*** पेरिस में पिछली बार ओलंपिक खेलों का आयोजन 1924 में हुआ था, तब यहां का तापमान अब से करीब साढ़े पांच डिग्री कम था। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान में मौसम की अनियमितताएं खेलों के आयोजन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई हैं।

***फ्रांस में 2003 में गर्मी से गई थी 14,000 लोगों की जान:*** फ्रांस को 2003 में इसी समय (जुलाई-अगस्त) के दौरान भयंकर हीटवेव का सामना करना पड़ा था। इसमें 14 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई थी। पेरिस में भी सैकड़ों लोग मरे थे।



**पेरिस** में गर्मी से निजात पाने की कोशिश करती एक पर्यटक।

## पत्रिका पोल

Q क्या हमास के टॉप लीडर के खात्मे से इजरायल-हमास संघर्ष और भड़केगा?

**कल का सवाल था**

बार-बार हो रही रेल दुर्घटना के चलते क्या रेलवे के सुरक्षा तंत्र की समीक्षा करने की जरूरत है?

**जवाब**

93% हां 03% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### महाराष्ट्र नरेश गोयल की अंतरिम जमानत बढ़ी

**मुंबई @ पत्रिका.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को धन शोधन मामले में आरोपी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल (75) की चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत दो महीने के लिए बढ़ा दी। न्यायाधीश एनजे जामदार ने कहा, जमानत की अवधि बीमारी का इलाज करवाने के लिए बढ़ाई गई है। गोयल की जमानत अवधि दूसरी बार बढ़ाई गई है।

### दिल्ली अदाणी की केरल को 5 करोड़ की मदद

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** अदाणी उद्योग समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन में जन-धन की भारी क्षति पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में मदद के लिए राज्य के मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में अपनी तरफ से पांच करोड़ रुपए का अंशदान देने की घोषणा की हैं।

### उत्तराखंड भूस्खलन से 36 लिंक रोड बाधित



**चमोली @ पत्रिका.** कर्णप्रयाग के पास पोखरी गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के मलबे में फंसा वाहन। चमोली में भूस्खलन के कारण बद्रीनाथ हाई-वे सहित 36 लिंक मार्ग बाधित हो गये हैं।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### इराक अमरीकी हवाई हमले में चार की मौत

**बगदाद @ पत्रिका.** अमरीकी सेना ने बुधवार को उन लड़ाकों पर 'रक्षात्मक' हवाई हमला किया, जो अमरीकी और सहयोगी सैनिकों के लिए खतरा माने जाने वाले ड्रोन लॉन्च करने का प्रयास कर रहे थे। इराकी सूत्रों के अनुसार, इस हमले में चार लोगों की मौत हुई है, यह फरवरी के बाद से इराक में अमरीकी सेना द्वारा किया गया पहला हमला है। अमरीकी सेना ने कहा कि बेबीलोन प्रांत में एक रक्षात्मक हवाई हमला में एकतरफा हमला करने वाले मानव रहित हवाई सिस्टम लॉन्च करने का प्रयास करने वाले लड़ाकों को निशाना बनाया गया।

### म्यांमार सैन्य सरकार ने 6 माह बढ़ाई इमरजेंसी

**यंगून @ पत्रिका.** म्यांमार की संकटग्रस्त सैन्य सरकार ने बुधवार को आपातकाल की स्थिति को छह महीने के लिए और बढ़ा दिया है। सरकारी मीडिया के जरिए सैन्य सरकार के हवाले से यह जानकारी दी गई है। दूसरी ओर हाल के दिनों में म्यांमार के अय्यरवाडी क्षेत्र के पैंटानाव और क्योंप्याव टाउनशिप में भारी बाढ़ के कारण कुल 113 बुनियादी शिक्षा स्कूल अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं।

### तुर्की आवारा कुत्तों को मारने का विधेयक पारित

**अंकारा @ पत्रिका.** देश में आवारा कुत्तों की संख्या से निपटने के लिए तुर्की की संसद ने बुधवार को एक विधेयक पारित कर दिया। सरकार का अनुमान है कि तुर्की में करीब 40 लाख आवारा कुत्ते हैं। कानून के अनुसार नगरपालिकाओं के लिए आवश्यक होगा कि आवारा कुत्तों को इकट्ठा करें, उन्हें आश्रय स्थलों में रखें। उनकी नसबंदी, बंध्यीकरण और टीकाकरण करें। हालांकि, चिंता है कि बीमार कुत्तों को मार दिया जाएगा।

### सिंगापुर टिकटॉक : विषाक्त भोजन से 60 बीमार

**सिंगापुर @ पत्रिका.** टिकटॉक की मूल चीनी कंपनी बाइटडांस के सिंगापुर स्थित कार्यालय में सामूहिक खाद्य विषाक्तता की एक घटना के कारण गैस्ट्रोएंटेराइटिस के लक्षणों के साथ 60 लोग बीमार पड़ गए। कई लोगों को पेट में दर्द और उल्टी होने लगी। घटना के बाद कम से कम 57 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लोगों के इलाज के लिए इमारत परिसर में 17 एम्बुलेंस आईं।

### पाकिस्तान उप प्रधानमंत्री डार ईरान दौरे पर

**इस्लामाबाद @ पत्रिका.** पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ईरान की यात्रा पर गए हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बताया कि डार ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए ईरान गए हैं।

## आशंका : हमास चीफ के अंत के साथ पश्चिम एशिया में हो सकता है नई जंग का आरंभ

# इजरायल के दुश्मन नं. 1 का तेहरान में सफाया



### दो दुश्मन देश ईरान और लेबनान की राजधानियों में 12 घंटे के अंदर ही दो टारगेट को बनाया इजरायल ने निशाना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**तेलअवीव.** इजरायल पर सबसे बड़े हमले का जिम्मेदार इस्माइल हानिया मंगलवार देर रात एक एयर स्ट्राइक में बॉडीगार्ड समेत मारा गया। मिसाइल ईरान के बाहर से दागी गई। हमले के समय वह राजधानी तेहरान में राष्ट्रपति भवन के पास ही बेहद सुरक्षित इलाके में रुका हुआ था। हानिया यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के शपथ समारोह में भाग लेने पहुंचा था। मौत से कुछ ही घंटे पहले हानिया ने शपथ समारोह में शिरकत की थी और ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई से भी मुलाकात की थी।

ईरान ने इस मिसाइल हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है और बदला लेने की कसम खाई है। खामेनेई ने कहा, हमारी सीमा में हुई दुखद घटना का बदला लेना हमारा कर्तव्य है। हमास ने भी अपने मुखिया के मारे जाने के बाद भीषण बदला लेने की बात कही है। ईरान ने इस हमले के लिए अमरीका को भी जिम्मेदार ठहराया। इजरायल ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमले के बाद इजरायल में हाईअलर्ट है और सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हैं। रूस और चीन ने हमले की निंदा की है और इससे मध्यपूर्व में शांति के प्रयासों को बेपटरी होने का खतरा जताया है, वहीं अमरीकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट से फोन पर बात की है और मदद का आश्वासन दिया है।

### हमले की रात ईरान में थे गडकरी





पेजेश्कियान के शपथ समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी थे यहां मौजूद। ताली बजाते हुए हमास चीफ।

### कैसे और कब मारा गया हमास चीफ

## वह सब जो आप जानना चाहते हैं

■ ***कितने बजे और कहां से हुआ हमला :*** हमास चीफ पर हमला ईरान के बाहर से एक प्रिसिजन गाइडेड प्रोजेक्टाइटल मिसाइल के जरिए हुआ। हानिया के मारे जाने की जानकारी सबसे पहले ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने देते हुए कहा कि हानिया के निवास पर एक एयर स्ट्राइक में उनकी मौत हो गई। स्ट्राइक रात के करीब दो बजे हुई।

■ ***हमले के लिए ईरान को क्यों चुना गया :*** हमास चीफ सामान्यता कतर और तुर्की में रहता है। कतर के साथ इजरायल का समझौता है कि वह उसकी जमीन पर किसी सैन्य कार्रवाई को अंजाम नहीं देगा। तुर्की नाटो देश है और उस पर हमला नाटो पर हमला माना जाएगा। ऐसे में ईरान सबसे सुरक्षित टारगेट था।

■ ***कौन सी मिसाइल का हुआ इस्तेमाल:*** हानिया को मारने में काइनेटिक मिसाइल का इस्तेमाल हुआ। अमरीका के जरिए इजरायल के पास यह तकनीक आई है। इसमें जमीन पर मौजूद सैनिक लेजर से उस निशाने को इंगित करता है, जहां हमला होना है। इस मिसाइल से निशाना सटीक और आवाज कम होती है। अब हमले के बाद ईरान यह नहीं कह सकता कि उसके नागरिकों का मारा गया।

### हमें हमले की जानकारी नहीं थी : अमरीका

**अमरीका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमरीका को हानिया पर हमले की कोई जानकारी नहीं थी। ब्लिंकन ने कहा, हमारा फोकस गाजा में जंग को रोकना है। हम सीजफायर के लिए लगातार कोशिश करते रहेंगे। ब्लिंकन ने, मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने के खतरे के बीच कतर के प्रधानमंत्री अल थानी से भी फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने लेबनान की राजधानी बेरूत में एक दिन पहले हिजबुल्ला के दूसरे नंबर के कमांडर के इजरायली हमले में मारे जाने और तेहरान में हुए मिसाइल हमले पर चर्चा की।

### इजरायल: शुक्राणु फ्रीज करने की मांग

## जंग में जान गंवाने वालों से संतति की बढ़ी चाह

**यरूशलम @ पत्रिका.** गाजा और इजरायल में जंग के दौरान ऐसे माता-पिता की संख्या बढ़ी है जो लड़ाई में मारे गए अपने बेटों के शवों से शुक्राणु (स्पर्म) निकाल कर उन्हें फ्रीज करने की मांग कर रहे हैं।

इजरायली स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक 170 मृत नागरिकों और सैनिकों से स्पर्म प्राप्त किए गए हैं। यह पिछले वर्ष की तुलना में 15 गुना अधिक हैं। शोकग्रस्त परिवारों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नियमों में कुछ ढील दी गई है, लेकिन परिवार अभी भी लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से निराश हैं। इजरायली सांसद भी इस संबंध में एक कानून लाने के प्रयास में है।

### 72 घंटे जिंदा रह सकते हैं स्पर्म सेल्स

**इस** प्रक्रिया में अंडकोष में एक चीरा लगाकर ऊतक का एक छोटा टुकड़ा निकाला जाता है, जिससे जीवित स्पर्म सेल्स को प्रयोगशाला में अलग करके जमाया यानी फ्रोजन किया जा सकता है। स्पर्म सेल्स को पुन: प्राप्त करने की सफलता दर सबसे अधिक होती है यदि यह कार्य मृत्यु के 24 घंटे के भीतर किया जाए, हालांकि वे 72 घंटे तक जीवित रह सकते हैं।

### कुंवारे पुरुषों के परिवारों को परेशानी

**अक्टूबर** में स्पर्म निकालने की प्रक्रिया का उपयोग करने के लिए कोर्ट से अनिवार्य अनुमति हटा दी गई। हालांकि, मृतक की पत्नी या माता-पिता जो बच्चे के गर्भाधान में इसका उपयोग चाहते हैं, उन्हें कोर्ट में यह साबित करना होगा कि मृत व्यक्ति बच्चे पैदा करना चाहता था। उधर, कुंवारे पुरुषों की सहमति का स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं होता, इसलिए उनके परिवार स्पर्म फ्रीज करवा सकते हैं, लेकिन निषेचन के लिए इसका उपयोग नहीं कर सकते।

### जब मृत बेटे के स्पर्म से जन्मी पोती

**इजरायल** में अपने मृत बेटे के शुक्राणु को संरक्षित करने और उपयोग करने वाले पहले माता-पिता राहेल और याकोव कोहेन थे, जिनके सैनिक बेटे कीवन को 2002 में गाजा पट्टी में एक फिलिस्तीनी स्नाइपर ने गोली मार दी थी। उसके शुक्राणु से पैदा हुई उसकी बेटी ओशर अब 10 वर्ष की हो गई है। ओशर को पता है कि उसके पिता की सेना में सेवा करते समय मृत्यु हो गई थी।

## ट्रंप से सामना : डेमोक्रेटिक पार्टी को अब भारतवंशी कमला पर ही है भरोसा

**चुनावी रैली**

हैरिस ने दी ट्रंप को सीधे डिबेट की चुनौती

अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव 2024



हैरिस को 99 फीसदी डेलीगेट का मिला समर्थन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अटलांटा.** अमरीका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी से कमला हैरिस इकलौती उम्मीदवार के तौर पर उभरी हैं। उनके अलावा किसी भी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को नामांकन के जरूरी 300 डेलीगेट का समर्थन नहीं मिला है।

वहीं, डेमोक्रेट पार्टी के 3923 डेलीगेट ने राष्ट्रपति पद के तौर पर नामांकन भरने के लिए कमला हैरिस का समर्थन किया है। यानी हैरिस को कुल 99 फीसदी डेमोक्रेटिक डेलीगेट्स का समर्थन मिला है।

### ई-मतदान से लगेगी हैरिस के नाम पर मुहर

**डेमोक्रेटिक** नेशनल कमेटी (डीएनसी) के अध्यक्ष जैमी हैरिसन और डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन कमेटी (डीएनसीसी) के अध्यक्ष मिनियन मूरे ने एक संयुक्त बयान में कहा कि पार्टी की आंतरिक मतदान प्रक्रिया से पहले किसी उम्मीदवार को नामांकन के लिए जरूरी समर्थन नहीं मिला है। बयान में आगे कहा गया है कि पार्टी की आंतरिक ई-मतदान प्रक्रिया के जरिए हैरिस आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बन जाएंगी। यह पूरी प्रक्रिया एक से पांच अगस्त तक चलेगी।

### कमला की ट्रंप को सीधे चुनौती

## जो कहना है मुंह पर कहकर दिखाएं

वहीं, लगातार कई सर्वेक्षणों में मिल रही बढ़त से उत्साहित कमला हैरिस ने ट्रंप को उनसे आमने-सामने बहस करने की चुनौती दी है। अटलांटा में हुई अब तक सबसे बड़ी रैली में कमला ने ट्रंप को सीधे चुनौती दे डाली। कमला ने ट्रंप पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मेरे पीछे बयानबाजी करने के बजाए ट्रंप को जो कहना है वो मेरे मुंह पर कह कर दिखाएं। हैरिस ने कहा, ट्रंप सामने आएं और मुझसे बहस करें। हैरिस ने कहा, हम इस दौड़ में कमजोर नहीं हैं।

***डेमोक्रेट्स में जगी उम्मीद...*** डेमोक्रेट्स को उम्मीद है कि जॉर्जिया के अटलांटा में रैली के बाद इस राज्य में एक बार फिर उन्हें जीत मिल सकती है। राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी रेस से ना हटने तक यह मुश्किल लग रहा था। खचाखच भरे मैदान में लगभग 10,000 लोगों के बीच करीब 20 मिनट भाषण दिया और दावा किया है कि अमरीकी ट्रंप की विफल नीतियों की ओर वापस नहीं जाएंगे।

### कांवड़ यात्रा : कांवड़ियों का साथ दे रहे वाहन, जरूरी सामान साथ लेकर चलने में आसानी




**हरिद्वार@ पत्रिका.** सावन महीने के दौरान एक कांवड़ यात्रा का दृश्य। देशभर से कांवड़िए भगवान शिव के अभिषेक के लिए अपने पात्रों में गंगाजल लेने हरिद्वार उमड़ रहे हैं। समूह में निकले कांवड़िए अपने साथ खाने-पीने आदि सामान रखने के लिए ट्रक-ट्रैक्टर जैसे वाहन भी लेकर चल रहे हैं।

### रोडरेज : दंपती को गोली मारी, महिला की मौत

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** गोकुलपुरी इलाके में बुधवार को रोडरेज के दौरान स्कूटी सवार बदमाश ने बाइक सवार दंपती पर गोली चला दी। बाइक के पीछे बैठी महिला सिमरनजीत कौर (30) के गोली लगी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। हमले के बाद स्कूटी सवार मौके से फरार हो गया। महिला का पति हीरा सिंह बाइक पर बैंक जा रहा था, इस दौरान स्कूटी सवार से कहासुनी हो गई। वह सराय काले खां गुरुद्वारे में सुपरवाइजर का काम करता है।

### राहत नहीं : अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया व बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत बुधवार को बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तीनों की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ा दी। वहीं, इसी से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सिसोदिया और के. कविता की न्यायिक हिरासत अवधि नौ अगस्त तक बढ़ा दी।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### बलूचों के समर्थन में उतरीं मलाला

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान में जबरन गायब किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे बलूच लोगों को नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने समर्थन दिया है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर हिंसात्मक हमलों की भी निंदा की।

### ईरान: 73 वर्षीय उपराष्ट्रपति से निराशा

**ईरान** के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने 73 वर्षीय 'सुधारवादी' राजनीतिज्ञ मोहम्मद-रजा अरेफ को अपना उपराष्ट्रपति नियुक्त किया है। इसके लिए उनकी आलोचना हो रही है। पेजेश्कियान ने युवा मंत्रिमंडल बनाने का वादा किया था।



### मार्कल को डायना के गहने पहनने से रोका

**ब्रिटेन** के शाही परिवार में आपसी अनबन के बीच एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, शादी के दौरान प्रिंस विलियम ने मार्कल को अपनी मां राजकुमारी डायना के गहने पहनने से रोक दिया था।



# ड्रोन दीदी ने 6 माह में कमाए 1 लाख रुपए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** बनासकांठा की 'ड्रोन दीदी' के नाम से चर्चित आशा बेन ने पढ़ी लिखी महिलाओं के लिए स्व रोजगार से पैसा कमाने के क्षेत्र में एक बहुत अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

डीसा तहसील के तालेपुरा गांव की रहने वालीं 31 वर्षीय मेकेनिकल इंजीनियर आशा ने सरकार से प्रशिक्षण लेकर आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन की मदद से कीटनाशक के छिड़काव का काम शुरू किया। अब वह छह महीने में एक लाख रुपए से अधिक की कमाई कर रहीं हैं।

### बड़े शहरों से भी मिलने लगे ऑर्डर

**'ड्रोन** दीदी' को अहमदाबाद से लेकर अब सुरेन्द्रनगर तक के किसानो के फोन आ रहे हैं। आशापुरी सखी मंडल संचालित करने वाली आशा बेन कई अन्य सखी मंडलों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।



### 7 मिनट में 1 एकड़ क्षेत्र में छिड़काव

ड्रोन से कीटनाशकों के छिड़काव से समय और पैसे दोनों की बचत होती है। दवाई और पानी की मात्रा कम रहती है। छिड़काव उचित तरीके से होता है। एक ड्रोन सात मिनट के भीतर एक एकड़ क्षेत्र में छिड़काव कर सकता है। ड्रोन से छिड़काव कराने वाले किसानों का आई-खेडूत पोर्टल पर पंजीकरण किया जाता है।

***नमो ड्रोन दीदी योजना से संबल...*** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन के उपयोग से महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2023 से 'नमो ड्रोन दीदी' योजना लागू की। इसका उद्देश्य ड्रोन के जरिए खाद और कीटनाशकों का छिड़काव करना सिखाना है। आशा ने भी इसी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

# एलर्जी मिटाने बच्चों को खिलाएंगे मूंगफली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सिडनी.** मूंगफली से एलर्जी वाले बच्चों को एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत जीवन रक्षक उपचार प्रदान किया जाएगा, जिसे विश्व में पहली बार लागू किया जा रहा है।

ऑस्ट्रेलियाई सरकारी अस्पतालों में इस कार्यक्रम का निःशुल्क उपलब्ध होना एक क्रांतिकारी कदम बताया जा रहा है। पात्र शिशुओं को उनकी सहनशीलता बढ़ाने के लिए दो वर्ष तक तय मात्रा में मूंगफली पाउडर की दैनिक खुराक दी जाएगी। दो वर्ष बाद जांचा जाएगा कि उपचार से एलर्जी में राहत मिली है या नहीं।

दो साल तक खिलाया जाएग तय मात्रा में मूंगफली पाउडर, फिर किया जाएगा एलर्जी टेस्ट



### पहल में सरकार का साथ दे रहे माता-पिता

**एक** 9 माह के बच्चे को पीनट बटर खाने के बाद पित्ती निकलने लगी। उसकी मां ने कहा, हम इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं ताकि भविष्य में बच्चे के सुरक्षित रूप से मूंगफली खाने की संभावना को बढ़ाया जा सके। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 12 महीने की उम्र तक 3% ऑस्ट्रेलियाई बच्चों को मूंगफली से एलर्जी हो जाती है। इनमें से 20% ही किशोरावस्था तक अपनी एलर्जी से उबर पाते हैं।

### यहां दुनिया में सबसे अधिक फूड एलर्जी दर

**नेशनल** एलर्जी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ओरल इम्यूनोथेरेपी की प्रमुख किर्स्टन पेरेट ने कहा कि यह पहला राष्ट्रीय मूंगफली एलर्जी उपचार कार्यक्रम है, जो क्लिनिकल परीक्षण से अलग किया जा रहा है। आस्ट्रेलियाई बच्चों में खाद्य एलर्जी की दर विश्व में सबसे अधिक है। आंकड़ों से पता चला है कि देश में लगभग 20 प्रतिशत आबादी को एलर्जी संबंधी रोग है। अनुमान है कि 2050 तक यह आंकड़ा 70 प्रतिशत बढ़ जाएगा, जिससे 77 लाख आस्ट्रेलियाई प्रभावित होंगे।

'स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन। सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी'